राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 03
लखनऊ, शुक्रवार 11 सितम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सीएचसी पर ई-विन और ई-कवच पोर्टल का दिया प्रशिक्षण 10

'सेवा संकल्प अभियान' बनेगा विकसित भारत का जनसंकल्प 03

## आईआरसीटीसी धनशोधन मामला
## लालू, राबड़ी समेत नौ पर आरोप तय



एजेंसी, नई दिल्ली।

आईआरसीटीसी के रांची और पुरी स्थित होटलों के टेंडर में कथित अनियमितता से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव समेत नौ आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया। अदालत ने सात अन्य आरोपितों को मामले से आरोपमुक्त कर दिया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने मामले की अगली सुनवाई के लिए तीन अक्टूबर की तारीख तय की है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस मामले में कुल 16 व्यक्तियों और कंपनियों को आरोपित बनाया था। एजेंसी का मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी पर आधारित है।

आरोप है कि वर्ष 2004 से 2009 के बीच लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते आईआरसीटीसी के दो होटलों के संचालन और रखरखाव के ठेके देने में निर्धारित प्रक्रिया की अनदेखी की गई और निजी कंपनी को लाभ पहुंचाया गया।

# गोमती का जलस्तर बढ़ने से बढ़ी चिंता, यूपी के 26 जिले बाढ़ की चपेट में

**आफत**
- बीकेटी के दर्जनों गांवों में खेत डूबे
- फसलें बर्बाद होने से किसान परेशान
- 36 जिलों में बारिश का अलर्ट आज भी



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

प्रदेश में बारिश और नदियों के बढ़ते जलस्तर ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। राजधानी लखनऊ में गोमती नदी का पानी लगातार बढ़ने से बख्शी का तालाब क्षेत्र के दर्जनों गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं।

सुल्तानपुर, बहादुरपुर, राजापुर, अकरिया कला, लासा, जमखनवा और दूघरा लासा समेत कई गांवों में नदी का पानी खेतों तक पहुंच गया है। सैकड़ों बीघा में खड़ी धान, गन्ना और सब्जियों की फसलें जलमग्न हैं। ग्रामीणों को आशंका है कि जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो अगले एक-दो दिन में पानी गांवों और घरों तक पहुंच सकता है।

कई गांवों के संपर्क मार्गों पर भी पानी भरने से आवागमन प्रभावित हुआ है। बहादुरपुर और राजापुर के ग्रामीणों ने जलभराव के साथ पेयजल संकट और दुर्गंध की शिकायत की है। पानी में सांप-बिच्छू आने का खतरा भी बना हुआ है।

खेतों में लंबे समय तक पानी भरा रहने से किसानों को फसल बर्बाद होने और भारी आर्थिक नुकसान की चिंता सताने लगी है।

स्थिति की जानकारी मिलने पर एसडीएम बीकेटी आकाश और तहसीलदार प्रभावित गांवों में पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर मौके की स्थिति देखी और प्रभावित किसानों से फसल नुकसान की जानकारी तहसील में देने को कहा। एसडीएम ने बताया कि नुकसान का आकलन कराया जाएगा और शासन के नियमों के अनुसार पात्र किसानों को सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने भी प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सकीय टीम और जरूरी दवाओं की व्यवस्था का भरोसा दिया है।

### प्रदेश में चार लाख लोग प्रभावित

प्रदेश में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। करीब 26 जिले बाढ़ की चपेट में हैं और चार लाख से अधिक लोग प्रभावित बताए जा रहे हैं। गुरुवार को प्रदेश के 36 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि 22 जिलों में तेज बारिश की संभावना है। बीते 24 घंटे में 32 जिलों में 2.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। एक जून से अब तक प्रदेश में 651.5 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है, जो मानसून के सामान्य कोटे के बराबर है। घाघरा नदी के उफान से गोंडा में करीब 30 गांवों की 25 हजार आबादी बाढ़ से घिरी है। बाराबंकी में सरयू का पानी घरों तक पहुंच गया है। बरेली में रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से प्राचीन मंदिर के डूबने की सूचना है। लगातार बारिश और नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन प्रभावित जिलों में निगरानी बढ़ा रहा है।

### कई राज्यों में बारिश और बाढ़ का असर

देश के कई हिस्सों में बारिश और नदियों के उफान से जनजीवन प्रभावित है। बिहार में गंगा, कोसी और गंडक समेत कई नदियां उफान पर हैं। राज्य के 14 जिलों में करीब 43 लाख लोग प्रभावित बताए गए हैं। उत्तराखंड के नैनीताल, अल्मोड़ा और केदारघाटी समेत पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश और धुंध का दौर जारी है।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,55,660/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,42,700/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,15,970/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,55,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### पाक को 19-0 से रौंदकर भारत सेमीफाइनल में

**मोक्की (चीन)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने जूनियर एशिया कप के क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान को 19-0 से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह पाकिस्तान के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी जीत है। भारत ने पहले हाफ में 10 गोल किए। पूजा मलिक ने 49वें और 51वें मिनट में गोल कर हैट्रिक पूरी की और प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं। भारत ने 18 पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया। पाकिस्तान को एक भी गोल का मौका नहीं मिला। सेमीफाइनल में भारत का सामना दक्षिण कोरिया या मलेशिया से 12 सितंबर को होगा।

### नेपाल को भारत ने भेजी राहत की आठवीं खेप

**काठमांडू।** नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से मची तबाही के बीच भारत ने 35 टन राहत सामग्री की आठवीं खेप भेजी है। भारतीय वायुसेना का विमान राहत सामग्री लेकर बुधवार रात काठमांडू पहुंचा। इसके साथ नेपाल को भारत की ओर से भेजी गई राहत सामग्री 130 टन से अधिक हो गई है। बाढ़ में अब तक 1367 शव बरामद किए जा चुके हैं और बड़ी संख्या में लोग लापता हैं। प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव अभियान जारी है। भारत ने संकट की इस घड़ी में नेपाल को हरसंभव मानवीय सहायता देने की प्रतिबद्धता जताई है।

### डेटिंग एप के जरिये एचआईवी का जाल

**प्रयागराज।** सोशल साइट और डेटिंग एप के जरिये युवाओं को कथित तौर पर एचआईवी संक्रमण के जोखिम में डालने के 12 मामले सामने आए हैं। एसआरएन अस्पताल में काउंसलिंग के दौरान युवाओं ने आर्थिक मदद का भरोसा देकर असुरक्षित संबंध के लिए तैयार करने के आरोप लगाए। कुछ मामलों में संक्रमित होने के बाद संपर्क करने पर मोबाइल बंद मिले। आंकड़ों के अनुसार 2023-24 में आठ, 2024-25 में 10 और 2025-26 में 12 मामले सामने आए। अप्रैल से जुलाई 2026 के बीच ही 10 मामले सामने आने की बात कही गई है। चिकित्सकों ने जोखिम वाले संपर्क के बाद समय पर जांच और परामर्श की सलाह दी है।

### भाजपा के सात राष्ट्रीय मोर्चों के प्रभारी घोषित

**नई दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को सात राष्ट्रीय मोर्चों के प्रभारियों की नियुक्ति की। बस्ती के पूर्व सांसद और राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी को युवा मोर्चा का प्रभारी बनाया गया है। सतीश पूनिया को एसटी, डी. पुरंदेश्वरी को महिला, संजय भाटिया को एससी, बैजयंत पांडा को ओबीसी, लाल सिंह आर्या को किसान और गजेंद्र पटेल को अल्पसंख्यक मोर्चे की जिम्मेदारी दी गई है। हरीश द्विवेदी 2014 और 2019 में बस्ती से लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। आगामी चुनाव को लेकर भाजपा की ओर से तमाम बदलाव किये जा रहे हैं ताकि आमजन के बीच में सरकार का विकास का मॉडल पहुंच सके।

## ब्रिक्स समिट के लिए तैयार भारत : जिनपिंग-पुतिन आएंगे भारत, प्रधानमंत्री से होगी मुलाकात

# एक मंच-11 देश, ट्रंप की भी नजर

- गलवान के बाद पहली बार भारत आएंगे शी जिनपिंग
- 11 सितंबर को मोदी-पुतिन की बैठक
- 12-13 सितंबर को दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

एजेंसी, नई दिल्ली।




भारत में होने जा रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले दुनिया की निगाहें नई दिल्ली पर टिक गई हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दोनों भारत पहुंच रहे हैं। चीन ने गुरुवार को जिनपिंग की भारत यात्रा की आधिकारिक पुष्टि कर दी।

पुतिन के भारत आने की पुष्टि पहले ही हो चुकी है। पुतिन 11 सितंबर को दिल्ली पहुंचेंगे, जबकि जिनपिंग 12 सितंबर को भारत आएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पुतिन के बीच शुक्रवार को द्विपक्षीय बैठक होगी। वहीं, मोदी और जिनपिंग के बीच अलग बैठक होने की संभावना पर भी दुनिया की नजर है।

### तीन दिन, तीन बड़े कूटनीतिक पड़ाव

- **11 सितंबर:** पुतिन दिल्ली पहुंचेंगे और प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।
- **12 सितंबर:** जिनपिंग भारत पहुंचेंगे। भारत मंडपम में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का पहला दिन होगा। मोदी-जिनपिंग संभावित मुलाकात पर नजर रहेगी।
- **12-13 सितंबर:** ब्रिक्स नेताओं की बैठकें, विस्तारित सत्र और प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर चर्चा।
- **13 सितंबर:** शिखर सम्मेलन का समापन और नई दिल्ली घोषणापत्र की संभावना।

युद्ध, प्रतिबंध, व्यापारिक बाधाओं और पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच वैश्विक व्यवस्था में बढ़ती उथल-पुथल के दौर में 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पर दुनिया की नजर है। भारत मंडपम में होने वाले 18वें शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स के 11 सदस्य देश शामिल होंगे। इन देशों में दुनिया की करीब आधी आबादी रहती है और वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी इनकी बड़ी हिस्सेदारी है। ऐसे में इस मंच की कूटनीतिक और रणनीतिक अहमियत लगातार बढ़ी है।ब्रिक्स में बढ़ती सदस्य संख्या और बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच इस सम्मेलन को भारत की संतुलित कूटनीति की परीक्षा के रूप में भी देखा जा रहा है। खासकर ऐसे समय में जब अमेरिका, चीन, रूस और पश्चिम एशिया से जुड़े मुद्दों पर दुनिया में नए ध्रुवीकरण के संकेत दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि दिल्ली में होने वाली बैठकों और संभावित द्विपक्षीय मुलाकातों पर भी अमेरिका समेत प्रमुख देशों की नजर रहेगी।

जिनपिंग का भारत दौरा इसलिए खास है क्योंकि 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी। उनका पिछला भारत दौरा अक्टूबर 2019 में हुआ था। तब महाबलीपुरम में मोदी और जिनपिंग के बीच अनौपचारिक शिखर वार्ता हुई थी। गलवान की घटना के बाद दोनों देशों के संबंधों में भारी तनाव आया और सीमा विवाद के साथ व्यापार तथा निवेश के मोर्चे पर भी रिश्ते प्रभावित हुए। रूस भारत का लंबे समय से रणनीतिक साझेदार रहा है। ऐसे समय में जब वैश्विक राजनीति में बड़े बदलाव हो रहे हैं, मोदी-पुतिन की मुलाकात को दोनों देशों के रिश्तों के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली के भारत मंडपम में होगा। भारत इस वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है।

### मोदी-जिनपिंग बातचीत से उम्मीदें

ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान मोदी-जिनपिंग की संभावित मुलाकात को भारत-चीन संबंधों में आगे की दिशा के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, इस द्विपक्षीय बैठक की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इसलिए इसे तय बैठक के बजाय संभावित बातचीत के रूप में ही देखा जा रहा है। रॉयटर के अनुसार दोनों देशों के बीच पिछले कुछ समय में संबंधों को सामान्य बनाने की कोशिशें आगे बढ़ी हैं, लेकिन सीमा, सुरक्षा, निवेश और व्यापार से जुड़े मुद्दों पर दोनों के बीच अविश्वास अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। भारत और चीन के बीच हाल के महीनों में राजनयिक संपर्क बढ़ा है। सीमा विवाद को लेकर बातचीत जारी है और दोनों देशों ने संबंधों में तनाव कम करने की दिशा में कुछ कदम उठाए हैं। अगस्त में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच भी बातचीत हुई थी। ऐसे में जिनपिंग की यात्रा को दोनों देशों के संबंधों में आगे की संभावनाओं के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### मोदी-पुतिन की अहम बैठक आज

ब्रिक्स सम्मेलन शुरू होने से एक दिन पहले 11 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की द्विपक्षीय बैठक होगी। क्रेमलिन की ओर से इसकी पुष्टि की गई है। बैठक में भारत-रूस के द्विपक्षीय संबंधों के साथ व्यापार, आर्थिक सहयोग, रक्षा और प्रौद्योगिकी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। यूक्रेन संकट और उससे जुड़े वैश्विक घटनाक्रम भी बातचीत का हिस्सा हो सकते हैं।

### आजम खां समेत छह पर एफआईआर



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** प्रदेश राज्य हज समिति की जमीन की बिक्री में कथित अनियमितता के मामले में विजिलेंस ने समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री आजम खां समेत छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि पद का दुरुपयोग करते हुए निजी फर्म को लाभ पहुंचाने के लिए जमीन की बिक्री में निर्धारित नियमों की अनदेखी की गई। विजिलेंस जांच में समिति को करीब 2.08 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान की पुष्टि होने के बाद यह कार्रवाई की गई है। आजम खां उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के पूर्व अध्यक्ष भी रहे हैं। विजिलेंस के अनुसार, उनके कार्यकाल के दौरान समिति की जमीन की बिक्री से संबंधित फैसलों में नियमों का पालन नहीं किया गया। जांच में सामने आया कि जमीन के निस्तारण की प्रक्रिया में कथित तौर पर ऐसी अनियमितताएं की गईं, जिनसे निजी फर्म को लाभ पहुंचा और समिति को राजस्व की क्षति हुई। जांच के दौरान जमीन की बिक्री से जुड़े दस्तावेजों और निर्णय प्रक्रिया की पड़ताल की गई। विजिलेंस का आरोप है कि संबंधित अधिकारियों और अन्य आरोपियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए निर्धारित प्रक्रिया की अनदेखी की। इससे राज्य हज समिति को 2.08 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान का आकलन किया गया है।

### नाली को लेकर भिड़ीं भाजपा-सपा की नेता

**समृद्धि न्यूज, कुरारा, हमीरपुर।** वार्ड नौ में जल निकासी की व्यवस्था को लेकर निरीक्षण करने पहुंचीं भाजपा की नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर और सपा की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष माया बाल्मीकि के बीच गुरुवार को विवाद हो गया। कहासुनी के बाद मामला हाथापाई तक पहुंच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों को अलग कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को थाने ले गई। बताया गया कि पूर्व चेयरमैन माया बाल्मीकि के मकान के सामने जल निकासी के लिए नाली बनी है। बुधवार को नगर पंचायत कर्मचारियों ने नाली के पास बनी करीब नौ इंच की पट्टी को जेसीबी से तोड़ा था। बाद में पट्टी को दोबारा बना दिया गया। गुरुवार को मोहल्ले के लोगों की शिकायत पर चेयरमैन आशारानी कबीर जल निकासी की स्थिति का निरीक्षण करने पहुंचीं थीं। जहां विवाद हो गया था।

विस्तृत खबर देखें पेज 7 पर

## एक करोड़ महिलाएं बनेंगी लखपति

- स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को मिलेगा ऋण



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश में महिला स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए योगी सरकार ने बड़ा लक्ष्य तय किया है। सरकार प्रदेश की तीन करोड़ महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने और एक करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने की दिशा में काम कर रही है। इसके तहत पात्र महिलाओं को एक लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता तीन किश्तों में उपलब्ध कराने की योजना है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को योजना भवन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत काम कर रहीं तकनीकी सहयोगी एजेंसियों, बैंकर्स, दुग्ध उत्पादक कंपनियों और एचसीएल संस्था के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने महिलाओं की आय बढ़ाने और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। मौर्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश महिला उद्यमी योजना के तहत एक करोड़ से अधिक महिलाओं को पहली किश्त में 20 हजार रुपये दिए जाएंगे। इस राशि का ब्याज सरकार वहन करेगी। दूसरी किश्त में 30 हजार रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे।

### बारिश से होमगार्ड भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा स्थगित

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** प्रदेश में लगातार हो रही बारिश और कई परीक्षा केंद्रों पर जलभराव के कारण उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा स्थगित कर दी गई है। एनरोलमेंट-2025 के तहत 14 सितंबर 2026 से प्रस्तावित शारीरिक दक्षता परीक्षा अब निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नहीं होगी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने अभ्यर्थियों की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए परीक्षा को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया है। बोर्ड के अनुसार, लगातार बारिश के कारण कई परीक्षा केंद्रों पर जलभराव की स्थिति बन गई है। ऐसे में अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में परेशानी होने के साथ परीक्षा प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका थी। इसी को देखते हुए परीक्षा को अल्प अवधि के लिए टाल दिया गया है।

## मायावती ने आकाश को बसपा से किया बाहर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



- चुनाव से पहले बसपा में संग्राम
- आकाश के समर्थन में धर्म सिंह ने दिया इस्तीफा

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच बहुजन समाज पार्टी में एक बार फिर अंदरूनी संग्राम तेज हो गया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से पूरी तरह मुक्त कर दिया है। इसके साथ ही आकाश आनंद के समर्थन में पार्टी के नेता धर्म सिंह ने भी बसपा से इस्तीफा दे दिया। एक साथ हुए इन घटनाक्रमों ने चुनाव से पहले बसपा के भीतर चल रही खींचतान को सामने ला दिया है।

मायावती ने अपने समधी और आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ के राजनीति से संन्यास लेने के फैसले पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे देर आए, दुरुस्त आए बताते हुए कहा कि यदि अशोक सिद्धार्थ ने पहले ही राजनीति से संन्यास ले लिया होता तो बसपा, बहुजन समाज और बहुजन आंदोलन के हित में उन्हें कई बार कड़े फैसले लेने की जरूरत नहीं पड़ती।

मायावती ने आरोप लगाया कि अशोक सिद्धार्थ की नीयत और अभिलाषा अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर और कांशीराम के आदर्शों से सीख लेने तथा निजी और पारिवारिक स्वार्थ एवं पद की लालसा से ऊपर उठने की अपील की।

मायावती ने आकाश आनंद के रवैये पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आकाश ने उनके एक्स पर अशोक सिद्धार्थ से संबंधित पोस्ट को पुनः साझा नहीं किया, जबकि वह पोस्ट उनके अपने हित और भलाई के लिए थी। मायावती के अनुसार, इससे पहले आकाश उनके पोस्ट पुनः साझा कर अपनी वफादारी जताते रहे हैं।

## वैश्विक दृष्टि

### अमेरिका का चौंकाने वाला दावा, परमाणु ताकत बढ़ा रहा भारत

# 190 हथियारों का अनुमान, समुद्र में भी मारक क्षमता मजबूत

- 35 परमाणु हथियार कभी भी बना सकता है भारत
- अग्नि-5 में बहु-युद्धक तकनीक का परीक्षण

एजेंसी, नई दिल्ली।



भारत अपने परमाणु प्रतिरोधक तंत्र को लगातार मजबूत कर रहा है। फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स (एफएएस) के ताजा आकलन के अनुसार भारत के पास करीब 190 परमाणु हथियार हो सकते हैं। इनमें 160 से अधिक हथियार मौजूदा संचालन प्रणालियों से जुड़े होने का अनुमान है, जबकि बाकी नए विकसित हो रहे मिसाइल तंत्र के लिए रखे जा सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत के पास उपलब्ध सैन्य प्लूटोनियम की मात्रा भविष्य में कुल क्षमता को करीब 225 परमाणु हथियारों तक ले जाने की गुंजाइश देती है। हालांकि ये आंकड़े सार्वजनिक सूचनाओं और विशेषज्ञ आकलनों पर आधारित हैं, भारत सरकार ने परमाणु हथियारों की संख्या सार्वजनिक नहीं की है।

भारत की परमाणु नीति में जमीन, हवा और समुद्र- तीनों माध्यमों से जवाब देने की क्षमता को महत्वपूर्ण माना जाता है। समुद्र आधारित परमाणु क्षमता को इसलिए अहम माना जाता है क्योंकि परमाणु-संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियां संभावित हमले की स्थिति में जवाबी कार्रवाई की क्षमता को अधिक सुरक्षित बनाती हैं। अप्रैल 2026 में आईएनएस अरिदमन को नौसेना में शामिल किया गया। यह भारत की तीसरी परमाणु-संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी है।

### चीन तक पहुंच वाली क्षमता पर जोर

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) के 2026 के आकलन के मुताबिक भारत ने अपने परमाणु भंडार में बढ़ोतरी के साथ लंबी दूरी की नई परमाणु क्षमता विकसित करना जारी रखा है। सिपरी के अनुसार भारत का आधुनिकीकरण कार्यक्रम अब ऐसी लंबी दूरी की प्रणालियों पर अधिक केंद्रित है, जो चीन तक पहुंचने में सक्षम हों। पाकिस्तान के साथ पुराना रणनीतिक संतुलन भी इसके केंद्र में बना हुआ है।

### 12,187 परमाणु हथियारों का वैश्विक भंडार

सिपरी के 2026 के आकलन के अनुसार दुनिया के नौ परमाणु-संपन्न देशों के पास कुल करीब 12,187 परमाणु हथियार हैं। भारत का अनुमानित भंडार 190 है। सिपरी के मुताबिक भारत ने 2025 में अपने परमाणु शस्त्रागार का थोड़ा विस्तार किया और नई परमाणु-सक्षम प्रणालियों का विकास जारी रखा। भारत ने अपनी घोषित परमाणु नीति में पहले परमाणु हमला नहीं करने का सिद्धांत रखा है।

### प्लूटोनियम भंडार बढ़ने का अनुमान

एफएएस और बुलेटिन ऑफ द एटॉमिक साइंटिस्ट्स के आकलन में भारत के सैन्य उपयोग वाले प्लूटोनियम भंडार को लेकर अलग-अलग अनुमान हैं। बुलेटिन के अनुसार उपलब्ध सामग्री से भारत ने करीब 190 हथियार तैयार किए होने का अनुमान है, जबकि कुल सैन्य प्लूटोनियम की मात्रा भविष्य में 140 से 225 हथियारों के बराबर क्षमता का आधार दे सकती है। इसका अर्थ यह नहीं है कि इतने हथियार तैयार या तैनात हैं।

### परियोजना निदेशक ने दिया इस्तीफा

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।** जिले में पखवारे भर से चल रहे आरोप-प्रत्यारोप के बीच परियोजना निदेशक (पीडी) अशोक कुमार सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव समेत विभागीय अधिकारियों को पत्र भेजकर इस्तीफे की जानकारी दी है। पीडी ने पत्र में विभागीय कार्यप्रणाली को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। बताया गया कि 30 अगस्त को जिला विकास अधिकारी कार्यालय में तैनात लिपिक मनोज श्रीवास्तव और लेखाकार अमित श्रीवास्तव को ग्राम्य विकास विभाग से हटाने के लिए पीडी ने जिला विकास अधिकारी गजेंद्र तिवारी को पत्र लिखा था। तीन दिन बाद उन्होंने दोबारा पत्र भेजकर दोनों को अपने कार्यालय से हटाकर उनके स्थान पर अन्य लिपिक व लेखाकार की तैनाती की मांग की। इसी बीच बुधवार को कार्यालय में पीडी के नृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

विस्तृत खबर देखें पेज 8 पर

# श्रमिकों को योजनाओं से जोड़ने की पहल

- अटंगी में लगा जागरूकता व पंजीकरण शिविर



समृद्धि न्यूज़, अम्बेडकरनगर।

श्रमिकों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और उन्हें पंजीकरण की प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से श्रम विभाग की ओर से ग्राम पंचायत अटंगी (कर्मा जगदीशपुर) में श्रमिक जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र श्रमिकों को योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

शिविर में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में श्रमिकों को विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने नवीन श्रमिक पंजीकरण और पंजीकरण के नवीनीकरण की प्रक्रिया, आवश्यक अभिलेख तथा योजनाओं के लिए निर्धारित पात्रता के संबंध में भी जानकारी उपलब्ध कराई।

शिविर में ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना को लेकर भी श्रमिकों को जागरूक किया गया। अधिकारियों ने योजना की पात्रता, लाभ और पंजीकरण प्रक्रिया समझाते हुए पात्र श्रमिकों से इसका लाभ उठाने की अपील की।

श्रमिकों को यूपी डिजिटल लेबर चौक ऐप के बारे में भी जानकारी दी गई। ऐप डाउनलोड करने, प्रोफाइल बनाने और उसे पूर्ण करने की प्रक्रिया समझाई गई। श्रमिकों को डिजिटल माध्यम से उपलब्ध सुविधाओं से जोड़ने के लिए मौके पर ही अधिक से अधिक श्रमिकों को ऐप डाउनलोड कराने और प्रोफाइल पूर्ण कराने का प्रयास किया गया। श्रम विभाग ने श्रमिकों से अपील की कि वे अपना श्रमिक पंजीकरण, नवीनीकरण और डिजिटल प्रोफाइल समय से पूरा करें, ताकि शासन की ओर से संचालित योजनाओं एवं डिजिटल सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सके।शिविर का मुख्य उद्देश्य यही रहा कि सरकारी योजनाओं की जानकारी केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि पात्र श्रमिकों तक पहुंचकर उन्हें वास्तविक लाभ से जोड़ा जाए।

# ग्राम विकास की योजनाओं में ग्रामीणों की भागीदारी जरूरी: पुष्पा पाल

- कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण





समृद्धि न्यूज़, अम्बेडकरनगर।

गांवों के समग्र विकास के लिए स्थानीय लोगों की भागीदारी और उनकी वास्तविक जरूरतों को विकास योजनाओं में शामिल करना जरूरी है। इसी उद्देश्य से जन शिक्षण केंद्र की ओर से जलालपुर ब्लॉक में संचालित ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत स्थानीय स्वशासन, सहभागी ग्राम पंचायत विकास योजना और ग्राम सभा की खुली बैठक-विजनिंग विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण 7 से 9 सितंबर तक जन शिक्षण केंद्र मुख्यालय पर चला।

प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को पंचायत व्यवस्था की बुनियादी संरचना से लेकर ग्राम सभा की भूमिका और ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने की व्यवहारिक प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक रमेश कुमार सिंह ने 73वें संविधान संशोधन, त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था, पंचायतों में आरक्षण, पंचायत की छह समितियों, ग्राम सभा तथा के पांच चरणों पर विस्तार से जानकारी दी।

प्रशिक्षण में केवल सैद्धांतिक जानकारी तक सीमित रहने के बजाय कार्यकर्ताओं को समूह चर्चा और अभ्यास के माध्यम से गांवों की वास्तविक समस्याओं को चिन्हित करने का अवसर दिया गया। प्रतिभागियों ने समस्याओं के कारणों और संभावित समाधानों पर चर्चा की तथा अपने लक्षित पंचायतों के लिए विकास योजनाएं तैयार कर उनका प्रस्तुतिकरण किया।

प्रशिक्षक रमेश कुमार सिंह ने कहा कि तभी प्रभावी होगी, जब गांव की वास्तविक जरूरतों को योजना में शामिल करने के साथ ग्राम सभा और समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सहभागी प्रक्रिया से तैयार योजना गांव के लोगों की प्राथमिकताओं को बेहतर तरीके से सामने ला सकती है।

कार्यक्रम कॉर्डिनेटर हेमलता ने कहा कि साझा योजना और सामूहिक प्रयास से पंचायतों को मजबूत बनाकर गांव के सर्वांगीण विकास को गति दी जा सकती है। वहीं जन शिक्षण केंद्र की सचिव पुष्पा पाल ने कहा कि स्थानीय विकास की असली ताकत ग्रामीणों की भागीदारी है।

संस्था का प्रयास है कि कार्यकर्ता ग्राम सभा और पंचायतों के साथ मिलकर ऐसी विकास योजनाएं तैयार करें, जिनमें महिलाओं, वंचित समुदायों और प्रत्येक ग्रामीण की जरूरतों को प्राथमिकता मिले।

## खबरें एक नजर में

### कमरे में फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**बहराइच।** थाना खैरीघाट क्षेत्र के ग्राम खालेपुरवा दाखिला अरनवा में गुरुवार सुबह एक विवाहिता ने घर के कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी।पुलिस के अनुसार, सोनेलाल गौतम पुत्र रमेश उर्फ सुर्खमा की पत्नी सुशीला (22) ने घर के कमरे में टीनशेड में लगी बल्ली के सहारे दुपट्टे से फंदा लगा लिया। परिजनों की नजर पड़ने पर घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। बताया गया कि सुशीला की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व हुई थी। सूचना मिलने पर फील्ड यूनिट और मजिस्ट्रेट को अवगत कराया गया है। पुलिस द्वारा नियमानुसार पंचायतनामा की कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### ट्रैक्टर ट्राली व बाइक में भिड़ंत

**बहराइच।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के लौकिहा मोड़ के पास सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 25 वर्षीय जिया लाल निवासी मांझा दरिया बुर्द के रूप में हुई है। उपनिरीक्षक राम प्रवेश यादव ने बताया कि बुधवार देर रात करीब 9 बजे मृतक इमामगंज की तरफ से बेहड़ा की ओर जा रहा था तभी लौकिहा मोड़ पर सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली जिसमें लकड़ी लदी हुई थी जिसकी रोशनी कम होने के कारण वह लकड़ी में जा फंसा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर ले कर गए जहां स्थिति गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां पहुंचने से पहले ही उसकी मृत्यु हो गई। गुरुवार दोपहर करीब एक बजे प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### नदी में छलांग लगाने वाली युवती की पुलिस ने बचाई जान

**बलरामपुर।** थाना गौरा चौराहा क्षेत्र के पिपरा पुल के पास रात्रि गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों ने नदी में छलांग लगाने वाली 25 वर्षीय युवती की जान बचा ली। पुलिस ने युवती को सकुशल नदी से बाहर निकालकर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार 10 सितंबर की रात हेड कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार और कांस्टेबल मुकेश यादव पिपरा पुल के पास गश्त कर रहे थे। इसी दौरान एक युवती पुल पर पहुंची और अचानक नदी में छलांग लगा दी। युवती को नदी में गिरता देख पुलिसकर्मियों ने तत्काल नदी में उतरकर उसे सुरक्षित बाहर निकाला। पूछताछ में युवती ने बताया कि बीमारी और पारिवारिक परिस्थितियों के कारण वह काफी समय से परेशान थी, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे भाई और अन्य परिजनों को युवती सकुशल सौंप दिया गया। पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता के चलते समय रहते युवती की जान बचाई जा सकी। परिजनों और स्थानीय लोगों ने पुलिसकर्मियों के प्रयास की सराहना की।

### परिवार नियोजन से स्वस्थ परिवार पर जोर

**बलरामपुर।** परिवार नियोजन अपनाकर मां और शिशु के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल के साथ परिवार को संतुलित एवं खुशहाल बनाया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि परिवार नियोजन के लिए अंतरा गर्भनिरोधक इंजेक्शन सुविधाजनक एवं प्रभावी विकल्प है। एक अंतरा इंजेक्शन लगभग तीन माह तक गर्भनिरोधक सुरक्षा प्रदान करता है। यह सुविधा सभी राजकीय चिकित्सा इकाइयों पर नि:शुल्क उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि दंपति अपनी सुविधा और चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार परिवार नियोजन के उपयुक्त साधन का चयन कर सकते हैं। गर्भधारण के बीच उचित अंतर रखने से मां और बच्चे के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल संभव होती है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों को लेकर लगातार जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने पात्र दंपतियों से अपील की कि वे नजदीकी सरकारी चिकित्सालय पहुंचकर परिवार नियोजन के साधनों की जानकारी लें और स्वास्थ्यकर्मियों की सलाह के अनुसार उनका लाभ उठाएं।

### 23 वर्षीय युवती की तालाब में डूबने से मौत

**रामसनेहीघाट।** कोतवाली क्षेत्र के हथौंधा गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब घर से शौच के लिए निकली 23 वर्षीय युवती की तालाब में डूबने से मौत हो गई। युवती के काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान गांव के बाहर घर से करीब 100 मीटर दूर स्थित तालाब में उसका शव पानी पर उतराता मिला। मृतका की पहचान विनीता के रूप में हुई है। वह चार भाई–बहनों में सबसे बड़ी थी। परिजनों के अनुसार विनीता शौच के लिए घर से निकली थी। काफी समय बीतने के बाद भी जब वह वापस नहीं आई तो परिवार के लोगों को चिंता हुई और उन्होंने आसपास के इलाकों में उसकी तलाश शुरू कर दी। तलाश के दौरान तालाब में विनीता का शव दिखाई दिया। शव मिलते ही परिजनों में चीख–पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी तालाब के पास पहुंच गए। युवती की मौत से पूरे गांव में मातम का माहौल है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। युवती की मौत के बाद उसके परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, गंभीर घायल

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** भिटरिया–हैदरगढ़ मार्ग पर गुरुवार को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया गया। रायबरेली जिले के गुरबख्शगंज थाना क्षेत्र निवासी अमित पुत्र दयाशंकर बाइक से भिटरिया–हैदरगढ़ मार्ग से जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अमित बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना एंबुलेंस को दी। कुछ ही देर में 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस कर्मियों ने घायल को प्राथमिक उपचार दिया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट ले गए। चिकित्सकों ने घायल का उपचार शुरू किया।

# भाजपा कार्यालय पर भाजयुमो की बैठक संपन्न



समृद्धि न्यूज़, बहराइच।

- 30 सितंबर तक चलेंगे श्रमिक जागरूकता शिविर
- मौके पर होगा पंजीयन और नवीनीकरण

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर गुरुवार को युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक और राजनीतिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आयोजित की गई।इस बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमन सिंह चौहान रहे। बैठक में अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय की उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिला संयोजक अरुणेंद्र सिंह अंकित द्वारा की गई।बैठक को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अमन सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के नए आयाम छुए हैं। उनके 25 वर्षों का राजनीतिक जीवन राष्ट्र सेवा और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। इसी सेवा भाव को जन-जन तक पहुँचाने के लिए युवा मोर्चा द्वारा एक भव्य देशव्यापी बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है।यह ऐतिहासिक बाइक रैली प्रधानमंत्री की कर्मभूमि काशी (बनारस) से उनकी जन्मभूमि वडनगर (गुजरात) तक जाएगी, और पुनः वडनगर से काशी (बनारस) तक वापस आएगी। यह यात्रा देश के युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सेवा का नया संकल्प पैदा करेगी।भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिला भाजपा इस बाइक रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# पिंजड़े में बंधी रही बकरी नहीं फंसा तेंदुआ

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।** शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र की जूडा ग्राम पंचायत के पुजारी पुरवा गांव में तेंदुए की दहशत बनी हुई है। तीन वर्षीय मासूम लाडो पर हमले और लगातार गांव में तेंदुए की दस्तक के बाद वन विभाग ने उसे पकड़ने के लिए गांव के पास पिंजड़ा लगाया है। दो दिनों से प्रयास के बावजूद तेंदुआ पिंजड़े के करीब नहीं पहुंचा। पिंजड़े में बकरी बांधकर तेंदुए को आकर्षित करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन वह लगातार चकमा दे रहा है। बताया गया कि रविवार-सोमवार की रात तेंदुआ दबे पांव गांव में पहुंचा और तीन वर्षीय लाडो को जबड़े में दबोचकर जंगल की ओर भागने लगा। बच्ची के परिजनों के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने लाठी-डंडे लेकर हाका लगाया।

# एक नवंबर से शुरू होगी धान खरीद, जिले में बनाए गए 99 क्रय केंद्र

**किसानों को समय से भुगतान व खरीद व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश**

समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों से धान की खरीद के लिए जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। शासन के निर्देश पर एक नवंबर 2026 से न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत धान खरीद शुरू होगी। जिलाधिकारी ने सभी अनुमोदित क्रय केंद्रों पर खरीद से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी के अनुसार, जिले में किसानों की सुविधा को देखते हुए विभिन्न क्रय एजेंसियों के कुल 99 धान क्रय केंद्र अनुमोदित किए गए हैं। इनमें खाद्य विभाग के 42, पीसीएफ के 35, पीसीयू के 19, मंडी समिति के दो तथा भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) का एक क्रय केंद्र शामिल है। शासन के निर्देशों के क्रम में संबंधित क्रय एजेंसियों के जिला प्रबंधकों एवं प्रभारियों को अपने-अपने केंद्रों पर धान खरीद से जुड़ी सभी तैयारियां समय से पूरी करने को कहा गया है। प्रत्येक केंद्र पर क्रय केंद्र प्रभारी की नियुक्ति, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। धान खरीद शुरू होने से पहले केंद्रों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि क्रय केंद्र प्रभारियों की सूची, केंद्रों का रूट चार्ट तथा धान खरीद के लिए आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित कर संबंधित सूचना उपलब्ध कराएं।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने पीसीएफ, पीसीयू, भारतीय खाद्य निगम तथा कृषि उत्पादन मंडी समिति अकबरपुर के संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। एक नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीद में जिले के किसानों को अपनी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। प्रशासन का जोर खरीद प्रक्रिया को व्यवस्थित, सुचारु और किसान हितैषी बनाने पर है।

# हमलावर लंगूर को वन विभाग ने पकड़ा, एक महीने से मचा रहा था आतंक

- दो दर्जन से ज्यादा लोगों को किया था घायल

समृद्धि न्यूज़, बहराइच।



करीब एक महीने से लोगों के लिए परेशानी बने लंगूर को बुधवार शाम वन विभाग की विशेष टीम ने पकड़ लिया। लंगूर के हमले में अब तक 24 से ज्यादा लोग घायल हो चुके थे। एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल भेजना पड़ा था। इसके अलावा लंगूर ने एक दर्जन से ज्यादा मोटरसाइकिलों को भी नुकसान पहुंचाया था। उसके पकड़े जाने की खबर मिलते ही कस्बे के लोगों ने राहत की सांस ली। लंगूर को पकड़ने के लिए वन विभाग ने सिद्धार्थनगर और महराजगंज से विशेष टीम बुलाई थी। बुधवार सुबह से ही वनकर्मी उसकी गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। शाम को चंद्रशेखर बालिका इंटर कॉलेज के पास लंगूर एक चाट के ठेले पर जा बैठा। उसे देखने के लिए कुछ ही देर में सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। वनकर्मियों ने भीड़ को हटाकर उसे घेरने की तैयारी शुरू की।

बीट प्रभारी शिवम पांडेय अपनी टीम के रामनाथ और रामसागर के साथ सुबह से ही लंगूर का पीछा कर रहे थे। शाम को वह कॉलेज के पास पहुंचा और चाट के ठेले पर बैठ गया। लंगूर को देखने के लिए लोग सड़क पर जमा हो गए। भीड़ बढ़ती देख वनकर्मियों ने लोगों को वहां से हटाया, ताकि उसे पकड़ने के दौरान कोई घायल न हो। भीड़ हटने के बाद लंगूर वहां से निकलकर टेलीफोन एक्सचेंज के पास स्थित एक मार्केट में घुस गया। वन विभाग की टीम ने उसका पीछा जारी रखा और उसे बाहर निकलने का मौका दिए बिना पकड़ने की तैयारी शुरू कर दी।

मार्केट में घेरा, जाल में फंसते ही भागने लगा। सिद्धार्थनगर और महराजगंज से आई विशेष टीम में मोहम्मद हसन, शाह मोहम्मद, शहजाद अली और शमशुल्ला समेत कई कर्मचारी शामिल थे। टीम ने मार्केट में लंगूर को चारों तरफ से घेरकर जाल बिछाया। काफी मशक्कत के बाद लंगूर जाल में फंस गया। जाल में फंसते ही उसने निकलने की कोशिश की, लेकिन वनकर्मियों ने उसे काबू में कर लिया। इसके बाद उसे बोरे में सुरक्षित डाल दिया गया। करीब एक महीने से कस्बे में डर का कारण बने लंगूर के पकड़े जाने के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने राहत महसूस की।

बताया गया कि लंगूर ने अंशुमा शर्मा, रुद्रांश शर्मा और अमित वर्मा समेत सीएचसी के एक कर्मचारी और दो दर्जन से ज्यादा लोगों को घायल किया था। उसके हमलों से कस्बे में लोगों में डर बना हुआ था। रास्ते में आने वाले लोगों के अलावा उसने कई मोटरसाइकिलों को भी नुकसान पहुंचाया। अब तक एक दर्जन से ज्यादा बाइक खराब होने की बात सामने आई है। लंगूर के आक्रामक व्यवहार को देखते हुए वन विभाग ने बाहर से विशेष टीम बुलाकर उसे पकड़ने का फैसला किया था। अभियान के दौरान सुरक्षा के लिए पुलिस की मदद भी ली गई, ताकि लंगूर को पकड़ते समय भीड़ बेकाबू न हो।

लंगूर को पकड़ने के दौरान रिसिया चौकी से देवेंद्र और पंकज के साथ डायल 112 की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने वन विभाग की टीम के साथ मिलकर भीड़ को नियंत्रित किया और लोगों को सुरक्षित दूरी पर रखा।

बीट प्रभारी शिवम पांडेय ने बताया कि लंगूर को नानपारा रेंज कार्यालय ले जाया जा रहा है। वहां जरूरी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे कतर्नियाघाट जंगल में छोड़ दिया जाएगा। इससे रिसिया कस्बे में पिछले करीब एक महीने से बनी लोगों की परेशानी खत्म हो गई है।

# नोटिस फाड़कर हटाया फिर भी धड़ल्ले से चलता रहा अस्पताल

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।** जिले के ब्लॉक शिवपुर के रामपुर बाजार में एक कथित अवैध अस्पताल के संचालन का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि चंद्रकला अस्पताल का संचालन बिना वैध पंजीकरण के किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अस्पताल को नोटिस जारी किए जाने के बावजूद संचालन बंद नहीं हुआ।स्थानीय लोगों के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा अस्पताल संचालक को नोटिस दिए जाने के बाद कथित तौर पर नोटिस को फाड़कर हटा दिया गया। इसके बाद भी अस्पताल में मरीजों का इलाज किए जाने की बात सामने आ रही है। इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की निगरानी और कार्रवाई को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। लोगों का आरोप है कि अस्पताल में आवश्यक वैध दस्तावेज और पंजीकरण की स्थिति स्पष्ट नहीं है।

# संगठन की मजबूती से भाजपा को मिलेगी नई गति: दिलीप पटेल



समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

जिला भाजपा कार्यालय 'अटल भवन', तुलसीपार्क में भाजपा की मासिक जिला बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र प्रभारी दिलीप पटेल तथा नवनियुक्त क्षेत्रीय महामंत्री एवं जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी का पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए दिलीप पटेल ने कहा कि भाजपा का संगठन उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। कार्यकर्ताओं के परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से पार्टी जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को और मजबूत एवं सक्रिय बनाने पर जोर देते हुए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का आह्वान किया। राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि बलरामपुर में संगठन को और मजबूत, सक्रिय एवं गतिशील बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने बूथ को मजबूत करने, केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठनात्मक कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ स्तर की गतिविधियों और कार्यकर्ताओं की सक्रियता को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। वरिष्ठ नेतृत्व ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# भगवान श्री कृष्णा के जन्म के छठवें दिन हुआ भंडारे का आयोजन

समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।

क्षेत्र के बाबा टीकाराम धाम बेहटा मे भगवान श्री कृष्णा के छठवें दिन के उपलक्ष में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम कन्या भोज कर भंडारे का शुभारंभ किया गया।इसके पश्चात भंडारे मे क्षेत्रीय लोगो ने भगवान के प्रसाद को ग्रहण किया।

# ब्रम्हलीन हुए कबीर पन्थ के महंत

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।** कबीर पंथ की मनीपुर गांव स्थित गद्दी के संत श्री गुरु सहाय साहब गुरुवार सुबह ब्रह्मलीन हो गए । अंतिम संस्कार के बाद उनके शिष्य संत सेवक दास को गद्दी पर बैठाया गया। इस अवसर पर चेयरमैन आलोक तिवारी बैजनाथ मौर्य, नवनीत मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिष्य उपस्थित रहे।


## कार्यालय आदर्श नगर पालिका परिषद, बलरामपुर

पत्रांक: 1485/न0पा0परि0(बल)/2026-27 दिनांक: 10-09-2026

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। समस्त निविदाएं वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। समस्त ठेकेदारों को 02 प्रतिशत अग्रिम जमानत धनराशि जमा करना अनिवार्य है।

| क्र0सं0 | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | वेबसाइट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 11.09.2026 02:00 PM बजे |
| 02 | ई–निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 11.09.2026 02:00 PM बजे |
| 03 | ई–निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 11.09.2026 02:00 PM बजे |
| 04 | ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 08.10.2026 प्रातः 10:00 बजे |
| 05 | ई–निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 08.10.2026 प्रातः 11:00 बजे |

नोटः– सभी नियम व शर्ते वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(लाल चन्द मौर्य)
अधिशासी अधिकारी
आदर्श नगर पालिका परिषद,
बलरामपुर।

(डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह "धीरू")
अध्यक्ष
आदर्श नगर पालिका परिषद,
बलरामपुर।


# दुकान के अंडरग्राउंड से 1080 पैकेट अवैध पटाखे बरामद

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।



कोतवाली देहात क्षेत्र के चुंगी नाका तिराहा, नहरबालागंज स्थित 'इमरान ट्रेडर्स' की दुकान के अंडरग्राउंड से भारी मात्रा में विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद हुए हैं। जानकारी के अनुसार, दुकान के अंडरग्राउंड में नौ हरी प्लास्टिक की बोरियों में कुल 1080 पैकेट पटाखे रखे मिले। प्रत्येक बोरी में 120 पैकेट थे। बरामद पटाखों में छुरछुरी, गाजर, राकेट, चकरी, मिर्ची, सुतली, माचिस, सांप और बुलेट पटाखे समेत विभिन्न प्रकार के पटाखे शामिल हैं। दुकान संचालक इमरान खान पुत्र मो. अनीस खान, उम्र करीब 42 वर्ष, निवासी ग्राम नीमकौनी अंधियारी बाग, थाना कोतवाली नगर, बलरामपुर के संबंध में आवश्यक जानकारी जुटाई गई है। बताया गया कि पटाखों के भंडारण से संबंधित कोई लाइसेंस या अधिकार पत्र उपलब्ध नहीं था। बरामदगी के संबंध में कोतवाली देहात थाने में मुकदमा अपराध संख्या 360/26 के तहत धारा 9(बी) विस्फोटक अधिनियम 1884 और धारा 288 बीएनएस में मामला दर्ज किया गया है।

# संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सुमेरगंज विद्यालय के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट, बाराबंकी।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सुमेरगंज के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लखपेड़ाबाग में आयोजित संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने दौड़, कूद एवं फेंक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई स्थान हासिल किए। तरुण वर्ग की 3000 मीटर दौड़ में कमल लोधी और 200 मीटर दौड़ में मोहम्मद सुफियान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग की 200 मीटर दौड़ में आदित्य सिंह ने बाजी मारी। बाल वर्ग की 200 मीटर दौड़ में पावनी मिश्रा तथा 100 मीटर दौड़ में आदित्य ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा अन्य स्पर्धाओं में साजिद, अंकित और अवनी सिंह ने भी प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। दौड़, कूद एवं फेंक प्रतियोगिताओं में निहाल वर्मा, जय सिंह, दिव्यांश सिंह, दिव्यांश वर्मा, नीरज, अंश वर्मा, सानिध्य और मोहित ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# ‘सेवा संकल्प अभियान’ बनेगा विकसित भारत का जनसंकल्प

**▶ पीएम मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा जन-जन तक पहुंचाने की तैयारी**



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों के निरंतर सेवाकाल पूरा होने के अवसर को प्रदेश सरकार और प्रदेश संगठन मिलकर समारोहपूर्वक मनाएंगे। उत्तर प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक ‘सेवा संकल्प अभियान’ चलेगा।

अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों, नीतिगत सुधारों और देश-प्रदेश में आए बदलावों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ प्रत्येक नागरिक को ‘विकसित भारत 2047’ के राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल की उपस्थिति में अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अभियान व्यापक जनभागीदारी से हो और सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण तथा विकास की उपलब्धियों को वास्तविक लाभार्थियों की कहानियों के माध्यम से सामने लाया जाए। युवा, महिला, किसान और वंचित वर्ग सहित समाज के प्रत्येक वर्ग को विकसित भारत के संकल्प का सहभागी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी प्रभारी मंत्रियों को जनपदों और अपनी-अपनी विधानसभाओं में जाकर तैयारियों की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि शासन, मुख्यमंत्री कार्यालय और जनपद स्तर पर त्रिस्तरीय समन्वय व्यवस्था बनाई गई है। केंद्र सरकार के 12 वर्षों और राज्य सरकार के 10 वर्षों के विकास कार्यों का डेटा-बैंक तैयार किया गया है।

अभियान से 4.19 करोड़ परिवारों और 15.74 करोड़ लाभार्थियों को जोड़ा जाएगा, जिनमें 3.51 करोड़ ग्रामीण और 0.68 करोड़ शहरी परिवार शामिल हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ‘सेवा संकल्प अभियान’ प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सेवाकाल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और ‘विकसित भारत 2047’ के संकल्प को जनसंकल्प बनाने का अवसर है। सेवा गतिविधियों, विकास कार्यों, लाभार्थियों की वास्तविक कहानियों, युवाओं की प्रतिभा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी को जोड़कर अभियान को ‘सेवा से संकल्प’ की व्यापक यात्रा के रूप में प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाए।

### 17 अक्टूबर तक चलेगा ‘नमो सेवा’ अभियान

प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सेवा कार्यकाल के उपलक्ष्य में प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न सेवा एवं जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 17 सितंबर को ‘सेवा दिवस’ के तहत दीप प्रज्वलन और विश्वकर्मा पूजन के साथ अभियान की शुरुआत होगी। अभियान के दौरान विद्यालयों में चित्रकला व भाषण प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक, आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण कार्यक्रम, डिजिटल रील अभियान, विकास परियोजनाओं का इन्फ्लुएंसर्स भ्रमण और ‘सेवा ज्योति कलश यात्रा’ आयोजित होगी। नागरिकों को रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता, स्वास्थ्य जांच, जल संरक्षण सहित 25 सेवा गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। प्रत्येक विकासखंड में बहुउद्देशीय सेवा शिविर लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी, आवेदन और पात्रता सत्यापन की सुविधा दी जाएगी। ‘सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज’ के तहत युवाओं और स्टार्टअप को नवाचार के अवसर मिलेंगे। प्रमुख स्थलों पर ह्यूमन रंगोली, लेजर शो, महायज्ञ और ग्राम चौपाल भी होंगे। 17 अक्टूबर को ‘सुशासन सेवा संवाद’ के साथ अभियान का समापन होगा।

# भाजपा सरकार की तानाशाही नहीं चलेगी : अखिलेश यादव

**▶ सपा ने कार्यक्रम आगे बढ़ाया, लेकिन इसके बाद भी अनुमति नहीं दी**

**▶ सपा जनसभा की अनुमति न मिलने पर सरकार को घेरा**



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुलंदशहर में सपा की जनसभा की अनुमति नहीं मिलने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को जिम्मेदार बताया। गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के इशारे पर प्रशासन सपा के कार्यक्रमों की अनुमति रोक रहा है।

उन्होंने कहा कि बुलंदशहर में पार्टी के सावन में प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए अधिकारियों ने पहले अनुमति का आश्वासन दिया, बाद में सावन का महीना होने के कारण तारीख आगे बढ़ाने को कहा गया। सपा ने कार्यक्रम आगे बढ़ाया, लेकिन इसके बाद भी अनुमति नहीं दी गई।

अखिलेश ने कहा कि बाद में पुलिस लाइन में पानी भरे होने की बात कही गई। उन्होंने तंज किया कि मैंने समझा शायद काली नदी की बाढ़ आ गई। अखिलेश ने पुलिस लाइन का वीडियो दिखाते हुए दावा किया कि वहां पानी नहीं था।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में इतनी खराब सरकार किसी ने नहीं देखी होगी, जहां अधिकारों को छीना जा रहा हो। उन्होंने कहा कि न तानाशाही रही, न दानाशाही रहेगी।

2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर अखिलेश ने कहा कि सपा प्रदेश के लिए घोषणा पत्र जारी करने के साथ जिलावार घोषणा पत्र भी तैयार करेगी। इसमें प्रत्येक जिले के स्थानीय मुद्दों और जरूरतों को प्रमुखता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की समस्याओं के साथ स्थानीय स्तर के मुद्दों को भी चुनावी एजेंडे में शामिल किया जाएगा।


अखिलेश ने भाजपा पर आरक्षण के खिलाफ होने का आरोप लगाया। लखीमपुर के विकास को लेकर उन्होंने सरकार बनने पर पुल और घाटों का निर्माण कराने तथा दुधवा नेशनल पार्क और पीलीभीत के जंगल को एक्सप्रेसवे से जोड़ने का काम करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सपा सरकार बनने पर सभी को मुफ्त इलाज मिलेगा और इलाज के लिए किसी का कार्ड नहीं देखा जाएगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब अखिलेश यादव से आकाश आनंद को समाजवादी पार्टी में शामिल किए जाने के संबंध में सवाल पूछा गया तो उनके जवाब के बाद सियासी गलियारों में चर्चाएं और तेज हो गई।

हालांकि, समाजवादी पार्टी की ओर से आकाश आनंद को पार्टी में शामिल करने को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। ऐसे में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले आकाश आनंद की अगली राजनीतिक राह और यूपी की सियासत में उसके असर पर सबकी नजर बनी हुई है।


## खबरें एक नजर में

### छत से गिरकर दूध विक्रेता की मौत



**मलिहाबाद, लखनऊ।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र के कुशल खेड़ा निवासी रईस गाजी का बीती रात पैर फिसलने से दूसरी मंजिल से खड़ंजे पर गिरने से मौके पर मौत हो गई ग्रामीणों व परिजनों की जानकारी मिलते पर पहुंची रहीमाबाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेज दिया गया मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। लखनऊ जनपद के रहीमाबाद थाना क्षेत्र के जमोलिया के मजरे कुशल खेड़ा निवासी र ईस गाजी उम्र लगभग 52 वर्ष बुधवार रात लगभग आठ बजे गांव में हो रहा रामडोल कार्यक्रम को देखकर घर लौटे और खाना खाने के बाद वह सोने के लिए दूसरी मंजिल की छत पर चले गए रात में पेशाब करने उठे छत पर बाउंड्री न होने के कारण पैर फिसलने से दो मंजिल से नीचे खड़ंजे पर गिर गए उनकी मौके मौत हो गई सुबह ग्रामीण जब अपने खेत जाने लगे को खड़ंजे पर रईस गाजी को मृत पड़े देखा और इसकी जानकारी परिजनों को दी ग्रामीणों व परिजनों ने इसकी जानकारी रहीमाबाद पुलिस को दी मौके पर पहुंची रहीमाबाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा दिया मृतक र ईस दूध बेचने का व्यापार करते थे उनके परिवार में पत्नी मुन्नी दो बेटे फारूक और शाहरुख तथा तीन बेटियां सोनी मोनी और मुस्कान है।

### पत्नी प्रेमी संग मिली तो पति ने करा दी शादी



**मलिहाबाद।** प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के एक जवान ने पत्नी की इच्छा का सम्मान करते हुए उसकी शादी उसके प्रेमी से करा दी। पत्नी चार दिन पहले ससुराल से प्रेमी के साथ चली गई थी। पति ने मलिहाबाद थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने महिला को हरदोई में उसके प्रेमी के साथ बरामद किया। थाने में दोनों परिवारों की मौजूदगी में महिला ने पति के साथ रहने से इनकार करते हुए प्रेमी के साथ रहने की इच्छा जताई। इस पर पति ने कहा कि यदि वह प्रेमी के साथ खुश है तो उसे उसी के साथ रहना चाहिए। इसके बाद दोनों परिवारों की सहमति से स्थानीय परम शिवालय मंदिर में महिला और उसके प्रेमी की शादी करा दी गई। दोनों ने सात फेरे लिए और बाद में महिला प्रेमी के साथ चली गई। घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### अज्ञात चोरों ने दो घरों से पार किया नकदी-जेवरात



**मलिहाबाद, लखनऊ।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मनकौटी में अज्ञात चोरों ने एक ही रात में दो घरों को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर छत के सहारे घर में घुसे लाखो रुपए की नकदी व लाखों के जेवरात समेट कर फरार हो गए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। ज्ञात हो कि रहीमाबाद थाना क्षेत्र के मनकौटी गांव में बुधवार रात पहला निशाना अमन कुमार मौर्य के घर पर रात अज्ञात चोर छत के सहारे आंगन के रास्ते उनके घर में घुसे। अंदर बने कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखे बक्से से उनकी बड़ी बहन की शादी के लिए रखे गए जेवरात और लगभग 3.5 लाख रुपये नकद चोरी कर ले गए। चोर छतों के रास्ते ही फरार हो गए इसी रात चोरों ने पड़ोसी सुनील पुत्र स्व. राम शंकर के घर को भी निशाना बनाया। उनके घर के बने कमरे में रखी अलमारियों व बक्सों से जेवरात व करीब 35 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। पीड़ित अमन ने बताया कि चोरी गए सामान की पूरी सूची बाद में पुलिस को उपलब्ध कराई जाएगी। उसकी तहरीर पर रहीमाबाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरो का पता लगा कर जल्द ही घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

### सिविल अस्पताल में मिलेगी सुपर स्पेशिलिटी सेवा

**लखनऊ।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में मरीजों को अब सुपर स्पेशिलिटी चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा। गुरुवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अस्पताल में न्यूरोलॉजी, नफ्रोलॉजी और कार्डियोलॉजी सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी के साथ स्ट्रोक यूनिट, न्यूरोसर्जरी वार्ड एवं ऑपरेशन थिएटर का शुभारंभ किया। इन सेवाओं से गंभीर एवं जटिल रोगों से पीड़ित मरीजों को बेहतर और समयबद्ध उपचार मिल सकेगा। सिविल अस्पताल और डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के बीच हुए समझौते के तहत लोहिया संस्थान के विशेषज्ञ चिकित्सक सिविल अस्पताल की ओपीडी में मरीजों को परामर्श एवं उपचार प्रदान करेंगे। इससे मरीजों को एक ही स्थान पर विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध होंगी और विशेष रूप से न्यूरोलॉजी एवं स्ट्रोक के मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि सुपर स्पेशिलिटी सेवाओं की इस व्यवस्था का विस्तार प्रदेश के अन्य सरकारी अस्पतालों तक भी किया जाएगा। मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों के बीच समझौते कर विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं जिला स्तर तक पहुंचाई जाएंगी। इससे गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए मरीजों को बार-बार केजीएमयू, लोहिया संस्थान और एसजीपीजीआई जैसे बड़े संस्थानों की ओर जाने की आवश्यकता कम होगी। साथ ही बड़े चिकित्सा संस्थानों पर मरीजों का दबाव भी घटेगा।

# पुल की आस में झाऊबेरिया, पढ़ाई से दूर बच्चे

समृद्धि न्यूज, मलिहाबाद।





सरकार हर गांव को मुख्यधारा से जोड़ने और हर बच्चे को शिक्षा देने का दावा कर रही है, वहीं राजधानी से सटे मलिहाबाद ब्लॉक का एक गांव पुल के लिए तरस रहा है। पुल न होने से जंगल के बीच बसे इस गांव के सैकड़ों बच्चों की पढ़ाई पर ताला लग गया है।

मलिहाबाद विकासखंड की ग्राम सभा रूसेना के मजरा झाऊबेरिया गांव का है। लगभग सैकड़ों की आबादी वाला यह गांव तीन तरफ से घने जंगल से घिरा है। गांव से बाहर निकलने का एकमात्र सहारा बेहता नाले पर बना नीचा रपटा पुल है। बरसात में नाले का जलस्तर थोड़ा सा बढ़ते ही यह पुल 3 से 4 फीट पानी में डूब जाता है और पूरा गांव टापू बन जाता है पुल के डूबते ही सबसे बुरा असर शिक्षा पर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के अंदर बने प्राथमिक विद्यालय तक शिक्षक ही नहीं पहुंच पाते, जिससे स्कूल महीनों बंद पड़ा रहता है। जबकि जूनियर व उच्च प्राथमिक के लिए बच्चों को उफनता बेहता नाला पार करके जाना पड़ता है। बाढ़ के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। मजबूरी में कई अभिभावक अपने छोटे-छोटे बच्चों को गोद में लेकर जान जोखिम में डालकर नाला पार करा रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई नई समस्या नहीं है। हर साल बरसात के 3 से 4 महीने यही हाल रहता है। सैकड़ों बच्चों का पूरा शैक्षिक सत्र खराब हो जाता है। इतना ही नहीं, बीमार होने पर मरीज को अस्पताल ले जाना भी जंग लड़ने जैसा हो जाता है। गांव के लोगों ने जिलाधिकारी लखनऊ और प्रशासन से मांग की है कि बेहता नाले पर एक स्थायी ऊंचे पुल का निर्माण कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि अगर पुल बन जाए तो न सिर्फ बच्चों का भविष्य बच जाएगा, बल्कि जंगल के बीच बसा यह गांव भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकेगा।

### आतिशबाजी कारोबार को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता : ब्रजेश पाठक



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में सुरक्षित, जिम्मेदार और नियमसम्मत आतिशबाजी कारोबार को बढ़ावा देने के साथ व्यापारियों के हितों और जनसुरक्षा के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आतिशबाजी कारोबार से जुड़े व्यापारियों की समस्याओं और आवश्यकताओं को गंभीरता से लेते हुए उनके समाधान के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। ब्रजेश पाठक गुरुवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश फायर वर्क्स डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन के वार्षिक अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से आत्मीय संवाद किया और उनके सुझावों, अपेक्षाओं एवं विभिन्न समस्याओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

# झूलेलाल वाटिका में गणेश उत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में

**▶ 14 सितंबर को विराजेंगे मनौतियों के राजा**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



राजधानी का सबसे बड़ा गणेश उत्सव मनाया जाने वाला झूलेलाल घाट पर इस वर्ष 14 से 25 सितंबर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। गणेश उत्सव को लेकर तैयारी जोरो पर चल रही है। श्री गणेश प्राकट्य कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि गणेश उत्सव का पंडाल बनाने के लिए कोलकाता से करीब 60 कारीगर पिछले एक माह से तैयार कर रहे हैं।

इस बार पंडाल न्यू जर्सी अमेरिका के स्वामी नारायण मन्दिर की थीम पर तैयार हो रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं व पुरुषों की बैठने के लिए अलग-अलग व्यवस्था रहेगी पूरा पंडाल वाटरप्रूफ और वातानुकूलित रहेगा। पंडाल 13 हजार वर्ग फीट मैं तैयार हो रहा है पंडाल की ऊंचाई 80 फीट होगी। अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि इस बार भी भक्त लोग मनौतियों के राजा श्री गजानन के नाम चिट्ठी प्रतिदिन प्रात 10 से शाम 6 बजे तक लिख सकते हैं।

पार्षद रंजीत सिंह ने बताया कि इस बार बच्चों के नए-नए झूले आ रहे हैं फास्ट फूड, आइसक्रीम, चाट के स्टाल रहेंगे। मीना बाजार में महिलाओं के श्रृंगार संबंधी सारी सामग्री के स्टॉल रहेंगे। अखिलेश बंसल, संजय सिंह गांधी, अतुल बंसल ने बताया कि पूरा परिसर मैले जैसा रहेगा जिसमें सभी प्रकार के समान लोग खरीद सकेंगे। उन्होंने बताया कि भक्त लोग मनौतियों के राजा के दर्शन प्रातः 9 बजे से रात 11 बजे तक कर सकेंगे बप्पा की आरती सुबह 9 बजे और शाम 6 बजे हो होगी।

योगेश बंसल ने बताया कि कोलकाता के प्रसिद्ध भजन गायक संजय शर्मा के संगीत निर्देशन में प्रतिदिन भजन संध्या व नृत्य नाटिका का मंचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार बप्पा के दरबार में बाहर के कलाकार भजनों की गंगा बहायेंगे। जिसमें 16 सितंबर को कोलकाता के विकास कपूर 18 सितंबर को झारखंड के आकाश परिचय 20 सितंबर को विनर वॉइस आप इंडिया के सुमित सैनी और 22 सितंबर को महुआ टीवी के आलोक कुमार भजन सुनेंगे।

# आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं के सक्रिय योगदान का आह्वान

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



पंडित दीनदयाल नगर, लखनऊ पूर्व भाग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में रघुवर मैरिज लॉन, फरीदी नगर में युवा उद्यमियों की एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता यूथ आइकॉन एवं एकल अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी (युवा विभाग) दुर्गेश त्रिपाठी रहे।

उन्होंने युवा उद्यमियों को संबोधित करते हुए वर्तमान परिदृश्य में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और ‘आत्मनिर्भर भारत’ के निर्माण में युवाओं के सक्रिय योगदान का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने शिक्षा के साथ संस्कारों की आवश्यकता पर विशेष बल देते हुए कहा कि युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए स्वयं को तैयार करना चाहिए।

लखनऊ पूर्व भाग के सह-संपर्क प्रमुख डॉ. अजय ने ‘पंच परिवर्तन’ में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया जिसमें पांच विषयों पर सज्जन शक्ति के सहयोग से जन जागरण के लिए विशेष प्रयत्न करने के लिए कहा जिन्हें पंच परिवर्तन कहा गया है जिसमें कुटुंब प्रबोधन सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्व आधारित जीवन और नागरिक कर्तव्यबोध से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

अध्यक्षता युवा व्यापारी श्री चंद्रेश द्विवेदी ने की, जबकि संचालन नगर संपर्क प्रमुख श्री सुनील पाण्डेय ने किया। मंच पर नगर कार्यवाह श्री संजय जी की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

इस अवसर पर मुस्कान श्रीवास्तव, अजय दुबे, चंदन, विक्रम, अविनाश वर्मा, प्रतिबिम्ब, मिथिलेश मिश्रा, अतुल, कृष्णा सहित बड़ी संख्या में युवा व्यापारी उपस्थित रहे।

### मिड-डे मील राशन न पहुंचने पर मंत्री सख्त

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** सीतापुर में सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था के अंतर्गत परिवहन ठेकेदार द्वारा मिड-डे मील का राशन संबंधित उचित दर विक्रेताओं तक न पहुंचाए जाने के गंभीर प्रकरण का संज्ञान लेते हुए प्रदेश के खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने कड़ा रुख अपनाया है। मंत्री श्री पाण्डेय ने जिलाधिकारी, सीतापुर को संबंधित परिवहन ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर पंजीकृत कराने तथा संबंधित फर्म को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पूरे प्रकरण में पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण के स्तर पर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित कर उनके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। श्री पाण्डेय ने स्पष्ट कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप शासकीय खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# राजधानी में 160 खतरनाक इमारतें होंगी ध्वस्त

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




**▶ एलडीएम नगर निगम के साथ मिलकर करेगा सर्वे**

लखनऊ में जर्जर और पुरानी इमारतों से होने वाले हादसों को रोकने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने एक बेहद बड़ा और कड़ा कदम उठाया है।

शहर में किसी भी संभावित खतरे को टालने और आम जनता को सुरक्षित माहौल देने के मकसद से प्राधिकरण ने अपनी कॉलोनियों और व्यावसायिक क्षेत्रों में करीब 160 खतरनाक ढांचों को गिराने की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है। इसके लिए सभी इलाकों में जमीनी सर्वे का काम तेजी से शुरू कर दिया गया है। प्राधिकरण की योजना हर इलाके से कम से कम 20-20 ऐसी जीर्ण-शीर्ण इमारतों को चिन्हित करने की है, जो कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती हैं।

चिन्हित की गई सभी संदिग्ध इमारतों को सीधे गिराने के बजाय पहले उनका तकनीकी परीक्षण यानी सेफ्टी ऑडिट कराया जाएगा। इसके लिए विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है। ऑडिट रिपोर्ट में अगर यह साबित होता है कि कोई ढांचा रहने लायक नहीं बचा है और वह किसी भी पल गिर सकता है, तभी उसे जमींदोज करने का अंतिम निर्णय लिया जाएगा। प्राधिकरण प्रशासन ने साफ कर दिया है कि किसी भी निर्माण को बिना विशेषज्ञों की तकनीकी जांच के ध्वस्त नहीं किया जाएगा, ताकि किसी भी मकान मालिक के साथ अन्याय न हो।

एलडीए उपाध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि पूरे लखनऊ शहर की सभी जर्जर संपत्तियों का सर्वे करना अकेले प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। इस कारण नगर निगम के साथ मिलकर इस काम को अंजाम दिया जाएगा।

**पहल** | महासमाधि दिवस पर नीब करोरी बाबा की विरासत को बड़ा सम्मान

# यूपीएसटीडीसी ने शुरू किए पांच प्रकार के खास टूर पैकेज

**▶ पर्यटन सुविधाओं से संवरेगा फिरोजाबाद व फर्रुखाबाद, 12.93 करोड़ रुपये की परियोजनाएं**

**▶ नीब करोरी बाबा की विरासत को संरक्षित कर देश-दुनिया तक पहुंचा रही सरकार : जयवीर सिंह**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ/फर्रुखाबाद।

संत नीब करोरी बाबा के महासमाधि दिवस पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने उनकी आध्यात्मिक विरासत को देश-दुनिया के श्रद्धालुओं तक पहुंचाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। नीब करोरी बाबा के जीवन और विरासत से जुड़े प्रमुख स्थलों को जोड़कर आध्यात्मिक पर्यटन का नया सर्किट विकसित किया जा रहा है।

इसी अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए बाबा नीब करोरी के पांच विशेष टूर पैकेज भी शुरू किए हैं। इसके साथ ही फिरोजाबाद और फर्रुखाबाद में पर्यटन सुविधाओं और बुनियादी ढांचे के विकास पर लगभग 12.93 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

फिरोजाबाद के अकबरपुर को बाबा नीब करोरी की जन्मस्थली के रूप में विकसित किया जा रहा है। फेज-1 के तहत पर्यटन सुविधाओं के विकास पर 8.65 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। इसके अलावा 2.22 करोड़ रुपये की फेज-2 परियोजना का 60 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है और इसे दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। अकबरपुर में 55.44 लाख रुपये की ग्रामीण पर्यटन परियोजना भी जल्द शुरू की जाएगी। वहीं फर्रुखाबाद स्थित नीब करोरी आश्रम के विकास पर 1.51 करोड़ रुपये की परियोजना पूरी हो चुकी है। इन सभी कार्यों का उद्देश्य बाबा से जुड़े स्थलों को बेहतर सुविधाओं के साथ एक व्यवस्थित आध्यात्मिक पर्यटन अनुभव में बदलना है।



नीब करोरी बाबा आश्रम धाम मंदिर (फर्रुखाबाद)

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि नीब करोरी बाबा का महासमाधि दिवस ऐसे संत को याद करने का अवसर है, जिनका आस्था, सादगी और सेवा का संदेश आज भी भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के लोगों को प्रेरित करता है। उन्होंने बताया वर्ष 2017 से पहले बाबा के जीवन और विरासत से जुड़े स्थलों की पर्यटन क्षमता पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अब उनकी विरासत को संरक्षित करने और व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचाने का काम कर रही है। पर्यटन परियोजनाओं, बेहतर सुविधाओं और विशेष रूप से तैयार पर्यटन अनुभवों के माध्यम से बाबा की विरासत को जीवंत रखने के साथ प्रदेश में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के नए अवसर भी तैयार किए जा रहे हैं।

महासमाधि दिवस को खास बनाते हुए यूपीएसटीडीसी ने ‘बाबा नीब करोरी’ के पांच विशेष टूर पैकेज शुरू किए हैं। जिसमें 5 दिन, 3 दिन और 2 दिन की यात्राएं शामिल हैं। पर्यटकों की मांग के आधार पर इन पैकेजों का संचालन दिल्ली और लखनऊ से किया जाएगा। इसका उद्देश्य देश और दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बाबा से जुड़े प्रमुख स्थलों की यात्रा को आसान बनाना है। टूर पैकेज की जानकारी के लिए पर्यटक +91 91490 99890 पर संपर्क कर सकते हैं या यूपीएसटीडीसी की वेबसाइट upstdc.co.in पर जानकारी ले सकते हैं।

> नया नीब करोरी बाबा सर्किट उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध आध्यात्मिक पर्यटन सर्किटों में एक महत्वपूर्ण नया आयाम जोड़ेगा। उन्होंने बताया कि महासमाधि दिवस पर शुरू किए गए विशेष टूर पैकेज इस पहल को और उपयोगी बनाएंगे तथा बाबा की विरासत को भारत के साथ दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से आने वाले लोगों तक पहुंचाने में मदद करेंगे।
>
> **अमृत अभिजात, अपर मुख्य सचिव एवं पर्यटन महानिदेशक**

# गो संरक्षण केंद्र में दो गोवंशों की मौत, चारे की कमी का आरोप

**▶ निरीक्षण में गंदगी और कीड़े मिले**

समृद्धि न्यूज, मलिहाबाद।

गो संरक्षण केन्द्र महदोईया स्थित गो संरक्षण केंद्र में दो गोवंशों की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ओपी सिंह की शिकायत पर हुई है।उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने दो सितंबर को गौ संरक्षण केंद्र का निरीक्षण किया था। इस दौरान परिसर में दो गोवंश मृत मिले। शिकायत के मुताबिक दोनों कुपोषण का शिकार थे।

महदोइया गांव स्थित गौ संरक्षण केंद्र में दो गोवंशों की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ओपी सिंह की शिकायत पर हुई है।उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने 2 सितंबर को गौ संरक्षण केंद्र का निरीक्षण किया था। इस दौरान परिसर में दो गोवंश मृत मिले। शिकायत के मुताबिक, दोनों कुपोषण का शिकार थे। निरीक्षण के दौरान केंद्र में गोवंशों के लिए पर्याप्त हरा चारा, भूसा और साइलेज नहीं मिला। परिसर में गंदगी भी थी। वहां काफी कीड़े-मकौड़े पाए गए। आरोप है कि मृत गोवंशों के शव भी समय पर नहीं हटाए गए।शिकायत में गोवंशों की देखभाल और उनके खाने-पीने के इंतजाम में लापरवाही का आरोप लगाया गया है।उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। उपनिरीक्षक करण सिंह को मामले का जांच अधिकारी बनाया गया है। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है।

# सांसद ने तीन ओपन जिम का किया उद्घाटन

- बोले- सरकार ने हर क्षेत्र में विकास कार्य कराए

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



पुवायां विधानसभा क्षेत्र में तीन ओपन जिम बनाए गए हैं। ये जिम कंजा पुरैना, महुरैना और हरना जाजू नगला गांवों में गेल इंडिया की सीएसआर निधि से बने हैं। गुरुवार को भाजपा सांसद अरुण सागर ने इन तीनों जिम का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान सांसद का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। सांसद अरुण सागर ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में लोगों के स्वास्थ्य के लिए ओपन जिम बहुत फायदेमंद हैं। इनसे उनकी फिटनेस बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति अपने शरीर को बेहतर बनाने के लिए इन जिम का इस्तेमाल कर सकता है। इस कार्यक्रम के दौरान सांसद और पार्टी पदाधिकारियों के बीच आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भी बात हुई। सांसद ने सभी से अपील की कि वे पूरी लगन से सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं। सांसद ने यह भी कहा कि सरकार हर क्षेत्र में विकास कर रही है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार बनने से पहले ग्रामीण इलाकों की सड़कें खराब थीं, जहां पैदल चलना भी मुश्किल था। लेकिन अब उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद गांवों में विकास हुआ है। ग्रामीणों के लिए अच्छी सड़कें बनाई गई हैं और गांवों की सड़कों को मुख्यालय तक के हाईवे से जोड़ा गया है। सांसद ने कहा कि ग्रामीण इलाकों के लोग अक्सर जिम जाकर अपने शरीर पर ध्यान नहीं दे पाते, क्योंकि कई जिम में फीस देनी पड़ती है। अब गेल इंडिया की सीएसआर निधि से बने ये तीनों ओपन जिम किसी की निजी संपत्ति नहीं हैं। यहां कोई भी ग्रामीण आकर मुफ्त में एक्सरसाइज कर सकता है। उन्होंने जोर दिया कि इंसान का स्वास्थ्य ठीक रहना सबसे जरूरी है, क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य ही खुशहाल जिंदगी की कुंजी है। सांसद ने कार्यकर्ताओं के साथ अलग-अलग गांवों में बैठकें भी कीं। उन्होंने सभी से सक्रिय रहने और आने वाले चुनाव में पूरी मेहनत से जुटने की अपील की। सांसद ने कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को गांव के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाना ही सरकार का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सुधीर सिंह, प्रद्युमन शुक्ला, बब्लू दिवाकर, शनि मिश्रा, अनूप द्विवेदी, सत्यपाल गुप्ता, शिवशंकर वर्मा, ग्राम प्रधान प्रशांत पटेल, लक्ष्मण गौतम, विजय अवस्थी, संदीप सिंह, नरेन्द्र गौतम, देवेश शर्मा आदि सम्मानितजनों की उपस्थिति रही।

# विधायक ने ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

**समृद्धि न्यूज, सेहरामऊ दक्षिणी शाहजहांपुर।**



विधानसभा ददरौल क्षेत्र के विधायक अरविंद कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे से क्षेत्रीय गांवों में जन चैपाल लगाई और भ्रमण करते हुए गाँव वालों की समस्याओं को सुनते हुए उनका निस्तारण कराने में मदद करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर विधायक का माल्यार्पण करने के साथ पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। विधायक अरविंद कुमार सिंह नेशनल हाईवे से होकर गाँव चांदापुर, भरगवां होते हुए चैहाना पुर जाने वाले सम्पर्क मार्ग पर पड़ने वाले गाँव सरो रा के बाद ग्राम पंचायत कुतुआपुर के मजरा गाँव मोहद्दीनपुर के कंपोजिट विद्यालय में पहुंचने पर प्रधानाचार्य ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और वहीं गाँव वालों ने माल्यार्पण किया।

इस मौके पर विधायक ने स्कूल में नामांकन कराने वाले छात्रों ध्छात्राओं को पुस्तकें और अन्य उपहार भेंट करते हुए स्कूल के जर्जर भवन, जल भराव और शौचालयों का अवलोकन करने के बाद परिसर में पौधारोपण किया तथा भवन आदि से जल्द निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद विधायक ने गाँव भरगवां और इटौरा में भी जन चैपाल लगाई थी।

# अंतरराष्ट्रीय वैश्य महिला इकाई ने मनाई भगवान श्रीकृष्ण की छठी

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।**



अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई पुवायां की ओर से भगवान की छठी के पावन अवसर पर भव्य अनुष्ठान एक रेस्टोरेंट में आयोजित हुआ। इस मासिक बैठक का आयोजन राधा गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता की तथा भगवान श्रीकृष्ण की छठी महोत्सव को श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया।

कार्यक्रम का दायित्व अध्यक्ष दीपांजली गुप्ता के नेतृत्व में धार्मिक, सांस्कृतिक, भक्ति एवं संगीतमय थीम पर तैयार किया गया था। सखियों ने भजनों के साथ माहौल को भक्तिमय बना दिया। सभी सखियाँ पारंपरिक परिधान से सजी सवरीं थीं। अंत में यशोदा मैया का चयन किया गया जिसकी विजेता शिवानी गुप्ता रहीं। सह विजेता किरन गुप्ता एवं मीना गुप्ता रहीं। कार्यक्रम में अध्यक्ष दीपांजलि, महामंत्री गरिमा, कोषाध्यक्ष देविना, चेयरपर्सन शिवानी, संरक्षक किरन, संरक्षक मीना, संरक्षक शशी, श्रद्धा, राधा, रोली, गौरी, निधि, ज्योति, मनु, ऋचा, रानी, निधि, निरूपम आदि सखियों को श्रद्धा भक्ति से इस पावन अवसर पर पधारने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अध्यक्ष दीपांजलि गुप्ता ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की छठी का यह पावन पर्व प्रेम, भक्ति, एकता और आपसी सौहार्द का संदेश देता है।

# नाले में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

- युवक की मौत के बाद परिवार में मचा कोहराम

**समृद्धि न्यूज, सेहरामऊ दक्षिणी शाहजहांपुर।**





गांव बंदरिया निवासी जागेश्वर के युवा पुत्र की नहाते समय सिवई नाले में डूबने से मौत हो गई। जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे गाँव वालों के साथ परिजनों ने डायल 112 पर काल करके दी। युवक के डूबने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ने फायर ब्रिगेड टीम को मौके पर बुला लिया। जिसने नाले से शव को निकाल कर पुलिस को सौंप दिया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भिजवाया गया है।

गांव बंदरिया निवासी जागेश्वर का 24 वर्षीय पुत्र संकेत उर्फ आशीष कुमार जी एफ कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष का छात्र था। बृहस्पतिवार की सुबह घर से खाना खाने के बाद गाँव के हमउम्र साथी आनन्द, निखिल, मोनू, अनिकेत और चचेरे भाई पुष्पेंद्र के साथ गाँव से बरमौला को जाने वाले सम्पर्क मार्ग पर बहने वाले सिवई नाले में नहाने गया था। साथियों ने बताया कि संकेत उर्फ आशीष कुमार एक बार सिवई नाले के बहने वाले पानी में सड़क मार्ग पर बनी पुलिया पर चढ़कर कूदा और फिर निकलकर दुबारा कूदने के बाद दिखाई नहीं देने पर सभी साथियों ने चीख पुकार मचाते हुए संकेत को तलाश करना शुरू कर दिया। संकेत उर्फ आशीष कुमार के डूबने से मचे कोलाहल की बात गाँव के आकाश ने परिजनों को देने पर मृतक के परिजन गाँव वालों के साथ चीख पुकार मचाते हुए सिवई नाले पर पहुंचे और मृतक को तलाश करने के लिए नाले में डुबकी लगाने लगे। परन्तु निराशा हांथ लगने पर पुलिस ने फायर ब्रिगेड की टीम में शामिल एल एस एम मोहन लाल वर्मा, पुष्पेंद्र सैनी, राम जी यादव, धर्मवीर सिंह, सर्वजीत सिंह ने नाले में डुबकी लगाई और जल्द शव को तलाश करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। शव मिलते ही मौके पर उमड़ी भीड़ शव को देखने के लिए उमड़ पड़ी। मृतक अपने पीछे पिता जागेश्वर माँ पुष्पा देवी, छोटे भाई सुखदेव बहन नीतू को रोता बिलखता छोड़ गया है।

## हाईवे जाम करने वाले हिन्दू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर- शाहजहांपुर।** हाईवे जाम कर यातायात बाधित करने के मामले में नगरिया मोड़ चैकी इंचार्ज सौरभ शुक्ला ने हिन्दू रक्षा दल के जिलाध्यक्ष समेत तीन नामजद व 10-15 अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। दर्ज रिपोर्ट में कहा गया है कि कि बीती एक सितंबर को करीब साढ़े चार बजे उन्हें सूचना प्राप्त हुयी कि आरके वीके पेट्रोलियम पम्प के कुछ आगे भारत पेट्रोलियम के पास एनएच 30 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से गौवंश की मृत्यु हो जाने के कारण नीरज वर्मा पुत्र रामलडैते निवासी ग्राम कुआंडांडा, राहुल वर्मा पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम गुलामखेडा, अभय सक्सेना पुत्र नामालूम निवासी ग्राम केशवपुर

- एक सितंबर को भारत पेट्रोलियम के पास किया था हाईवे जाम

थाना मदनापुर अपने साथ 10-15 अज्ञात अन्य व्यक्तियों के साथ एकत्र होकर हाईवे पर बैठकर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया था। जानबूझकर आवागमन बाधित किये जाने के कारण दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग गयी तथा आम जनमानस, एम्बुलेंस, आवश्यक सेवाओं एवं अन्य राहगीरों के आवागमन में गंभीर व्यवधान उत्पन्न हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर नीरज वर्मा, राहुल वर्मा उपरोक्त तथा उनके 10-15 अज्ञात अन्य व्यक्तियों को मार्ग से हटने तथा यातायात सुचारु करने हेतु समझाया गया। परन्तु काफी समझाने के बावजूद भी उनके द्वारा मार्ग खाली नहीं किया गया। उक्त कृत्य से सार्वजनिक मार्ग पर अवरोध उत्पन्न हुआ तथा लोक आवागमन बाधित हुआ। कोतवाल प्रभाष चंद्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच के मद्देनजर मौके पर करायी गयी वीडियोग्राफी से अज्ञात आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर को लेकर किया जागरूक

**शाहजहांपुर।** उड़ान एक उम्मीद वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा ग्रीन वैली कॉन्वेंट स्कूल में सर्वाइकल कैंसर से बचाव एवं एचपीवी टीकाकरण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक करना तथा समय पर एचपीवी टीकाकरण के लिए प्रेरित करना था।संस्था अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, कारण, बचाव के उपाय तथा एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय पर एचपीवी वैक्सीन लगवाने, जागरूक रहने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने से सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं को बताया कि वैक्सीन सरकार द्वारा नि:शुल्क भी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि उड़ान एक उम्मीद संस्था द्वारा शहर के विभिन्न विद्यालयों में लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं और छात्राओं को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। संस्था द्वारा पूर्व में भी कई टीकाकरण शिविर आयोजित किए गए हैं, जिन्हें अच्छा प्रतिसाद मिला है। नीलम गुप्ता ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्ची इस महत्वपूर्ण टीके से वंचित न रहे। उन्होंने छात्राओं से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और अपने परिवार एवं आसपास की अन्य बालिकाओं को भी टीकाकरण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संस्था सह-अध्यक्ष रश्मि गुप्ता, विद्यालय प्रधानाचार्य शशि गुप्ता, डा. शविना उपस्थित रही।

### बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना, जेवर अनाज किये पार

**जैतीपुर,शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के रम्पुरिया न्यूरिया गांव में चोरी का मामला सामने आया है। यहां एक बंद पड़े मकान में दीवार में सेंध लगाकर चोरों ने जेवर और अनाज पर हाथ साफ कर दिया। मकान मालिक ने अपने पड़ोसी और उसके साथी पर चोरी का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। गांव निवासी रामनिवास ने पुलिस को बताया कि वह परिवार सहित हरियाणा में रहकर मजदूरी करता है। गांव वाला मकान बंद रहता है। आरोप है कि करीब एक सप्ताह पहले पड़ोसी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर मकान की दीवार में नकब लगा दी। चोरों ने कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर एक जोड़ी सोने के कुंडल, मंगलसूत्र, कमरबंद बिछुआ और चांदी की पायल चोरी कर ली। इसके अलावा घर में रखा करीब 7 क्विंटल गेहूं भी चुरा ले गए। रामनिवास के भाई सुरेश ने जब मकान में नकब लगी देखी तो फोन पर पूरी घटना की जानकारी दी। सूचना पर वह गांव पहुंचा और थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस संबंध में थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक-कार की आमने-सामने भिड़ंत, दो युवक घायल

**पुवायां, शाहजहांपुर।** खुटार रोड पर मारवाह मॉडर्न स्कूल के पास गुरुवार को बाइक और स्विफ्ट डिजायर कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुवायां थाना क्षेत्र के मोहल्ला कोर्गंजा निवासी बालक राम का 18 वर्षीय पुत्र इंद्रजीत और रामदुलारे का 18 वर्षीय पुत्र शोभित पुवायां में शान ऑप्टिकल पर काम करते हैं। दुकान के अंदर चूहे पड़े होने के कारण दोनों बाइक से उन्हें खुटार रोड की ओर छोड़ने गए थे। वापस लौटते समय मारवा मॉडर्न स्कूल के पास सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। इधर, हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को ई-रिक्शा की मदद से कोतवाली पहुंचाया और कार को भी कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है।

# पूर्वांचल महासभा ने पौधारोपण कर दिया जल-पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**शाहजहांपुर।** हाजीपुर, वैशाली बिहार के ग्राम कुआरी बुजुर्ग के रहने वाले अमित मकरंद ने हाजीपुर के राम चैरा मंदिर से प्रारंभ की यात्रा से राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली तकह 1050 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर निकले, पर्यावरण संरक्षक अमित मकरंद उर्फ मोनू का शाहजहांपुर पहुंचने पर पूर्वांचल महासभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भव्य स्वागत किया। साथ ही उनके साथ शहर भ्रमण कार्यक्रम के दौरान महासभा के सदस्यों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने का संदेश दिया। पदाधिकारियों ने कहा कि अमित मकरंद की यह पदयात्रा जल संरक्षण, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने की प्रेरणादायी पहल है। महासभा ने उनकी यात्रा की सफलता की कामना करते हुए लोगों से एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने के साथ जल संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। स्वागत कार्यक्रम में पूर्वांचल महासभा के वीरेंद्र नाथ राय, अध्यक्ष सतीश चंद्र मिश्रा, महामंत्री विपुल प्रसाद सिंह, गोरखनाथ गुप्ता, सुनील तिवारी अनिल मौर्य ,सुभाष राय, राजेश सिंह, सच्चिदानंद त्रिपाठी, कामेश्वर सिंह ,निलेश चैबे, ओपी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# नीट में सफलता, कार्तिकेय ने तिलहर को किया गौरवांवित

- राजकीय मेडिकल कॉलेज हरदोई में एमबीबीएस में मिला प्रवेश
- माता-पिता व दादा को बताया सफलता का प्रेरणास्रोत

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**



क्षेत्र के गांव फतेहपुर गैसरा निवासी प्रद्युम्न यादव 'बब्लू' के पुत्र कार्तिकेय यादव ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट में सफलता हासिल कर परिवार के साथ ही क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कार्तिकेय का चयन राजकीय मेडिकल कॉलेज हरदोई में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और बधाई देने वालों का तांता लग गया। कार्तिकेय यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और दादा धीरेंद्र सिंह यादव को देते हुए कहा कि परिवार के निरंतर प्रोत्साहन , मार्गदर्शन और मेहनत की प्रेरणा से उन्होंने लक्ष्य को हासिल किया है । उन्होंने कहा कि डॉक्टर बनने का सपना पूरा करने की दिशा में यह उनके लिए महत्वपूर्ण पड़ाव है और आगे भी पूरी लगन से अध्ययन कर समाज की सेवा करना उनका लक्ष्य रहेगा। कार्तिकेय की सफलता की खबर मिलते ही परिजनों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। ग्रामीणों ने कार्तिकेय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कार्तिकेय की इस उपलब्धि पर जिला पंचायत अध्यक्ष पति अजय प्रताप यादव, विधायक सलोना कुशवाहा, पूर्व विधायक राजेश यादव, ब्लॉक प्रमुख कविता यादव, जिला पंचायत सदस्य पति झब्बू सिंह यादव, भाजपा महामंत्री अरुण यादव 'चैनू' तथा व्यापार मंडल नेता सौरभ गुप्ता 'रवि' समेत तमाम शुभचिंतकों हर्ष व्यक्त करते हुए कार्तिकेय यादव और उनके परिवार को बधाई दी है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि क्षेत्र के युवा इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर तिलहर का नाम रोशन करें।

# भंडारे के साथ चौदह दिवसीय राम कथा का समापन

- श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और समर्पण के मार्ग पर चलने का दिया संदेश



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा स्थित स्व.मिट्ठु लाल वर्मा ईट भट्टे स्थित प्राचीन बाबा तुरंतेश्वर नाथ शिव मंदिर पर चैदह दिन राम कथा के समापन व श्री नंदलाल की छठी के उपलक्ष में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। रामकथा के समापन के दौरान सुंदरकांड का वर्णन करते हुए कथा व्यास स्वामी शांति देव त्यागी जी ने श्री राम तत्व की प्राप्ति ही जीवन का लक्ष्य एवं उद्देश्य बताया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, सेवा, त्याग एवं कर्तव्यपालन की अनुपम प्रेरणा देता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपने जीवन में सदाचार, संस्कार एवं भक्ति को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने तुलसीदास की पंक्तियों का स्मरण कराते हुए बताया कि दान और सेवा करने से धन और पुण्य दोनों की वृद्धि होती है। वहीं, शांति देव जी ने श्री राम तत्व की प्राप्ति ही जीवन का लक्ष्य एवं उद्देश्य बताया। कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, सेवा, त्याग एवं कर्तव्यपालन की अनुपम प्रेरणा देता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपने जीवन में सदाचार, संस्कार एवं भक्ति को अपनाने का आह्वान किया। शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित छठे दिवसीय संगीतमय राम कथा ज्ञान यज्ञ का गुरूवार को पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। इस दौरान महिला भक्तों ने ढोलक मजीरे की थाप सुंदर सुंदर भजन गाये। विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कढी चावल, सब्जी पूडी व हलवे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अजय कुमार वर्मा उर्फ गोलू, पूर्व चैयरमैन अजय कुमार गुप्ता,भईया लाल, छविनाथ कश्यप, राजीव शुक्ला, शंभू दयाल, श्रीपाल, रोहित आदि मौजूद रहे।

# तार बरामदगी के तीन दिन बाद अवर अभियन्ता ने करायी रिपोर्ट दर्ज

**समृद्धि न्यूज, तिलहर शाहजहांपुर।**

- चोरों ने साढ़े तेरह किलोमीटर काट ली थी विद्युत लाइन, सोता रहा विभाग

हाईटेंशन विद्युत लाइन का साढ़े तेरह किलो मीटर तार काट कर चोर पिकअप में भर ले गए और विभाग कुंभकर्णी नींद में सोता रहा। नहर के समीप पिकअप फंस जाने पर ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने तार व पिकअप बरामद कर ली। घटना के तीन दिन बाद विभाग की नींद टूटी। तब जाकर अवर अभियन्ता ने मामला दर्ज कराया। हुआ यूं कि बीती छह सितंबर की सुबह करीब सात बजे कोतवाली क्षेत्र के गुलाम खेड़ा गांव के बाहर पानी से भरे नाले में एक पिकअप फंस जाने पर ग्रामीण एकत्र हो गए। इस दौरान बिजली के एल्युमिनियम तार के बड़े बड़े करीब 15.16 बंडल जो कुछ नाले में तथा कुछ बाहर पड़े नजर आने पर ग्रामीणों ने डायल 112 को सूचना दी। इसके बाद नगरिया मोड़ पुलिस मौके पर पहुंची और तार तथा पिकअप को बरामद कर चौकी ले गयी थी। घटना के तीन दिन बाद विद्युत अवर अभियन्ता ने विद्युत सामग्री चोरी मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। दर्ज रिपोर्ट में कहा गया है कि बीती छह सितंबर को को सुबह करीब सवा सात बजे लाइनमैन द्वारा दूरभाष पर अवगत कराया गया कि 220 केवी पारेषण विद्युत उपकेन्द्र पैना शाहजहांपुर से 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र जमौर को आने वाली 33 के वी लाइन का तार चोरो द्वारा काट लिया गया है एवं तार को गाडी में भरकर ले जाते समय गाडी हकीमपुर निकट गोदाम के पास नहर रोड पर फंस गयी है। सूचना पर वह मौके पर पहुंचे और देखा कि चोरो द्वारा 33 के वी लाइन का तार बोलेरो पिकअप वाहन संख्या यूपी 27 डी टी 4069 मे तार लोड किया गया था। जिसे चोर छोडकर फरार हो गए थे। उन्होंने पूरी लाइन की पेट्रोलिंग करायी। जिससे विभिन्न स्थानों पर करीब 90 स्पैन करीब 13.60 किमी के तार काट कर चोरी कर लिया जाना पाया गया। एवम जिसमे 10 पोल भी क्षतिग्रस्त पाए गए है। गौर तलब है कि उक्त चोरी गए तार व तार को लोड किए जाने बाली पिकअप को पुलिस बीती छह सितम्बर की सुबह ही ग्रामीणों की सूचना पर बरामद कर चुकी है। वहीं विडम्बना यह है कि कुंभकर्णी नींद में सो रहे विद्युत अवर अभियन्ता की ओर से नौ सितंबर को रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

# हैरतः सीएचसी में इकलौते डॉक्टर को एक मिनट में दो मरीजों की इलाज करना मजबूरी

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** गंगा-रामगंगा नदियों की बाढ़ से घिरे क्षेत्र में वायरल बुखार ने पैर पसार दिए हैं। क्षेत्र की सीएचसी जरियनपुर (मिर्जापुर) में प्रतिदिन 800 से 850 तक रोगी पहुंच रहे हैं। इन रोगियों की इलाज के लिए सीएचसी में एकमात्र एमबीबीएस डॉ. आदेश रस्तोगी ही तैनात हैं। शेष बीएएमएस डाक्टर बाढ़ क्षेत्र में कैंप करके बाढ़पीड़ित रोगियों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर रहे हैं। सीएचसी के इकलौते डाक्टर के सहारे 800 से 850 रोगियों की इलाज कैसे हो रही है ? यह खुद में हैरतअंगेज है। सुबह आठ से सांय चार बजे तक आठ घंटे में 800 रोगियों की इलाज का मतलब एक मिनट में लगभग दो रोगियों का परीक्षण और दवा लिखकर काम चलाया जा रहा है। सरकार ने करोड़ों की लागत से यहां जरियनपुर गांव में आलीशान सीएचसी भवन तो बनवा दिया है। इसमें करोड़ों की लागत से एक्सरे मशीन,रोगियों की मल, मूत्र, खून आदि की जांच के लिए पैथोलॉजी, बिजली के न रहने पर जैनरेटर,पांच किलोवॉट का सोलर पैनल आदि सुविधाएं दे रखीं हैं। किंतु रोगियों की इलाज के लिए सीएचसी के मानक के अनुसार डाक्टर, फार्मासिस्ट, नर्स, सफाईकर्मी आदि की व्यवस्था नहीं की है। सीएचसी के अकेले डॉ0 आदेश रस्तोगी को ओपीडी में रोगियों को देखने के साथ ही दुर्घटना या मारपीट में घायल होकर आने वालों का डाक्टरी परीक्षण करने के साथ ही जिले पर होने वाली बैठकों में भाग लेने मुख्यालय जाना और सरकारी योजनाओं के संचालन की भी जिम्मेदारी पूरी करनी पड़ती है। जिससे अकेले डाक्टर इतनी बड़ी संख्या में आने वाले रोगियों की इलाज करते हैं या रोगियों को पर्चे पर दवाइयां लिखकर टालते होंगे। इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है। सीएचसी प्रभारी डॉ. आदेश रस्तोगी कहते हैं कि फील्ड में काम करने वाली 13 एएनएम का भी गैर जनपद स्थानांतरण हो गया है। उनके रिक्त हुए पद पर एक भी एएनएम की पोस्टिंग नहीं हुई है।

# शंकर महाराज मंदिर पर हुआ भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।**

- श्रीकृष्ण भगवान को लगाया कढ़ी-चावल का भोग
- श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया छठी उत्सव



परशुरामपुरी जलालाबाद स्थित प्रसिद्ध शंकर महाराज मंदिर परिसर में बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण के छठी उत्सव के पावन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। शंकर महाराज मंदिर, दुर्गा मंदिर, हनुमान जी महाराज एवं काली माता मंदिर परिसर में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का आयोजन मंदिर के प्रबंधक एवं पुजारी गौरी शंकर त्रिवेदी के नेतृत्व में किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण, शंकर महाराज, माता दुर्गा, हनुमान जी महाराज एवं काली माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। छठी उत्सव के अवसर पर विधि-विधान के साथ भगवान श्रीकृष्ण को कढ़ी-चावल का भोग अर्पित किया गया। इसके बाद भंडारे का शुभारंभ हुआ। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की गई थी। देखते ही देखते भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे। मंदिर प्रबंधन एवं सहयोगियों द्वारा श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं के लिए कढ़ी-चावल सहित अन्य प्रसाद की व्यवस्था की गई। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर मंदिर के प्रबंधक एवं पुजारी गौरी शंकर त्रिवेदी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की छठी का पर्व श्रद्धा और आस्था का पर्व है। उन्होंने कहा कि मंदिर में समय-समय पर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें क्षेत्र के लोग बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हैं। उन्होंने भंडारे में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं, सेवाभावी लोगों और कार्यक्रम में पहुंचे भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजन तभी सफल होता है, जब उसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता हो। आयोजन के समापन पर भगवान श्रीकृष्ण एवं देवी-देवताओं की आरती कर सभी के मंगल की कामना की गई इस दौरान विशेष रूप से सहयोगी रहे। विनोद राजपूत, शोभित शुक्ला, राजेश तिवारी, कृष्ण कुमार पांडे, बृजनंदन लाल तिवारी ने प्रसाद वितरण में सहभागिता करते हुए विकास राठौर, अनिल कुशवाहा, प्रधान देवेश्वर राठौड़, राजू तिवारी, लव कुश तिवारी, विवेक त्रिवेदी, राजन त्रिवेदी, आयुष गुप्ता, लालू गुप्ता, पत्रकार विमल गुप्ता, कमल पांडे, प्रियंका गुप्ता, आकाश मिश्रा, दिनेश सिंह, अनुराग मिश्रा, मास्टर संजीव अवस्थी, भूपेंद्र सिंह प्रबंधक विशाल गुप्ता प्रधानाचार्य ठाकुर छोटू सिंह आदि मौजूद रहे।

# अंशुमान मैसी बने दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री, बधाई देने वालों का तांता

- पिता आशीष मैसी के सपनों को साकार करने में जुटे अंशुमान

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अंशुमान कुमार सिंह मैसी को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा राज्य अल्पसंख्यक आयोग उ. प्र. सरकार का सदस्य (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) मनोनीत किया गया है। अंशुमान मैसी अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष स्व. डा. आशीष मैसी के बडे पुत्र हैं और वर्तमान में जिला सहकारी बैंक शाहजहांपुर के डायरेक्टर व एन.टी.आई. लोधीपुर शाहजहांपुर के निदेशक हैं। कम उम्र में बडी सीढियां चढने का हौसला इनके भविष्य की ओर अवश्य संकेत दे रहा है। जनपद के अनेक भाजपा नेताओ ने उन्हें बधाई दी है। प्रेस क्लब शाहजहांपुर के अध्यक्ष सरदार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार गुप्त, शिवकुमार, मो. इरफान, पंकज सक्सेना, प्रेमशंकर गंगवार, ओंकार मनीषी, आरिफ सिद्दीकी, रामलडैते तिवारी, विशेक मिश्रा, प्रभाकर मिश्रा, आशिफ, शिशांत शुक्ला, अमित सक्सेना, संजय श्रीवास्तव, विनय पांडेय आदि ने उन्हें बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। इससे पूर्व अंशुमान मैसी के पिता डा. आशीष कुमार मैसी अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन रह चुके हैं। उनके पद को सुशोभित करने के लिए अंशुमान मैसी ने सदस्य बनकर आगे की रणनीति तैयार की है। शाहजहांपुर के गणमान्य नागरिकों का बधाई देने का तांता उनके आवास पर लगा हुआ है। आवास पर आने वालों का स्वागत करने में आकाश मैसी बढ़चढकर भाग ले रहे है। सुबह से शाम तक सैकड़ों लोग बधाई देने पहुंच रहे उनके आवास पर।

# मुख्य मार्ग पर भरा दलदल ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**बंडा, शाहजहांपुर।** मुख्य मार्ग पर दलदल भरा होने से स्कूल को जाने वाले बच्चे और ग्रामीणों को निकलने में भारी परेशानी हो रही है वहीं मरीजो के लिए आने जाने वाली एंबुलेंस भी गांव तक नहीं पहुंच पाती है। ग्रामीणों ने विधायक और डीएम से पक्का मार्ग बनवाए जाने मांग की है। गांव रसूलपुर गढ़िया के सुधीर कश्यप, सतनाम सिंह, कमर दीप सिंह, राजकुमार यादव, चंद्रपाल, सागर आदि लोगों ने बताया कि उनके गांव से कुंवरपुर रति गांव होते हुए बंडा के लिए जाने वाला मुख्य मार्ग का कुछ हिस्सा मनरेगा के तहत कच्चा बना हुआ है जिस पर बरसात में दलदल बन जाता है कई बार चुनाव के वक्त नेताओं से कहा गया तो उन्होंने पक्का बनवाने का वादा किया लेकिन अभी तक नहीं बन सका ग्रामीणों ने डीएम और विधायक से पक्का मार्ग बनवाए जाने की मांग करते हुए नहीं बनने पर धरने के साथ चक्का जाम करने की चेतावनी भी दी है।

# 5 अक्टूबर को सजेगा ग्लैमर का मंच महिलाएं दिखाएंगीं अपना हुनर

- जिले में पहली बार होगा क्वीन ऑफ शाहजहांपुर-2 का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



ब्यूटी और मेकअप के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और हुनर दिखाने की इच्छुक महिलाओं के लिए शाहजहांपुर में बड़ा मंच तैयार होने जा रहा है। आगामी 5 अक्टूबर को गांधी भवन सभागार में 'क्वीन ऑफ शाहजहांपुर-2' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर शहर के एक होटल में प्रेसवार्ता आयोजित की गई, जिसमें आयोजक श्वेता शर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी मीडिया से साझा की।आयोजक श्वेता शर्मा ने बताया कि जिस किसी महिला में ब्यूटी, मेकअप, स्टाइलिंग और ग्लैमर के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का हुनर है, वह इस आयोजन में प्रतिभाग करने के लिए आवेदन कर सकती है। प्रतियोगिता का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराना और उनके हुनर को नई पहचान दिलाना है।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिभागियों को अपनी कला प्रदर्शित करने के साथ ही ब्यूटी एवं मेकअप इंडस्ट्री से जुड़े विशेषज्ञों और सेलिब्रिटी कलाकारों से मिलने का अवसर भी मिलेगा। कार्यक्रम में सेलिब्रिटी एक्टर सिद्धार्थ डंडा, मेकअप आर्टिस्ट आदित्य आर्य, मेकअप आर्टिस्ट प्राची श्रीवास्तव और सेलिब्रिटी एंकर ऋषभ वर्मा विशेष रूप से शामिल होंगे।सेलिब्रिटी एंकर ऋषभ वर्मा अपनी एंकरिंग से कार्यक्रम में मनोरंजन का रंग भरेंगे, जबकि मेकअप और ग्लैमर इंडस्ट्री से जुड़े विशेषज्ञ प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाएंगे। आयोजक ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इच्छुक प्रतिभागियों के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और संपर्क के लिए मोबाइल नंबर भी जारी किया गया है। प्रतिभाग करने के लिए मोबाइल नंबर 9026112026, 7880947603 व 7985352087 पर संपर्क कर सकते हैं।

## खबरें एक नजर में

### एडीएम प्रशासन ने किये 12 लेखपाल इधर से उधर



**शाहजहांपुर।** जनपद में राजस्व विभाग में सरकारी कामकाजों को रफ्तार एवं जनता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के आदेश के क्रम में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने गुरुवार को 12 लेखपालों के कार्यक्षेत्र बदल दिए हैं। जिसमें लेखपाल मनोज कुमार पुवायां से जलालाबाद, विनोद राना तिलहर से पुवायां, अभिनव श्रीवास्तव पुवायां से सदर,आदर्श कुमार तिलहर से जलालाबाद, हिमांशु रंजन पुवायां से तिलहर, पवन यादव जलालाबाद से तिलहर, पवनेश यादव जलालाबाद से तिलहर, अविनाश यादव जलालाबाद से तिलहर, सचिन यादव जलालाबाद से सदर, शिवाजी यादव जलालाबाद से पुवायां व सतनाम चैरासिया सदर से पुवायां तहसील भेजें गये है।

### एसडीए सख्त, बेसमेंट में व्यावसायिक प्रतिष्ठान होंगे चिंहित

**शाहजहांपुर।** महानगर क्षेत्र में बेसमेंट में चल रहे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को लेकर एक बार शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। एसडीए ने कड़ा संदेश दिया है कि बगैर नक्शा पास किसी तरह की व्यावासिक गतिविधियां नहीं कर सकेगें। साथ साथ बेसमेंट का उपयोग सिर्फ पार्किंग, स्टोर एवं नक्शा में पास चीजों के लिए ही किया जा सकेगा। सिटी मजिस्ट्रेट/एसडीए सचिव रजनीकांत ने बताया कि विकास प्राधिकरण का रुख साफ है कि बेसमेंट में व्यावसायिक गतिविधियों पर पूरी तरह रोक है। जो भी अभी तक पूर्व में कार्यवाही की गई है, ऐसी ही एक्शन आगे भी जारी रहेगा। बेसमेंट में सिर्फ़ पार्किंग व स्टोर जैसी ही गतिविधियां हो सकती है। उन्होंने बताया कि जिन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, अस्पतालों व कोचिंग संस्थानों के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, वो लोग अपनी व्यवस्था करा लें। जल्द ही इसके लिए अभियान चलाया जाएगा। क्योंकि पार्किंग स्थल न होने से आए दिन जाम की समस्या शहर में रहती है। इसको लेकर जिला प्रशासन कार्य कर रहा है कि जाम की वजह से शहरवासियों को कोई दिक्कत न आए।

### विधवा की तीन भैंसे चोरी की पुलिस दर्ज नहीं कर रही रिपोर्ट

**तिलहर-शाहजहांपुर।** एक पखवाड़े पूर्व विधवा की तीन भैंसे चोरी हो जाने के मामले में पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न करने की तिलहर पुलिस की संवेदनहीनता सामने आई है । वहीं सीसीटीवी फुटेज में भैंसों को ले जाने और पीड़ित विधवा के लगातार थाना पुलिस के चक्कर लगाने पर भी पुलिस नहीं पसीज रही है। कोतवाली क्षेत्र के गांव राईखेड़ा की विधवा सुमन पत्नी स्व वीर पाल ने बताया कि बीती 26 अगस्त को बगिया में चरने के दौरान उसकी तीन भैंसे चोरी हो गयीं थी ! तलाश में सीसीटीवी फुटेज चेक कराए तो दो लोग भैंसों को ले जाते हुए चौक कोतवाली इलाके के ककरा कलां से निकलते हुए दिखाई दिए। उनके हाथ में लोहे की जंजीर और हरा चारा भी दिखाई दे रहा है। इसके आगे का कोई फुटेज नहीं मिल सका। सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों का चेहरा स्पष्ट होने के चलते पुलिस ने तलाश करना तो दूर उसकी रिपोर्ट भी दर्ज नही की है। पीड़िता सुमन के मुताबिक पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को शिकायती पत्र देने पर उन्होंने तिलहर कोतवाल को फोन कर तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे। कोतवाल ने उन्हें बुलाया और नामजद तहरीर देने का दबाव बनाने लगे। पीड़िता का कहना है जब वह आरोपियों को जानती नहीं हैं तो नामजद तहरीर कैसे दे।

### तेज रफ्तार टेंपो पलटा, कई यात्री घायल

**पूरनपुर।** भगवंतापुर के पास तेज रफ्तार टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में कई यात्री घायल हो गए। अचानक टेंपो पलटने से यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। बताया गया कि भगवंतापुर निवासी मोहम्मद आसिन अपनी पत्नी गुलफान के साथ अपने ससुर की अंत्येष्टि में शामिल होने शाहजहांपुर जा रहे थे। टेंपो में अन्य यात्री भी सवार थे। लुकटिहाई के पास पहुंचते ही तेज गति के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और टेंपो सड़क पर पलट गया। हादसे में मोहम्मद आसिन घायल हो गए, जबकि अन्य यात्रियों को भी चोटें आईं। दुर्घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और घायलों की मदद की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि टेंपो की रफ्तार अधिक होने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कई वन क्षेत्रों में जलभराव एवं बाढ़ की स्थिति बनी



**लखीमपुर खीरी।** मानसून सत्र में इस प्रकार की स्थितियाँ लगभग प्रतिवर्ष रहती हैं, परंतु इस बार निरंतर बारिश होने की वजह से जिन क्षेत्रों में कभी जलभराव नहीं रहता था, उन क्षेत्रों में भी जलभराव है। जगदीश आर उपनिदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी के निर्देशन में हालांकि मानसून सत्र की इस प्रकार की आपदाओं से निपटने के लिए पूर्व से सशक्त तैयारियाँ सुनिश्चित की गई हैं। अधिकारी/ कर्मचारी निरंतर वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा हेतु उपलब्ध संसाधनों की सहायता से पेट्रोलिंग/मानीटरिंग कर रहे हैं। आकस्मिक स्थितियों के निपटान हेतु प्रभागीय स्तर से क्षेत्रीय वन अधिकारी पर्यटन रेंज के नेतृत्व में रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा भी तत्परतापूर्वक निरंतर मानीटरिंग की जा रही है। विपरीत स्थितियों में भी दुधवा के ग्रीन सोल्जर्स वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा में निरंतर तत्पर हैं।

# प्रतीक गर्ग बने विश्व हिंदू रक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष

- नगर आगमन पर हुआ स्वागत

**समृद्धि न्यूज, तिलहर- शाहजहांपुर।**



विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने तिलहर निवासी प्रतीक गर्ग को जनपद शाहजहांपुर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। उनके नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े के साथ फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष प्रतीक गर्ग नगर के मोहल्ला मौजम पुर निवासी बाला जी आरामिल और बालाजी फर्निचर शोरूम स्वामी श्याम गर्ग के ज्येष्ठ पुत्र हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष राधा रमण मिश्रा की संस्तुति पर बीते दिन लखनऊ स्थित कार्यालय पर उन्हें मनोनयन पत्र देकर अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने परिषद को मजबूत करने के निर्देश के साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नगर आगमन पर भक्शी तिराहे पर पारिषद कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों ने प्रतीक गर्ग का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर राधा रमण मिश्रा, सुरेंद्र सिंघल, सुरेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र राठौर समेत तमाम लोग शामिल रहे।

# तीसरे दिन भी जारी रहा अधिवक्ताओं का धरना-प्रदर्शन

- एसडीएम की कार्यशैली से काफी नाराज हैं सदर के वकील

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



तहसील सदर में एसडीएम सदर की कार्यशैली के विरोध में अधिवक्ताओं का आंदोलन तीसरे दिन भी जारी रहा। लगातार तीसरे दिन किसी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी के वार्ता के लिए सामने न आने से अधिवक्ताओं का आक्रोश और बढ़ गया। नाराज वकीलों ने तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए तहसील प्रशासन और एसडीएम सदर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तहसील बार के संरक्षक रज्जन बाबू मिश्रा और अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने पूर्ण कार्य बहिष्कार जारी रखा। बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर प्रशासन की कार्यशैली के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया और अधिकारियों से तत्काल वार्ता कर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। अधिवक्ताओं का आरोप है कि तीन दिन से आंदोलन चलने के बावजूद प्रशासन की ओर से उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। उनका कहना है कि वार्ता के लिए किसी जिम्मेदार अधिकारी का आगे न आना प्रशासन की संवेदनहीनता और हठधर्मिता को दर्शाता है। कार्य बहिष्कार के चलते तहसील में न्यायिक एवं राजस्व संबंधी कामकाज प्रभावित रहा। बैनामा, दाखिल-खारिज सहित विभिन्न राजस्व कार्यों के साथ तहसील की अदालती प्रक्रियाएं भी प्रभावित हुईं। इससे दूर-दराज से अपनी समस्याएं लेकर तहसील पहुंचे फरियादियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा और कई लोगों को बिना काम कराए वापस लौटना पड़ा। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि प्रशासन की उपेक्षा से उनका आंदोलन कमजोर नहीं होगा। उनका कहना है कि जब तक एसडीएम सदर अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं करते और अधिवक्ताओं के साथ वार्ता कर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं करते, तब तक कार्य बहिष्कार, धरना-प्रदर्शन और नारेबाजी जारी रहेगी।

# बाढ़ः नाव बनी राहत की राह, गांव पहुंची योगी सरकार की मदद

- नाव से उत्तमपुरवा व लोधपुरवा पहुंचे जनप्रतिनिधि और प्रशासन
- 250 प्रभावित परिवारों को गांव में ही बांटी राहत किट

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर-खीरी।**



बाढ़ के पानी ने रास्ते रोक दिए तो राहत की राह नाव से होकर गांव तक पहुंची। तहसील सदर के ब्लॉक नकहा अंतर्गत ग्राम रेहरिया के मजरा उत्तमपुरवा और लोधपुरवा में बाढ़ प्रभावित परिवारों तक राहत पहुंचाने के लिए जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, सदर विधायक योगेश वर्मा और उपजिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट लखीमपुर चेलवा राजू आर., तहसीलदार मुकेश कुमार वर्मा नाव से गांव पहुंचे। करीब आधे घंटे का सफर तय कर मौके पर ही 250 प्रभावित परिवारों को राहत किट वितरित की।

**पानी ने घेरा, सरकार ने संभालाः** बाढ़ के चलते गांवों तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण था। जलभराव के बीच नाव से पहुंचे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद किया और उनकी जरूरतों की जानकारी ली। राहत लेने के लिए ग्रामीणों को पानी पार कर कहीं जाने की जरूरत न पड़े, इसके लिए सरकारी राहत खुद उनके गांव और उनके दरवाजे तक पहुंची।

**विधायक बोले- संकट में हर परिवार तक पहुंचेगी मददः** सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि बाढ़ जैसी आपदा में प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। राहत कार्य लगातार जारी हैं। सरकार और प्रशासन का जोर इस बात पर है कि संकट की घड़ी में कोई भी प्रभावित परिवार सहायता से वंचित न रहे और राहत सामग्री जरूरतमंदों तक सीधे पहुंचाई जाए।

**राहत किट में राशन के साथ जरूरत का पूरा सामानः** प्रत्येक लाभार्थी को दी गई किट में 2.5 किग्रा लाई, 2 किग्रा गैर-भुना चना, 2 किग्रा भुना चना, 1 किग्रा चीनी, 10 पैकेट बिस्कुट, 1 पैकेट माचिस, 1 पैकेट मोमबत्ती और 2 नग नहाने का साबुन शामिल हैं। इसके साथ 18 लीटर की ढक्कनदार बाल्टी और 12×10 वर्गफुट का 110 GSM से कम मोटाई का त्रिपाल भी दिया गया। खाद्यान्न में 10 किग्रा आटा, 10 किग्रा चावल, 2 किग्रा अरहर दाल, 10 किग्रा आलू, 200 ग्राम हल्दी, 100 ग्राम पिसी मिर्च, 200 ग्राम सब्जी मसाला, 1 लीटर सरसों का तेल/रिफाइंड और 1 किग्रा नमक शामिल है। महिलाओं और परिवारों की दैनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 20 सैनिटरी पैड, 2 नग कपड़े धोने का साबुन, 1 तौलिया, 1 मीटर सूती कपड़ा, 20 डिस्पोजेबल बैग, 1 मग और 100 मिलीलीटर डेटाल/सेवलॉन भी राहत किट का हिस्सा हैं।

### पीएमएसए लखीमपुर इकाई का चुनाव संपन्न, डॉ. रामू सिंह वर्मा बने अध्यक्ष, सचिव पद पर मुकाबला टाई



**लखीमपुर खीरी।** प्रोविंशियल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की लखीमपुर इकाई का चुनाव गुरुवार को एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव में डॉ. रामू सिंह वर्मा ने भारी मतों से जीत दर्ज कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया, जबकि सचिव पद पर दो प्रत्याशियों को बराबर वोट मिलने के कारण फैसला केंद्रीय कार्यकारिणी की सलाह पर छोड़ दिया गया है। ?चुनाव अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार रावत व डॉ. धनीराम भार्गव द्वारा जारी सामूहिक बयान के अनुसार, जनपद में संघ के कुल 86 सदस्य पंजीकृत हैं, जिनमें से 74 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद के मुकाबले में डॉ. रामू सिंह वर्मा को 54 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी डॉ. लालजी पासी को 18 वोट प्राप्त हुए। वहीं, सचिव पद के लिए खड़े डॉ. अमित कुमार सिंह और डॉ. पंकज कुमार को बराबर-बराबर वोट मिले, जिस वजह से इस पद के परिणाम पर निर्णय केंद्रीय कार्यकारिणी से मंत्रणा के बाद लिया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया के दौरान कई अन्य पदों पर पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए, जिनमें उपाध्यक्ष महिला पद पर डॉ. प्रतिभा अवस्थी, उपाध्यक्ष सामान्य पद पर डॉ. अभिषेक साहू व डॉ. दीपेंद्र गौतम, उपाध्यक्ष रूरल पद पर डॉ. अजय वर्मा, और उपाध्यक्ष मुख्यालय पद पर डॉ. दिनेश पुष्कर चुने गए। इसके अलावा, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. अमितेश द्विवेदी, वित्त सचिव पद पर डॉ. शिवपूजन अवस्थी तथा संपादक पद पर डॉ. विनोद कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव परिणाम आने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया तथा उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई दी।

### यूपीडब्लूजेयू ने डीएम को सौंपा 6 सूत्रीय ज्ञापन



**लखीमपुर खीरी।** उप्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने अध्यक्ष कुलदीप पाहवा व महामंत्री शबाब खां के नेतृत्व में जिलाधिकारी खीरी अंजनी कुमार से मुलाकात करके उन्हें 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। यूनियन द्वारा दिये गए ज्ञापन में अध्यक्ष कुलदीप पाहवा ने कहा कि शासन द्वारा जिला स्तर पर पत्रकारों के उत्पीड़न व हितों के लिए एक स्थायी समिति का गठन किये जाने के निर्देश है लेकिन पिछले काफी समय से जनपद में स्थायी समिति का गठन नही किया गया है, जिसे जल्द से जल्द गठित किया जाए ताकि पत्रकार उत्पीड़न एवं हितों के सम्बंध में आवश्यक कार्यवाही सम्भव हो सके। साथ ही यह भी मांग की गई कि जनपद खीरी से प्रकाशित साप्ताहिक व पाक्षिक समाचार पत्रों के जनपद सम्पादकों का परिचय पत्र जारी किया जाए। इसके अलावा पत्रकार हित में लखीमपुर में प्रेस क्लब भवन का निर्माण कराए जाए। श्री पाहवा ने डीएम से कहा कि आवास विकास विभाग उप्र द्वारा शहर लखीमपुर में जो आवासीय कालोनी विकसित करने की जो योजना प्रस्तावित है उसमें पत्रकारों के लिए भू खण्ड/आवास आरक्षित किये जाये। ज्ञापन के माध्यम से श्री पाहवा ने जिला सूचना कार्यालय में सहायक निदेशक की शीघ्र नियुक्ति किये जाने की मांग पर भी जोर दिया। इसके अलावा शासन से मान्यता प्राप्त पत्रकारों को पेंशन योजना के तहत यथाशीघ्र पेंशन उपलब्ध कराए जाने की भी मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान यूनियन के सदस्य रईस अहमद उस्मानी, धीरज कुमार, कौशलेंद्र गुप्ता, ब्रम्ह ऋषि नागर, बीके सिंह, शुभम त्रिपाठी, डॉ. राकेश कुमार शर्मा, सुरेंद्र कुमार मिश्रा, रितेश भसीन व विवेक गुप्ता समेत कई पत्रकार मौजूद रहे।

# बूथ की चौखट तक संगठन पहुंचाने में जुटी सपा

- शिक्षक एमएलसी चुनाव पर भी कसी कमर
- मासिक बैठक में चारों विस क्षेत्रों के संगठन की हुई समीक्षा

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**



2027 की चुनावी तैयारियों के बीच समाजवादी पार्टी ने संगठन को बूथ स्तर तक धार देने की कवायद तेज कर दी है। गुरुवार को केजीएन कॉलोनी स्थित नकटदाना चौराहा के जिला कैंप कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक में पार्टी ने चारों विधानसभा क्षेत्रों के संगठन की नब्ज टटोली और बूथ को चुनावी रणनीति का केंद्र बनाने पर जोर दिया। बैठक में आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर भी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की रणनीति पर मंथन हुआ। बैठक की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' ने की, जबकि संचालन 127 विधानसभा अध्यक्ष इम्तियाज अली ने किया। इस दौरान सेक्टर, जोन और बूथ स्तर के पदाधिकारियों की सक्रियता की समीक्षा के साथ फ्रंटल संगठनों को भी पूरी ताकत से मैदान में उतारने पर जोर दिया गया।

**चार विधानसभा, एक लक्ष्य—बूथ मजबूत तो संगठन मजबूतः** बैठक में जिले की चारों विधानसभा सीटों में संगठन की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की गई। सेक्टर और जोन प्रभारियों से लेकर बूथ प्रभारियों तक की जिम्मेदारियों और सक्रियता को लेकर पदाधिकारियों से जानकारी ली गई।जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' ने कहा कि विधानसभा चुनाव की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए संगठन को केवल जिला और विधानसभा स्तर पर नहीं, बल्कि हर बूथ तक मजबूत करने की जरूरत है।

**400 सक्रिय सदस्य, हर बूथ पर संगठन की नई दीवारः** जिलाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक बूथ पर लगभग 400 सक्रिय सदस्य बनाने के अभियान को गति दी जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताते हुए कहा कि चुनावी सफलता का आधार मजबूत बूथ संगठन ही है।उन्होंने फ्रंटल संगठनों की नियमित बैठकें आयोजित करने, संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति देने और पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने के लिए संचार व्यवस्था मजबूत करने पर भी जोर दिया।

बैठक में पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, काशीराम सरोज, बालक रामसागर, गयासुद्दीन, रूप राम कश्यप, जिला प्रवक्ता अमित पाठक सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आयुष्मान कार्ड की धीमी रफ्तार पर केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद नाराज

- दिशा की बैठक में स्वास्थ्य बिजली समेत विकास योजनाओं की हुई गहन समीक्षा
- पांच दिन में आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्ययोजना मांगी, डीएम को साप्ताहिक समीक्षा के निर्देश

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**



विकास योजनाओं की रफ्तार और जमीनी हकीकत परखने के लिए गुरुवार को गांधी सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद जितिन प्रसाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान जहां कई बिंदुओं पर अधिकारियों को तेजी लाने के निर्देश दिए गए, वहीं आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी प्रगति पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पात्र लोगों को योजना का लाभ दिलाने में किसी प्रकार की सुस्ती नहीं होनी चाहिए। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए पांच दिन के भीतर कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने और जिलाधिकारी को इसकी साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए।

**आयुष्मान योजना में सुस्ती पर सख्ती, पांच दिन में मांगा रोडमैपः** बैठक में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान आयुष्मान भारत योजना प्रमुखता से सामने रही। जितिन प्रसाद ने लक्ष्य के सापेक्ष बनाए गए आयुष्मान कार्डों की संख्या की जानकारी ली। प्रगति अपेक्षा के अनुरूप न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को कार्ययोजना तैयार कर तेजी से कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाना प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए जिलाधिकारी स्तर से नियमित निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

**बाढ़-कटान से लेकर पशुओं के टीकाकरण तक, तैयारियों की ली जानकारीः** बाढ़ और कटान से बचाव की व्यवस्था की समीक्षा में अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड ने बताया कि जनपद में कुल 11 परियोजनाएं स्वीकृत हुई थीं और उनके कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूरे कराए गए हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं को बीमारी से बचाने के लिए चल रहे टीकाकरण अभियान की भी जानकारी ली गई।

**119 गांवों में पहुंचेगी बिजली, जर्जर तारों पर भी फोकसः** विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद में 119 गांव चिन्हित किए गए हैं, जहां शीघ्र विद्युतीकरण कराया जाएगा। केंद्रीय राज्यमंत्री ने लंबे समय से एक ही क्षेत्र में तैनात लाइनमैनों की स्थिति की भी समीक्षा करने को कहा। आवश्यकता के अनुसार उन्हें दूसरे क्षेत्रों में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन की समीक्षा में अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण ने बताया कि जिले के 655 गांव योजना से आच्छादित किए जा चुके हैं। इस पर जितिन प्रसाद ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से पांच-पांच गांवों का स्थलीय सत्यापन कराने के निर्देश दिए, ताकि योजनाओं की वास्तविक स्थिति सामने आ सके।

बैठक में जिला पंचायत प्रशासक डॉ. दलजीत कौर, विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान, विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानन्द, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता देवी वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, सीडीओ सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# हत्या के प्रयास के मामले में वांछित गिरफ्तार

**पीलीभीत।** पूरनपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाना पूरनपुर में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद उसे विधिक कार्रवाई के तहत न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक सात सितंबर को मोहल्ला खानकां निवासी आमिर खान पुत्र कल्लन खान ने थाने में तहरीर दी थी। आरोप था कि सद्दीक खां पुत्र वजीर खां निवासी मोहल्ला खानकां, वार्ड नंबर 13 अपने अन्य साथियों के साथ एक राय होकर दोपहर करीब 12 बजे उसके घर में घुस आया। आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसके भाई सराफत के सिर पर जान से मारने की नीयत से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मु0अ0सं0 389/26 में धारा 191(2), 191(3), 190, 333, 115(2), 351(3) व 109(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

### सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2005 जिसका अनुक्रमांक 859419 के अंकपत्र व सहप्रमाण पत्र वास्तव में खो गए है। **नीरज कुमारी पांडेय पुत्री लालबहादुर पांडेय नि.ग्रा. कुइंया इलाका कटैया पो. बरेंड़ा तहसील सदर जिला शाहजहांपुर**

## ब्रिक्स को नई दिशा देता भारत

नई दिल्ली में 12 और 13 सितंबर को होने वाला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन इस संगठन के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। अपनी स्थापना की 20वीं वर्षगांठ के वर्ष में हो रही यह बैठक यह तय करने में अहम होगी कि विभिन्न राजनीतिक और आर्थिक हितों वाले देशों का यह समूह व्यावहारिक सहयोग का प्रभावी मंच बन पाया है या नहीं। भारत की अध्यक्षता में हुए व्यापक प्रयासों ने ब्रिक्स को केवल घोषणाओं के मंच से आगे ले जाने की कोशिश की है। अब इन पहलों के ठोस परिणाम सामने आना जरूरी है।

20 सितंबर, 2006 को न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र की बैठकों के दौरान ब्रिक्स की स्थापना हुई थी। उस समय इस संगठन को लेकर बहुत अधिक उम्मीदें नहीं थीं, लेकिन दो दशक में इसका दायरा लगातार बढ़ा है। आज विश्व की लगभग आधी आबादी और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में करीब 40 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाला ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का महत्वपूर्ण समूह बन चुका है।

हालांकि इसकी सबसे बड़ी विशेषता इसकी विविधता है। सदस्य देशों के बीच साझा भू-राजनीतिक एजेंडा नहीं है। मौद्रिक और सुरक्षा नीतियों को लेकर भी एकरूपता नहीं है। भारत और चीन के बीच प्रतिस्पर्धा के बावजूद दोनों ब्रिक्स में सहयोग करते हैं। इसी तरह ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात अपनी क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्विताओं के बावजूद एक मंच पर आते हैं। यही विविधता ब्रिक्स को किसी कठोर राजनीतिक गठबंधन के बजाय लचीले और संवाद आधारित मंच के रूप में बनाए रखती है।

भारत ने अपनी अध्यक्षता के दौरान इस मंच को व्यापक आधार देने का प्रयास किया। देश के 30 शहरों में 35 अलग-अलग विषयों पर 350 से अधिक बैठकें आयोजित की गईं। इसमें केंद्र और राज्य सरकारों के साथ उद्योग, शोध संस्थानों तथा समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी रही। इसका उद्देश्य केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि ऐसी पहलों को आगे बढ़ाना रहा जिनका असर सदस्य देशों के बीच वास्तविक सहयोग पर दिखाई दे।

भारत की अध्यक्षता का जोर सक्षमता, नवाचार, परस्पर तालमेल और टिकाऊ भविष्य पर रहा है। लाजिस्टिक्स नेटवर्क, बैटरी और ऊर्जा भंडारण, नए उद्यमों के लिए पूंजी, छोटे उद्योगों की वैश्विक पहुंच, आसान सीमा शुल्क प्रक्रिया और जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों को प्राथमिकता दी गई। आयुष, पारंपरिक चिकित्सा और मानसिक स्वास्थ्य को ब्रिक्स के विमर्श में शामिल करना भी भारत की अलग पहल रही है। इससे संगठन का एजेंडा पारंपरिक आर्थिक सहयोग से आगे बढ़कर मानव-केंद्रित विकास की ओर गया है।

शिखर सम्मेलन में डालर पर निर्भरता कम करने का मुद्दा भी प्रमुख रहेगा। इसका अर्थ डालर के वर्चस्व को तत्काल समाप्त करना नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में विकल्प बढ़ाना है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार वैश्विक विदेशी मुद्रा भंडार में डालर की हिस्सेदारी 1999 के 72 प्रतिशत से घटकर 2026 की शुरुआत में 57.1 प्रतिशत रह गई है। फिर भी डालर की स्थिति मजबूत है। उसकी जैसी विश्वसनीयता, व्यापक बाजार और तरलता किसी दूसरी मुद्रा के पास नहीं है। ऐसे में ब्रिक्स के लिए साझा मुद्रा का विचार फिलहाल व्यावहारिक नहीं दिखता। इसके लिए सदस्य देशों के बीच व्यापक आर्थिक सहमति और मौद्रिक संप्रभुता से जुड़े बड़े समझौते की आवश्यकता होगी। इसलिए अधिक व्यावहारिक रास्ता यही है कि चुनिंदा द्विपक्षीय व्यापार में स्थानीय मुद्राओं का इस्तेमाल बढ़ाया जाए, डिजिटल भुगतान प्रणालियों को जोड़ा जाए और स्थानीय स्तर पर ऋण तथा वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाई जाए। व्यापार के क्षेत्र में भी ब्रिक्स देशों की प्राथमिकता स्पष्ट है। शुल्क यानी टैरिफ के माध्यम से व्यापारिक प्रतिबंधों के बढ़ते इस्तेमाल के बीच सदस्य देश आपूर्ति शृंखलाओं और बाजारों के विविधीकरण पर जोर दे रहे हैं। किसी एक बाजार पर अत्यधिक निर्भरता आर्थिक जोखिम बढ़ाती है। ऐसे में वैकल्पिक बाजारों और भुगतान प्रणालियों का विकास ब्रिक्स देशों के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। ब्रिक्स की प्रभावशीलता की एक बड़ी परीक्षा न्यू डेवलपमेंट बैंक यानी एनडीबी के स्तर पर होगी। 2015 से अब तक बैंक ने केवल भारत के लिए बुनियादी ढांचा विकास से जुड़ी परियोजनाओं के लिए करीब 10 अरब डालर मंजूर किए हैं। इसके बावजूद वित्तीय आकार, पहुंच और प्रभाव के मामले में वह विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक से काफी पीछे है। भारत की अध्यक्षता की सफलता इस बात से भी तय होगी कि वह एनडीबी की ऋण प्रक्रिया, परियोजनाओं की तैयारी और स्थानीय मुद्राओं में वित्तपोषण को बढ़ावा देने वाले सुधार कितनी मजबूती से आगे बढ़ा पाता है। ब्रिक्स की सफलता का पैमाना केवल दिल्ली में होने वाली बैठकों और घोषणाओं से तय नहीं होगा। वास्तविक कसौटी यह होगी कि भारत की अध्यक्षता में शुरू की गई पहल कितनी दूर तक जमीन पर उतरती हैं। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि अगले वर्ष चीन को अध्यक्षता सौंपे जाने के बाद ये पहल जारी रहती हैं या नहीं। भारत ने ब्रिक्स को अधिक व्यावहारिक, समावेशी और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किया है। अब जरूरत इन प्रयासों को स्थायी संस्थागत व्यवस्था में बदलने की है। यदि स्थानीय मुद्राओं में व्यापार, डिजिटल भुगतान, विकास वित्त, स्वास्थ्य, ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में ठोस प्रगति होती है तो ब्रिक्स की उपयोगिता और बढ़ेगी। यही भारत की अध्यक्षता की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी और यही इस संगठन के अगले दो दशकों की दिशा भी तय कर सकती है।

## दो टूक




# अशोक सिद्धार्थ संन्यास, आकाश फिर बसपा से क्यों हुए बाहर?


हरिमोहन वाजपेयी माधव

आज जब चारों ओर जेन-जी का शोर है और लगभग सभी राजनीतिक दल, खासकर भाजपा, युवा पीढ़ी से जुड़ने के लिए अभियान चला रहे हैं, ऐसे समय में बहुजन समाज पार्टी की राजनीति एक अलग ही मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इसके साथ ही आकाश के समर्थन में धर्म सिंह के बसपा से इस्तीफा देने से पार्टी के भीतर चल रही खींचतान खुलकर सामने आ गई है।



आकाश आनंद को पहली बार पार्टी से बाहर नहीं किया गया है। इस बार भी उनके खिलाफ कार्रवाई की वजहें कमोवेश वही हैं, जिनके चलते पहले उन पर कार्रवाई हुई थी। अंतर इतना है कि इस बार पूरा घटनाक्रम उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ के राजनीतिक भविष्य और मायावती की उनसे नाराजगी के इर्द-गिर्द घूमता दिखाई दे रहा है।

बसपा में लंबे समय से अंतर्कलह की स्थिति रही है। जय प्रकाश सिंह, अशोक सिद्धार्थ, रणधीर सिंह बेनीवाल और धर्मवीर अशोक जैसे अनुभवी नेताओं के खिलाफ अलग-अलग समय में कार्रवाई होती रही। कई नेताओं को पार्टी से बाहर किया गया, फिर वापस लिया गया और बाद में दोबारा कार्रवाई का सामना करना पड़ा। धर्मवीर अशोक और रणधीर सिंह बेनीवाल जैसे नेताओं की वापसी भी हुई। इससे यह सवाल लगातार उठता रहा कि आखिर बसपा में संगठनात्मक स्थिरता क्यों नहीं बन पा रही है।

आकाश आनंद के मामले में मायावती ने बुधवार को ही संकेत दे दिया था कि उनकी नाराजगी गंभीर है। उनसे राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर का पद वापस लिया गया। इससे पहले मायावती लंबे समय से अशोक सिद्धार्थ के रवैये से असंतुष्ट थीं। उन्होंने यह तक स्पष्ट कर दिया था कि यदि अशोक सिद्धार्थ अपने दामाद आकाश आनंद का राजनीतिक भला चाहते हैं तो उन्हें राजनीति से संन्यास ले लेना चाहिए।

मायावती की अपेक्षा केवल इतनी नहीं थी कि वरिष्ठ नेता पार्टी में पद संभालें। उनका कहना था कि जिन लोगों को संगठन में विशेष जिम्मेदारी और महत्व मिला है, उनसे सामान्य कार्यकर्ताओं की तुलना में अधिक त्याग, तपस्या और समर्पण की अपेक्षा होती है। उन्हें पद और प्रतिष्ठा तथा निजी एवं पारिवारिक स्वार्थ से ऊपर उठकर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर और कांशीराम के विचारों को आगे बढ़ाना चाहिए। अशोक सिद्धार्थ के प्रति मायावती की नाराजगी का असर आकाश आनंद पर भी पड़ता दिखाई दिया। हालांकि मायावती स्वयं आकाश की कार्यशैली से भी पूरी तरह संतुष्ट नहीं थीं, लेकिन घटनाक्रम ने यह संकेत दिया कि आकाश और उनके ससुर के बीच राजनीतिक समीकरण भी इस विवाद का अहम हिस्सा बन गए हैं। छोटे भतीजे ईशान को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिया जाना भी इसी बदलाव के संकेत के रूप में देखा गया।

बुधवार को मायावती ने यह स्पष्ट किया था कि अशोक सिद्धार्थ के राजनीति से पूर्ण रूप से संन्यास लेने के बाद ही आकाश आनंद को पहले जैसी जिम्मेदारी दिए जाने पर विचार किया जाएगा। इसलिए गुरुवार को अशोक सिद्धार्थ के राजनीति से संन्यास की घोषणा और उसके बाद आकाश को पार्टी से पूरी तरह मुक्त करने का फैसला खासा महत्वपूर्ण है। पहली नजर में यह घटनाक्रम विरोधाभासी जरूर लगता है, लेकिन मायावती के बयान से साफ है कि उनके लिए मामला केवल अशोक सिद्धार्थ के राजनीति में रहने या न रहने तक सीमित नहीं था।

अशोक सिद्धार्थ के संन्यास पर मायावती ने इसे देर आए, दुरुस्त आए जैसा फैसला बताया। उनका कहना था कि यदि अशोक सिद्धार्थ ने पहले ही राजनीति से संन्यास ले लिया होता तो बसपा और बहुजन आंदोलन के हित में उन्हें कई बार कड़े फैसले लेने की जरूरत नहीं पड़ती और आकाश आनंद को भी इतनी कठिन परिस्थितियों का सामना नहीं करना पड़ता।

मायावती ने आकाश आनंद के रवैये पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आकाश ने उनके एक्स अकाउंट पर अशोक सिद्धार्थ से संबंधित पोस्ट को पुनः साझा नहीं किया, जबकि वह पोस्ट उनके हित और भलाई के लिए थी। मायावती के अनुसार, पहले आकाश उनके पोस्ट पुनः साझा करके अपनी वफादारी जताते रहे हैं। अब उनका यह व्यवहार बताता है कि पारिवारिक लगाव उनके लिए पार्टी और बहुजन आंदोलन के हित से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

यहीं से बसपा की मौजूदा राजनीति का सबसे बड़ा सवाल पैदा होता है। क्या मायावती एक बार फिर संगठन को अपने पुराने ढांचे में ले जाना चाहती हैं या पार्टी में नई पीढ़ी को कोई दूसरा चेहरा देने की तैयारी है? आकाश आनंद को पहले राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाया गया था। युवा चेहरे के रूप में उनकी राजनीतिक सक्रियता को बसपा की नई पीढ़ी से जोड़ने की कोशिश के रूप में देखा गया था। ऐसे में उन्हें फिर बाहर किया जाना पार्टी की भविष्य की रणनीति पर भी सवाल खड़े करता है।

यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब 2027 के विधानसभा चुनाव की राजनीतिक जमीन तैयार होने लगी है। दूसरी पार्टियां युवा, महिला और नए मतदाताओं को अपने साथ जोड़ने की रणनीति बना रही हैं। ऐसे समय में बसपा के सामने अपनी संगठनात्मक एकजुटता बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती है। बसपा की मौजूदा राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यह लड़ाई केवल एक परिवार या कुछ नेताओं के बीच मतभेद की नहीं रह गई है। पार्टी के सामने अपना खोया जनाधार वापस पाने और संगठन को फिर से सक्रिय करने की चुनौती है। विधानसभा चुनाव में उसकी भूमिका कितनी प्रभावी होगी, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि अगले कुछ महीनों में मायावती संगठन को किस दिशा में ले जाती हैं।

अशोक सिद्धार्थ का संन्यास और आकाश आनंद को फिर बाहर किया जाना फिलहाल बसपा के भीतर चल रहे एक लंबे विवाद का नया अध्याय है। लेकिन यह अध्याय यहीं समाप्त होगा या इसके बाद संगठन में और बड़े बदलाव होंगे, इसका जवाब आने वाला समय देगा। इतना जरूर है कि 2027 से पहले बसपा को केवल चुनावी रणनीति ही नहीं, बल्कि अपने संगठन और नेतृत्व की दिशा भी स्पष्ट करनी होगी।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# महीयसी महादेवी वर्मा साहित्य की एकान्त साधिका थीं

आचार्य पं. पृथ्वीनाथ पाण्डेय

एक हठधर्मी और मुखर कवयित्री का आज निधन-दिनांक है; क्योंकि 11 सितम्बर, 1987 ई0 को महीयसी महादेवी वर्मा जी का इलाहाबाद (वर्तमान मे प्रयागराज) में शरीरान्त हो गया था, जो उनकी कर्मभूमि थी। जहाँ तक उनकी जन्मभूमि का विषय है तो उनका जन्म 26 मार्च, 1907 ई0 को संयुक्त प्रान्त आगरा-अवध के फर्रुखाबाद मे हुआ था। बताया जाता है कि उनके परिवार में दो सौ वर्ष किसी कन्या का जन्म हुआ था; यानी सात पीढ़ियों के बाद। उनके बाबा बाबू बाँकेबिहारी उस कन्यारत्न की प्राप्ति से इतने उत्फुल्ल हुए थे कि उन्होंने उसका नामकरण महादेवी कर दिया था। उस कन्या के पिता गोविन्दप्रसाद वर्मा और माता हेमरानी देवी ने यथाशक्य लालन-पालन किया। पिता एक अध्यापक थे, जबकि माँ धर्मपरायण गृहिणी और विदुषी थीं।

वे हिन्दी और संस्कृत-भाषाओं की जानकार थीं। यद्यपि उनका बाल विवाह स्वरूपनारायण वर्मा के साथ हुआ था तथापि उन्होंने आजीवन एक अविवाहिता के रूप मे जीवन-यापन किया था और आजीवन श्वेत-वसना रहीं। उन्होंने अपने पति से पुनर्विवाह करने के लिए आग्रह भी किया था; परन्तु उन्हें सफलता नहीं मिल पायी। उनके भीतर एक आक्रोश था, हठधर्मिता थी और थी, उन्मुक्त वैचारिक विचरण के विरुद्ध खड़ी की गयी वर्ज्य दीवारों को चुनौती देनेवाली प्रतिकार की मनः दशा। वे सुशिक्षिता के रूप मे समाज के सम्मुख स्वयं को प्रस्तुत करना चाहती थीं। वे बालपन से ही सामाजिक व्यवस्था के अत्याचार, विशेषतः नारी-उत्पीड़न को निकट से देखती आ रही थीं, इसलिए वैवाहिक सम्बन्ध के प्रति उनका मोहभंग हो चुका था। वे अपनी अनन्य सखी कविता-कामिनी को साथ लेकर अपने जीवन का सारस्वत शृंगार करने की अभिलाषी थीं। उनकी वेदना में जिस अनुभूति की गहनता का दर्शन होता है, उसमे उनकी व्यक्तिगत पीड़ा, करुणा तथा उद्विग्नता का स्वर मुखरित होता है।


शिक्षाग्रहण के प्रति उनमे अप्रतिहत इच्छा और आकांक्षा थी। उनका हिन्दी के प्रति अनुराग कितना व्यापक था, इसका ज्ञान और भान तब होता है जब उन्होंने किसी कान्वेण्ट स्कूल में अपने प्रवेश को लेकर अपना खुला विरोध प्रकट किया था, जिसके कारण इलाहाबाद में बाई का बाग-मुहल्ले में ग्रैण्ड ट्रैंक रोड (जी0 टी0 रोड) के मुख्य मार्ग पर स्थित क्रॉस्थवेट स्कूल में उन्हें प्रवेश कराया गया गया था। प्रवेश पाने के बाद महादेवी की साहित्य-साधना अबाध्य गति मे चलती रही। वहाँ वे वहाँ के छात्रावास में रहती थीं। वहाँ समाज के हर सम्प्रदाय, जाति, वर्गादिक की छात्राएँ रहती थीं, जिनमें पारस्परिक एकता था; सब सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहती थीं। ये सब देख-समझकर बालिका महादेवी के भीतर का एकान्त छँटता रहा। सुभद्रा कुमारी चौहान से उनकी भेंट उसी विद्यालय में हुई थी, तब महादेवी जी पाँचवीं और सुभद्रा जी सातवीं कक्षा में पढ़ती थीं। मिडिल स्कूल में अध्ययन से पूर्व ही महादेवी जी का ध्यान बाह्य जीवन के दुःख की ओर गया और तभी से अबला, विधवा आदिक शीर्षक से शब्दचित्र स्थान पा चुके थे। स्कूल के छात्रावास में महादेवी जी बहुत कम बोलती थीं। वे गुमसुम बैठीं अध्ययन करती रहती थीं और अवकाश मिलने पर रचनाधर्मिता के साथ जुड़ जाती थीं। हिन्दी-साहित्य के प्रसिद्ध कवि श्रीधर पाठक की पुत्री ललिता पाठक के साथ उनका विशेष लगाव था। स्कूल में उनका जीवन बाल भगतिन-जैसा था। वे अपनी इसी संकुचन की प्रवृत्ति के कारण कवि-सम्मेलनों मे अधिक भाग नहीं ले पाती थीं। विद्यापीठ और घर में बाहरी-भीतरी क्षेत्र की सीमाएँ रहीं। रचना-स्तर पर वे और सुभद्रा एकसाथ रहती थीं। उन्होंने लिखा था, जब बाकी बच्चे बाहर खेलते थे, तब मैं और सुभद्रा पेड़ पर बैठकर अपने रचनात्मक विचारों को एक साथ बैठकर व्यक्त करते थे... वह खड़ी बोली मे लिखती थीं और जल्द ही मैंने भी खड़ी बोली में लिखना शुरू कर दिया... इस तरह हम हर दिन एक या दो कविताएँ लिख लेते थे... उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय स्नातक और संस्कृत-साहित्य में स्नातकोत्तर की उपाधियाँ अर्जित की थीं।

वे इलाहाबाद से प्रकाशित क्रान्तिकारी पत्रिका चाँद में वर्ष 1931 से वर्ष 1934 तक लिखती रहीं, जिनमें से 21 निबन्धों का संकलन नारी की स्थिति, अधिकार, कार्यक्षेत्र, व्यवसाय, समस्याओं तथा समाज में नारी की स्थिति का अमूल्य दस्तावेज है। साहित्यिक परिवार से इलाहाबाद मे आनेवाले साहित्यकारों के लिए तो उनका निवास घर-जैसा ही था; किन्तु अन्य अतिथियों के लिए भी उनका द्वार मुक्त रूप से खुला ही रहता था। मैथिलीशरण गुप्त ने कहा था, मेरी प्रयाग-यात्रा केवल संगम-स्नान से पूरी नहीं होती; उसको सर्वथा सार्थक बनाने के लिए मुझे सरस्वती (महादेवी) के दर्शन के लिए प्रयाग महिला विद्यापीठ जाना पड़ता है। संगम में कुछ फूल-अक्षत चढ़ाना पड़ता है। सरस्वती मन्दिर में कुछ प्रसाद मिलता है। साहित्यकार संसद् हिन्दी के लिए उन्हीं का प्रसाद है। महाप्राण उपाधियुक्त सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला ने उनकी हिन्दी के विशाल मन्दिर की सरस्वती के नाम से प्रतिष्ठा की थी। वे निराला जी को अपना भाई मानती थीं, जिसका निर्वहण करते हुए, वे आजीवन निराला जी की कलाइयों मे राखी बाँधती रहीं। उनकी रचनाशीलता में वेदना का जो अजस्त्र रस फूटा, उसने उन्हें आधुनिक मीराँ (मीरा अनुपयुक्त है; क्योंकि राजस्थानी बोली में मीराँ का ही प्रयोग होता है। मीराँबाई राजस्थानी ही थीं।) की उपाधि से भी समलंकृत किया था। उनकी महती स्थापना हिन्दी-साहित्य मे छायावादी-युग के अन्तर्गत प्रसाद-पन्त-निराला के अनन्तर चतुर्थ स्तम्भ के रूप मे रही है। महादेवी जी का रचनापक्ष अज्ञात प्रियतम के प्रति एक प्रकार के गूढ़ प्रेम और जिज्ञासा से परिपूर्ण संलक्षित होता था। वह अज्ञात प्रियतम उनका परमात्मा होता था। वे निसर्ग के सुकोमल रूपों का जिस कमनीयता के साथ प्रस्तुत करती थीं, वह मन को मुग्ध कर लेता था। यही कारण है कि उनके सर्जन में परमात्मा और प्रकृति (निसर्ग) के प्रति प्रेम का जो निदर्शन प्राप्त होता है, वह दुर्लभ है।

महादेवी जी विविध आयोजनो में जीवन पक्ष, सामाजिक पक्ष, सामाजिक प्रतिक्रिया तथा सामाजिक मूल्यों आदिक विषयों पर विशद (सुस्पष्ट) और विस्तृत (बृहद्) चर्चा करती थीं। यह एक अलग विषय है कि वे नितान्त अन्तर्मुखी थीं; विरोध को जीती आ रही थीं और प्रतिकार करने की क्षमता भी विकसित कर लेती थीं। ऐसा नहीं देखा गया कि वे समकालीन साहित्यकारों में इतनी घुली-मिली रही हों अथवा घुल-मिल जाती रही हों। हाँ, वे सभी का समादर करती थीं। **यही** कारण है कि जब भी कोई बाहर का साहित्यकार इलाहाबाद आता था, वह महादेवी जी से मिलने की अभिलाषा को प्राथमिकता देता था।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोरस


संजय एम तराणेकर

### तंत्र सोता रहा...!

जर्जर इमारतें गिरती रहीं, तंत्र सोता रहा,
दीवारों की दरारें खूब चीखती रहीं,
हमेशा शहर खामोश होता रहा।
किसी छत ने पहले ही कहा था-
卐अब मुझमें दम नहीं है,卐
किसी खंभे ने भी काँपकर पूछा था-
卐क्या? मेरा भी कोई गम नहीं है?卐
फाइलों के नीचे दबा, सवाल सोता रहा,
जर्जर इमारतें गिरती रहीं, तंत्र सोता रहा।

हर बारिश में रिसती थी छत,
गर्मी में तपती दीवार, मरम्मत के नाम,
बनता रहा कागजी संसार।
निरीक्षण की मुहर लगती रही,
जिम्मेदारी टलती रही,
जब तक दीवार खड़ी थी,
सबको वह 卐इमारत卐 दिखाई दी,
गिरी तो अचानक सबने कहा-
卐हमें तो पहले से आशंका थी।卐
जर्जर इमारतें गिरती रहीं, तंत्र सोता रहा।



# जल बचाने की मुहिम में जनभागीदारी जरूरी

डॉ. प्रियंका सौरभ



भारत में पानी की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। कई इलाकों में भूजल स्तर नीचे जा रहा है, तालाब और कुएं सूख रहे हैं तथा खेती और पीने के पानी के लिए भूजल पर निर्भरता बढ़ रही है। ऐसे समय में पानी बचाने की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं हो सकती। इसमें आम लोगों की भागीदारी भी जरूरी है। इसी सोच के साथ 'जल संचय जन भागीदारी' अभियान शुरू किया गया है।

6 सितंबर 2024 को शुरू किए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बारिश के पानी को बचाना, भूजल स्तर बढ़ाना और स्थानीय स्तर पर पानी के स्रोतों को मजबूत करना है। इसके तहत कम खर्च में जल संरक्षण की संरचनाएं बनाने, पुराने और बंद पड़े नलकूपों को फिर से उपयोगी बनाने तथा स्थानीय जरूरत के अनुसार जल संरक्षण के उपाय करने पर जोर दिया जा रहा है।

इस अभियान की खास बात यह है कि इसमें सरकार के साथ आम जनता, पंचायतें, सामाजिक संगठन और कंपनियां भी जुड़ सकती हैं। इसका आधार तीन 'सी' हैं- समुदाय, कंपनियों का सामाजिक दायित्व और लागत। यानी समुदाय की भागीदारी, कंपनियों की सामाजिक जिम्मेदारी और कम खर्च में जल संरक्षण। इससे जल संरक्षण को केवल सरकारी योजना न बनाकर जन-अभियान बनाने की कोशिश की जा रही है।

इस दिशा में बड़ी संख्या में जल संरक्षण संरचनाएं बनाई गई हैं। पहले चरण के तहत मई 2025 तक देश में 27 लाख से अधिक जल संरक्षण संरचनाएं बनाई गईं। इसके बाद जून 2025 में दूसरा चरण शुरू किया गया। मई 2026 तक डेढ़ करोड़ से अधिक भूजल पुनर्भरण संरचनाएं बनाई जा चुकी थीं। 3 सितंबर 2026 तक यह संख्या एक करोड़ 58 लाख से अधिक हो गई। यह आंकड़ा बताता है कि देश में जल संरक्षण को बड़े स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है।

केवल संरचनाएं बना देना काफी नहीं है। उनका सही स्थान पर बनना, नियमित रखरखाव और सही उपयोग भी जरूरी है। यदि बारिश का पानी इन संरचनाओं तक पहुंचे ही नहीं या कुछ वर्षों बाद वे मिट्टी और कचरे से भर जाएं तो उनका उद्देश्य पूरा नहीं होगा। इसलिए स्थानीय लोगों को इनके रखरखाव की जिम्मेदारी भी लेनी होगी।

भारत में पानी बचाने की परंपरा पहले से रही है। गांवों में तालाब, कुएं, बावड़ियां, जोहड़ और छोटे बांध लोगों की जरूरत पूरी करते थे। हरियाणा और राजस्थान सहित देश के कई हिस्सों में आज भी पुराने जल स्रोत इसकी याद दिलाते हैं। आधुनिक विकास के दौरान हमने इन स्रोतों की उपेक्षा की और भूजल का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल शुरू कर दिया। अब समय है कि पुरानी समझ को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़ा जाए। इसी उद्देश्य से जल संचय जन भागीदारी को 'वर्षा जल संचयन' अभियान से भी जोड़ा गया है। जून 2026 में इसे 'जल शक्ति अभियान-वर्षा जल संचयन' के साथ मिलाकर नया रूप दिया गया। इसका सीधा संदेश है- बारिश की हर बूंद को व्यर्थ बहने से रोकना और उसे जमीन में पहुंचाना।

जल संकट का एक बड़ा कारण खेती में पानी का अधिक इस्तेमाल भी है। कई किसान ऐसी फसलें उगाते हैं जिनमें बहुत अधिक पानी लगता है। भूजल निकालने के लिए लगातार नलकूप चलाए जाते हैं। इससे जमीन के नीचे का पानी तेजी से कम होता है। इसलिए पानी बचाने के लिए फसल विविधता, बूंद-बूंद सिंचाई, फुहार सिंचाई और कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देना जरूरी है। जल संरक्षण में ग्राम पंचायतों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो सकती है। हर गांव अपना 'जल बजट' तैयार कर सकता है। इसमें यह देखा जाए कि गांव में सालभर में कितना पानी आता है, कितना पानी खेती और घरों में खर्च होता है और कितना पानी जमीन में वापस पहुंचाया जा सकता है। इससे लोगों को अपने क्षेत्र में पानी की वास्तविक स्थिति समझने में मदद मिलेगी।

विद्यालय और महाविद्यालय भी इस काम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बच्चों को केवल किताबों में जल संरक्षण पढ़ाने के बजाय विद्यालय परिसर में वर्षाजल संचयन, पौधारोपण और पानी की बचत की व्यवस्था करनी चाहिए। बच्चों के माध्यम से पानी बचाने का संदेश घरों तक भी पहुंच सकता है।

1 और 2 सितंबर 2026 को हुए जल शक्ति मंत्रालय के विभागीय सम्मेलन में भी केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल पर जोर दिया गया। जल संरक्षण के साथ जल जागरूकता, प्रशिक्षण, राज्यों के बीच अनुभव साझा करने और पानी से जुड़े सही आंकड़े तैयार करने की जरूरत पर भी चर्चा हुई। यह जरूरी है, क्योंकि पानी की समस्या हर राज्य और हर क्षेत्र में एक जैसी नहीं है। कहीं बाढ़ की समस्या है तो कहीं सूखे की।

जल संरक्षण को सफल बनाने के लिए सबसे जरूरी है कि लोगों की सोच बदले। नल खुला छोड़ना, बारिश के पानी को नालियों में बहने देना, तालाबों पर कब्जा करना और भूजल का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करना बंद करना होगा। पानी को असीमित संसाधन मानने की सोच बदलनी होगी।

जल संचय जन भागीदारी की असली सफलता केवल इस बात से तय नहीं होगी कि कितनी संरचनाएं बनाई गईं। सफलता तब होगी जब तालाबों में पानी लौटे, भूजल स्तर सुधरे, किसानों की पानी पर निर्भरता कम हो और आम लोग पानी बचाने को अपनी जिम्मेदारी समझें। भारत में जल सुरक्षा केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है। सरकार दिशा और संसाधन दे सकती है, लेकिन पानी बचाने की आदत समाज को खुद विकसित करनी होगी। हर बूंद बचाना, हर जल स्रोत को बचाना और हर व्यक्ति को जल संरक्षण से जोड़ना ही भविष्य के सुरक्षित भारत की जरूरत है।

**(यह लेखिका के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### कुएं में उतराता मिला युवक का शव

**बिवांर (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के टीहर गांव में गुरुवार सुबह कुएं में युवक का शव उतराता मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान हेमंत यादव (30) पुत्र जगदेव यादव के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार, हेमंत सोमवार से घर से लापता था। बुधवार शाम पिता ने पुलिस चौकी में गुमशुदगी की तहरीर दी थी। गुरुवार सुबह प्रभात फेरी के लिए निकले ग्रामीणों को कुएं के पास दुर्गंध आई। झांककर देखने पर शव दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक हार्वेस्टर चालक था और उसका तीन वर्षीय बेटा है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### कोडीन कफ सिरप कांड में एसटीएफ का टेढ़ा में छापा, एक पकड़ा

**सुमेरपुर।** बांदा में पकड़े गए 30 हजार शीशी प्रतिबंधित कोडीन कफ सिरप के मामले में एसटीएफ ने बुधवार देर शाम टेढ़ा गांव में छापा मारकर मुख्य आरोपी के बहनोई रविंद्र गुप्ता को पकड़ लिया। टीम उसके मेडिकल स्टोर से कुछ प्रतिबंधित दवाएं भी बरामद कर अपने साथ ले गई। कार्रवाई से मेडिकल संचालकों में हड़कंप है। तीन सितंबर को बांदा पुलिस और एसटीएफ ने पुनाहुर के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर डीसीएम से कोडीन कफ सिरप की खेप पकड़ी थी। मामले में अतर्रा निवासी प्रियांशु उर्फ शिवम गुप्ता को मुख्य आरोपी बताया गया था। आरोप है कि उसने अपने बहनोई रविंद्र गुप्ता के ओम मेडिकल स्टोर, टेढ़ा के नाम पर बिल बनवाकर माल मंगाया था। पूर्व प्रधान सौरभ सिंह ने बताया कि मेडिकल स्टोर की दुकान की औपचारिक शुरुआत तक नहीं हुई थी। थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल ने बताया कि एसटीएफ ने कार्रवाई में स्थानीय पुलिस की मदद नहीं ली। बरामदगी और पकड़े गए व्यक्ति के संबंध में उन्हें जानकारी नहीं है।

### स्कूली वाहनों की जांच में 13 वाहन थानों में निरुद्ध

**झांसी।** 'मिशन सेफ फ्यूचर' के तहत परिवहन विभाग ने जिले के 161 विद्यालयों में संचालित 514 स्कूली वाहनों का भौतिक सत्यापन किया। जांच में 48 वाहन निर्धारित आयु सीमा पूरी कर चुके मिले, जिनका पंजीयन निलंबित कर दिया गया। वहीं फिटनेस, परमिट और सुरक्षा मानक पूरे न करने वाले 22 वाहनों को नोटिस जारी किए गए।पुनः जांच के दौरान 13 वाहन थानों में निरुद्ध किए गए। तीन वाहनों को स्क्रैप कराकर पंजीयन निरस्त कराया गया, जबकि तीन वाहनों ने फिटनेस व परमिट संबंधी मानक पूरे कर लिए। प्रदेश से बाहर खड़े दो वाहनों के पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया जारी है।छात्र-छात्राओं के परिवहन में इस्तेमाल निजी वाहनों, ईको और मारुति वैन के खिलाफ भी कार्रवाई हुई। 57 वाहन निरुद्ध और 78 के चालान किए गए। इनमें से 18 वाहनों ने मानक पूरे कर परमिट प्राप्त कर लिए हैं। परिवहन विभाग ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए हैं कि 18 वर्ष से कम उम्र के विद्यार्थियों को निजी दोपहिया से स्कूल आने की अनुमति न दें। 18 वर्ष से अधिक उम्र के विद्यार्थियों के लिए हेलमेट अनिवार्य कराया जाए। बिना वैध फिटनेस, परमिट और सुरक्षा मानकों के वाहन संचालित मिलने पर वाहन मालिक के साथ विद्यालय प्रशासन के खिलाफ भी एफआईआर और अन्य नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी के आरोपी को नहीं मिली जमानत

**झांसी।** विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी अधिनियम नेत्रपाल सिंह की अदालत ने दो अलग-अलग मामलों में जमानत अर्जियां खारिज कर दीं। चोरी के आरोपी को नियमित जमानत नहीं मिली, जबकि उत्पीड़न से तंग आकर विवाहिता की आत्महत्या के मामले में आरोपी ससुर की अग्रिम जमानत अर्जी भी निरस्त कर दी गई।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञान स्वरूप राजपूत के अनुसार बबीना थाना क्षेत्र में पावर प्लांट से करीब दो हजार मीटर केबल चोरी के मामले में सहअभियुक्त नीलेश यादव की गिरफ्तारी के बाद राज यादव का नाम सामने आया था। 13 जुलाई 2026 से जेल में निरुद्ध राज यादव की धारा 331(4), 305(ए), 317(2) बीएनएस के तहत दाखिल जमानत अर्जी पर अदालत ने पर्याप्त आधार न मिलने पर उसे खारिज कर दिया।दूसरे मामले में प्रेमनगर थाना क्षेत्र की रचना की 24 जुलाई 2026 को जहर खाने से मृत्यु हुई थी। मायके पक्ष ने पति, देवर, देवरानी, ससुर और जेठ पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। धारा 108 और 85 बीएनएस के मामले में आरोपी ससुर भगवानदास की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत अर्जी भी अदालत ने पर्याप्त आधार न मिलने पर निरस्त कर दी।

### लोक अदालत प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर किया रवाना

**बांदा।** दीवानी न्यायालय परिसर में समारोह के बीच जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष व जिला जज अल्पना ने गुरुवार को तमाम न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओं की उपस्थिति में प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर नगर भ्रमण को रवाना किया। इस अवसर पर डीजे ने सभी न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं से अपेक्षा की कि 12 सितंबर (शनिवार) को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते से कराने में सहयोग करें। प्रचार वाहन को रवाना करते समय नारा लगाया गया कि 'हम सब वादकारियों ने ठाना है कोर्ट कचेहरी के चक्कर नही लगाना है, लोक अदालत में मामला निपटाना है हंसते-हंसते घर जाना है। बताया कि लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन वाद, सिविल, मोटर दुर्घटना, प्रतिकर, भरण-पोषण संबंधी, चेक बाउंस व मोटर यान अधिनियम संबंधी, शमनीय दांडिक, राजस्व, चकबंदी, बैंक रिकवरी, श्रम, बीमा, बिजली व टेलीफोन संबंधी वाद, जलकर निर्धारण, नगर पालिका कर निर्धारण के विरुद्ध अपील आदि का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया जायेगा। इस मौके पर न्यायिक अधिकारी सुनील कुमार यादव, विवेक कुमार गुप्ता, चंद्रपाल द्वितीय, प्रवीण कुमार सिंह, डा.विकास श्रीवास्तव, श्रीपाल सिंह, ज्योत्सना यादव, सौरभ सिंह सहित बैंक व संबंधित विभागों के अधिकारी तथा पराविधिक स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# नाली विवाद में भाजपा-सपा की चेयरमैन व पूर्व चेयरमैन भिड़ीं

**समृद्धि न्यूज़, कुरारा, हमीरपुर।**



वार्ड नौ में जल निकासी की व्यवस्था को लेकर निरीक्षण के दौरान भाजपा की नगर पंचायत चेयरमैन आशारानी कबीर और सपा की पूर्व चेयरमैन माया बाल्मीकि के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। बताया गया कि पूर्व चेयरमैन माया बाल्मीकि के मकान के सामने जल निकासी के लिए नाली बनी है। बुधवार को नगर पंचायत कर्मचारियों ने नाली के पास बनी करीब नौ इंच की पट्टी जेसीबी से तोड़ी थी, जिसे बाद में दोबारा बना लिया गया। गुरुवार को मोहल्ले के लोगों की शिकायत पर भाजपा चेयरमैन आशारानी कबीर जल निकासी का निरीक्षण करने जेसीबी लेकर पहुंचीं। इसी दौरान दोनों के बीच विवाद हो गया। आशारानी कबीर ने माया बाल्मीकि समेत चार अज्ञात लोगों पर सरकारी कार्य में बाधा और जानलेवा हमले का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। वहीं सपा की पूर्व चेयरमैन माया बाल्मीकि ने चेयरमैन, नगर पंचायत के जेई, कर्मचारियों और अन्य लोगों पर मकान को क्षति पहुंचाने का आरोप लगाकर तहरीर दी। दोनों पक्षों के बीच राजनीतिक मतभेद भी चर्चा में रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का संदेश, पीएलवी ने आमजन को किया जागरूक

**हमीरपुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार राय के दिशा-निर्देशन में एवं सिविल जज (सीनियर डिवीजन)/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती वंदना अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में मुख्यालय के बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थानो में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितंबर 2026 के सफल बनाए जाने हेतु आम जनमानस को पोस्टर एवं पम्पलेट वितरण कर जागरूक किया गया 7 राष्ट्रीय लोक अदालत के लाभों एवं इसमें अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही आमजन से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक संख्या में अपने लंबित/शमनीय वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के माध्यम से कराने की अपील की गई।

# डीएम ने दो गौशालाओं का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**सुमेरपुर।** जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने गुरुवार को स्वासा बुजुर्ग और छानी बुजुर्ग गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गोवंशों के चारा-पानी, स्वास्थ्य और स्वच्छता व्यवस्था में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। पर्याप्त व्यवस्था वाली गौशालाओं की क्षमता बढ़ाने तथा मानकविहीन गौशालाओं को बंद कर गोवंशों को बेहतर आश्रय स्थलों में स्थानांतरित करने को कहा। छानी बुजुर्ग गौशाला में 116 गोवंश मिले। डीएम ने क्षमता बढ़ाकर 200 से अधिक गोवंश रखने के निर्देश दिए। सभी गोवंशों की शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग कराने के साथ चरही, पेयजल और सफाई की कमियां दूर करने को कहा। उन्होंने रजिस्टरों की जांच कर मृत गोवंशों के नियमानुसार निस्तारण और अभिलेख अद्यतन रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गौ-पूजन कर गोवंशों को गुड़-केला खिलाया।

### राठ में दो अवैध क्लीनिक सीज, कई को नोटिस

**हमीरपुर।** अवैध क्लीनिक, पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड केंद्रों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने अभियान तेज कर दिया है। राठ, सुमेरपुर, मौदहा, कुरारा और मुस्करा में नोडल अधिकारियों की टीमों ने औचक निरीक्षण किया। राठ में पूर्व चेतावनी के बावजूद बिना पंजीकरण संचालित दो क्लीनिकों को मौके पर सीज कर दिया गया। दो पैथोलॉजी लैब और दो क्लीनिकों को चेतावनी नोटिस दिए गए। कुरारा में पांच तथा मौदहा में छह अपंजीकृत क्लीनिक और पैथोलॉजी संचालकों को नोटिस जारी हुए। राठ में अल्ट्रासाउंड केंद्रों के अभिलेखों और तकनीकी मानकों की जांच की गई। कमियां मिलने पर कारण बताओ नोटिस दिए गए। स्वास्थ्य विभाग ने बिना पंजीकरण या वैध डिग्री के चिकित्सा कार्य करने वालों पर कार्रवाई जारी रखने की चेतावनी दी है। निजी स्वास्थ्य संस्थानों को रेट चार्ट प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करना भी अनिवार्य किया गया है।

# 115.71 करोड़ की भौंरा-डांडा परियोजना के निर्माण पर सवाल

▸ **बारिश में बाउंड्रीवाल ढही भवनों में दरारें, शजरा रिकॉर्ड को लेकर भी सवाल**

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**





रुपए 115.71 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन विंध्यवासिनी भौंरा-डांडा पंप कैनाल परियोजना में निर्माण गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। 40 क्यूसेक क्षमता और 18.2 किलोमीटर लंबी भूमिगत नहर का निर्माण 26 दिसंबर 2024 को शुरू हुआ था। परियोजना को 31 मार्च 2027 तक पूरा किया जाना है। परियोजना के मुख्य बार्ज की बाउंड्रीवाल का एक तरफ करीब 20 से 25 मीटर हिस्सा ढह गया, जबकि दूसरी तरफ 10 मीटर से अधिक दीवार गिर गई। बताया गया कि दूसरी तरफ की बाउंड्रीवाल एक साल में दूसरी बार गिरी है। परिसर में मीटर रूम, कार्यालय, स्विच रूम और स्टाफ क्वार्टरों की दीवारों में भी दरारें दिखाई दे रही हैं। बारिश के बाद कई जगह मिट्टी का कटाव हुआ है। ग्रामीणों ने निर्माण में घटिया ईंट और मिट्टीयुक्त बालू के इस्तेमाल का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बाउंड्रीवाल में पर्याप्त आधार और बीम नहीं बनाई गई। दरारों पर सीमेंट और पुट्टी लगाकर मरम्मत किए जाने का भी आरोप है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। परियोजना से कुल 36 गांवों को सिंचाई का लाभ मिलना है। इनमें बांदा के 35 और हमीरपुर का केवल भौंरा गांव शामिल है। परियोजना का निर्माण हमीरपुर के भौंरा में हो रहा है, जबकि इसका अधिकांश सिंचाई लाभ बांदा जिले को मिलेगा।

**अधिकारी ने बताया 90 प्रतिशत कार्य बांदा में:** लघु डाल नहर खंड के अधिशासी अभियंता शरद चौहान ने बताया कि परियोजना से संबंधित करीब 10 प्रतिशत कार्य हमीरपुर और 90 प्रतिशत बांदा जनपद में है। उनके अनुसार परियोजना में विद्युत विभाग के लिए 15 करोड़, यांत्रिक उपकरण के लिए आठ करोड़, पाइपलाइन व भूमिगत नहर के लिए 26.5 करोड़, आरसीसी स्लोप के लिए तीन करोड़, सम्प पंप हाउस के लिए दो करोड़, रिटेनिंग वॉल के लिए 80 लाख और सिविल भवन व अर्थवर्क के लिए करीब 1.5 करोड़ रुपये समेत अन्य मदों में धनराशि निर्धारित है।

**शजरा रिकॉर्ड नहीं, फिर कैसे बिछ रही पाइपलाइन?:** पाइपलाइन स्थापना के लिए शजरा शीट के संबंध में लघु डाल नहर खंड के जिलेदार द्वारिका प्रसाद से जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि उनके पास शजरा शीट का कोई रिकॉर्ड नहीं है और अधिकारियों से बात करने को कहा। ऐसे में करीब पांच करोड़ रुपये की पाइपलाइन स्थापना को लेकर सवाल उठ रहा है कि शजरा शीट के बिना पाइपलाइन का मार्ग और भूमि का सत्यापन किस आधार पर किया जा रहा है। परियोजना में बाउंड्रीवाल के बार-बार गिरने के साथ अभिलेखों को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं होने से निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने परियोजना की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराने, निर्माण सामग्री के नमूने लेकर प्रयोगशाला परीक्षण कराने और शजरा समेत संबंधित अभिलेखों की जांच की मांग की है।

# कोर कमेटी की बैठक में सड़क, पानी बिजली और ट्रैफिक व्यवस्था पर मंथन

▸ **एलओएचएच योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराने के निर्देश**

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**



सर्किट हाउस सभागार में सांसद झांसी-ललितपुर अनुराग शर्मा की अध्यक्षता में कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में नगर की ट्रैफिक व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सड़कों और निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद ने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के पत्रों का समय से जवाब देने और विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए। सांसद ने विद्युत संयोजन से छूटे हुए मजरे और घरों के लिए संचालित एलओएचएच योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने को कहा, ताकि पात्र लोगों को विद्युत कनेक्शन मिल सके। उन्होंने मेडिकल कॉलेज तिराहा और शिवानी चौराहा पर निर्माणाधीन सेतुओं की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने अक्टूबर तक दोनों सेतुओं का निर्माण पूरा होने की जानकारी दी।शहर में ठेलों और वेंडरों के कारण जाम व अतिक्रमण की समस्या पर भी चर्चा हुई। जेल चौराहा से एलाइट, जीवनशाह और बीकेडी चौराहा मार्ग तथा मेडिकल कॉलेज रोड की व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। लक्ष्मीबाई पार्क के पास किला चौकी क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से ब्रेकर बनाने का सुझाव भी दिया गया।रबी सीजन को देखते हुए सांसद और जनप्रतिनिधियों ने किसानों को समय से खाद उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना बनाने, सोसायटियों के माध्यम से वितरण सुनिश्चित करने तथा अतिवर्षा से प्रभावित फसलों का जल्द सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिलाने पर जोर दिया। लेखपाल और ग्राम विकास अधिकारियों को नियमित रूप से गांवों में पहुंचने तथा भूमि पैमाइश व प्रमाणपत्र संबंधी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने का सुझाव दिया गया।

### 17 सितंबर से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान



**झांसी।** जनपद में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। इसके तहत स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण, सामाजिक सरोकार और राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यक्रम गांवों से लेकर जिला मुख्यालय तक आयोजित होंगे। विकास भवन सभागार में सीडीओ रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड़ ने तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपीं। अभियान की शुरुआत 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम से होगी, जिसमें दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा 'करोड़ों बच्चों के सपनों का भारत', 'नमो सेवा गाथा', 'आंगन का उत्सव', 'कहानी बदलाव की', 'सेवा ज्योति यात्रा', 'वडनगर से वाराणसी यात्रा', 'सेवा मेरा योगदान', 'घर-घर से राष्ट्र तक रंगोली', इनोवेशन चैलेंज और जनसेवा महाकुंभ जैसी गतिविधियां होंगी।अभियान के दौरान स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, घाटों-पार्कों की सफाई, गौशालाओं में सेवा, रक्तदान शिविर, आरोग्य मेले, स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण के साथ युवाओं व नवाचार से जुड़े कार्यक्रम भी होंगे। 7 अक्टूबर को 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत बड़े स्क्रीन पर प्रधानमंत्री का संबोधन दिखाया जाएगा। सीडीओ ने कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### 'हमारी आंगनवाड़ी हमारी जिम्मेदारी' थीम के साथ पोषण माह शुरू



**झांसी।** विकास भवन में बुधवार को 09वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ हुआ। बनारस में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन और राज्य महिला आयोग सदस्य अनुपमा लोधी मौजूद रहीं।

इस वर्ष पोषण माह की थीम 'हमारी आंगनबाड़ी हमारी जिम्मेदारी' है। कार्यक्रम में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की गोदभराई और अन्नप्राशन कराया गया। माह के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का वजन एवं स्वास्थ्य जांच, पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता, गर्भवती व धात्री महिलाओं को पौष्टिक आहार की जानकारी, कुपोषित बच्चों की पहचान और जनभागीदारी बढ़ाने वाली गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। रमा निरंजन ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के लाभार्थियों को सही मार्गदर्शन और पोषण सुविधाएं मिलने से अभियान सफल होगा। अनुपमा लोधी ने कार्यकर्ताओं से बच्चों को कुपोषण मुक्त करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। सीडीओ रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड़ ने बताया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न पोषण गतिविधियों के जरिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाएगा।

### एनसीसी कैडेट्स ने टीबी उन्मूलन जागरूकता रैली निकाली



**बांदा।** टीबी उन्मूलन के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आदर्श बजरंग इंटर कालेज के एनसीसी कैडेट्स ने जागरूकता रैली निकाल कर समय पर जांच और उपचार कराने का संदेश दिया। 'टीबी बीमारी हारेगा, हमारा भारत जीतेगा' और 'न शर्माना, न घबराना, टीबी की समय पर जांच कराना है' जैसे नारों से लोगों को जागरूक किया। 60वीं एनसीसी बटालियन फतेहपुर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल बृजेश पठानिया के निर्देश पर गुरुवार को आदर्श बजरंग इंटर कालेज के एनसीसी कैडेट्स ने टीबी उन्मूलन जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली। नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य मेजर मिथलेश कुमार पांडेय ने विद्यालय परिसर से झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली विद्यालय से शुरू होकर शहर के कई प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। कैडेटों ने लोगों से कहा कि टीबी से घबराने व शर्माने के बजाय समय पर जांच कराएं और नियमित इलाज करवाएं। एनसीसी कैडेट्स ने 'हम सबने यह ठाना है, टीबी मुक्त देश बनाना है', 'टीबी बीमारी हारेगा, हमारा भारत जीतेगा' और 'ना शर्माना, ना घबराना, टीबी की समय पर जांच कराना है' जैसे नारों से लोगों को जागरूक किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। समय पर जांच होने और बीमारी का पता चलने के बाद नियमित इलाज से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से गुजारिश की कि अगर लंबे समय तक खांसी, कमजोरी या इससे जुड़े कोई लक्षण दिखें, तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। इस मौके पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट राम प्रसाद, सीटीओ कमलेश कुमार सहित 96 एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

# बाल विकास परियोजना के तीन प्रभारी अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि

▸ **डीएम ने ली जिला पोषण समिति व कन्वर्जेन्स विभाग की समीक्षा बैठक**

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।**



डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति व कन्वर्जेन्स विभाग की समीक्षा बैठक कर बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में राष्ट्रीय पोषण माह-2026, सम्भव अभियान-6.0, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, एनआरसी में बच्चों का संदर्भन, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण के साथ सामुदायिक गतिविधियों के आयोजन सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि 9 सितंबर से 8 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पोषण माह की सभी गतिविधियां निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र, विकासखंड व जनपद स्तर पर प्रभावी ढंग से आयोजित की जाएं। सम्भव अभियान के तहत ई-कवच पोर्टल पर सैम बच्चों की स्क्रीनिंग व दवा वितरण की खराब प्रगति पर डीएम ने कोंच, कुठौन्द, डकोर, माधौगढ़ व कदौरा परियोजनाओं के बाल विकास परियोजना अधिकारियों को चेतावनी निर्गत करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में लक्ष्य के सापेक्ष सबसे खराब प्रगति वाले तीन प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारियों के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि किए जाने के साथ अन्य सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को चेतावनी निर्गत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन निर्धारित मानकों के अनुसार सुनिश्चित किया जाए और पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष कम से कम 85 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि बाल विकास परियोजना अधिकारी व मुख्य सेविकाएं प्रतिदिन पूर्वाह्न 8 बजे से अपराह्न 2 बजे के मध्य आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करें और विभागीय गतिविधियों के साथ-साथ बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्कूल पूर्व शिक्षा भी सुनिश्चित कराएं। इस दौरान सीडीओ केके सिंह, सीएमओ एचएन प्रसाद, जिला पंचायतराज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविकाएं व विभागीय कार्मिक उपस्थित रहे।

### परिवहन विभाग की लक्ष्य प्राप्ति में जालौन प्रदेश में प्रथम

**उरई (जालौन)।** परिवहन विभाग की प्रशमन शुल्क की लक्ष्य प्राप्ति में जालौन ने प्रदेश स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजेश कुमार ने अगस्त में निर्धारित मासिक लक्ष्य के सापेक्ष 142 प्रतिशत से अधिक प्रशमन शुल्क की प्राप्ति की। एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार के संवर्ग में अगस्त का मासिक लक्ष्य 36 लाख रुपये निर्धारित था, जिसके सापेक्ष 51.27 लाख रुपये की प्राप्ति हुई। क्रमिक लक्ष्य 180 लाख रुपये के सापेक्ष 256.70 लाख रुपये प्राप्त किए गए। इस प्रदर्शन के आधार पर प्रदेश स्तरीय श्रेणीकरण में मासिक और क्रमिक लक्ष्य प्राप्ति में जालौन को प्रथम स्थान मिला। इसी प्रकार यात्रीकर/मालकर अधिकारी आनंद राय कुरील ने अगस्त में निर्धारित 30 लाख रुपये के मासिक लक्ष्य के सापेक्ष 37.46 लाख प्रशमन शुल्क प्राप्त किया।

# ओवरलोड ट्रक से कुचल कर सब्जी विक्रेता की मौत

▸ **मुआवजा व कार्रवाई की मांग लेकर ग्रामीणों ने लगाया जाम**

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**



सब्जी बेचने के बाद घर जा रहे सब्जी विक्रेता को तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रक ने कुचल दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई। परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजा और ट्रक चालक पर कार्रवाई की मांग को लेकर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने पर दो घंटे बाद ग्रामीणों ने जाम खत्म किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गिरवां थाना क्षेत्र के पिथौराबाद निवासी गनेश उर्फ लालाराम (40) पुत्र रामऔतार कस्बे में सब्जी बेचने का कारोबार करता था। बुधवार की रात दुकान बंद करने के बाद पैदल घर जा रहा था। गिरवां थाना के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रक ने उसे बुरी तरह से रौंद दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद मौके से भाग रहे ट्रक चालक को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार करने के बाद ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। सूचना पाकर परिजन और तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मुआवजा और ट्रक चालक पर कार्रवाई की मांग लेकर जाम लगा दिया। जाम करीब दो घंटे तक लगा रहा। पुलिस कार्मियो ने समझाने का प्रयास किया। लेकिन परिजन नहीं माने। जाम की वदह से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। जाम लगने की खबर मिलते ही एसडीएम अंजनी यादव भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उत्तेजित ग्रामीणों को कार्रवाई और मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। एसडीएम के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम खत्म कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि गनेश अपने पिता की इकलौती संतान था।

### ट्यूशन पढ़कर लौट रही मासूम व बुजुर्ग ग्रामीण आवारा कुत्तों के झुण्ड के हमले से जख्मी



**ललितपुर।** जनपद के थाना नाराहट क्षेत्र में एक बुजुर्ग और सीमा से सटे समीपवर्ती मध्य प्रदेश के सागर जनपद के एक गांव में रहने वाली एक मासूम को आवारा कुत्तों ने हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया, जिसके चलते दोनों को ललितपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया गया है कि मासूम ट्यूशन से घर वापस लौट रही थी तभी आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। जनपद की सीमा से सेट समीपवर्ती मध्य प्रदेश के सागर जनपद अंतर्गत थाना बीना के ग्राम दुधावनी निवासी राम सिंह की 7 वर्षीय पुत्री छाया कक्षा 2 की छात्रा है। बताया गया है कि बुधवार की शाम करीब 3:00 बजे वह अपने घर से पास के ही एक मकान में ट्यूशन पढ़ने के लिए गई हुई थी। जब शाम करीब 5:00 बजे वह ट्यूशन पढ़कर घर वापस आ रही थी, तभी रास्ते में उसे पर गली में घूम रहे आवारा कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया और इस दौरान कुत्तों ने उसके शरीर पर कई जगह काटकर जख्मी किया।

# रोडवेज बस संचालकों की गुंडागर्दी के खिलाफ जिला बस आपरेटर एसो. ने भरी हुंकार

**समृद्धि न्यूज़, ललितपुर।**



शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में रोडवेज बसों का संचालन इसलिए किया गया कि इनकी पहुंच गांव गांव तक हो और सुदूर ग्रामीण को भी इनका लाभ मिल सके। लेकिन रोडवेज बस संचालकों द्वारा निजी बस ऑपरेटरों के साथ अभद्रता पूर्ण व्यवहार किया जा रहा है, क्योंकि इनकी कोई समय सारणी जारी न होने से वह कभी भी कहीं भी अपनी बस खड़ी कर सवारी लेकर रफू चक्कर हो जाते हैं, जिससे निजी बस संचालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या को लेकर जिला बस आपरेटर एसोसिएशन के बैनर तले निजी बस ऑपरेटर ने प्रमुख सचिव परिवहन उत्तर प्रदेश शासन को संबोधित कर जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया और रोडवेज बस संचालकों की मनमानी पर लगाम लगाते हुए उनकी समय सारणी जारी करने की मांग उठाई। इसके साथ ही जनपद के विभिन्न मार्गों पर सिटी टैक्सी ई रिक्शा की अवैध संचालन को भी रुकवाने की मांग उठाई। निजी बसों के संचालन में हो रही परेशानी और जनपद के विभिन्न मार्गों पर सिटी टैक्सी और ई रिक्शा की अवैध संचालन की समस्या को लेकर जिला बस ऑपरेटर संगठन एकजुट होकर गुरुवार को जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचा, जहां उन्होंने समस्याओं के निदान के लिए प्रमुख सचिव परिवहन उत्तर प्रदेश शासन और जिलाधिकारी को संबोधित कर ज्ञापन दिया। दिए गए ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि शासन की मंशा के अनुरूप राज्य परिवहन प्राधिकरण उत्तर प्रदेश एवं संभागीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा जनपद के 16 मार्गो पर रोडवेज बसों का संचालन किया जा रहा है।

# गंभीर आरोप लगाकर परियोजना निदेशक ने दिया इस्तीफा

▸ दो लिपिकों को हटाने के लिए शुरू हुआ था विवाद

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**

जिलें में पखवारे भर पहले शुरू हुए आरोप प्रत्यारोप के बीच सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद परियोजना निदेशक अशोक कुमार सिंह ने सरकारी नौकरी को अलविदा कहते हुए मुख्यमंत्री समेत विभागीय अधिकारियों को पत्र भेजा है। बता दे कि बीते 30 अगस्त को जिला विकास अधिकारी कार्यालय के लिपिक मनोज श्रीवास्तव व लेखाकार अमित श्रीवास्तव को ग्राम्य विकास विभाग से हटाने के लिए परियोजना निदेशक ने जिला विकास अधिकारी को पत्र लिखा था।03 दिन बाद पीडी ने पुनः उन्हें अपने कार्यालय से हटाते हुए अन्य लिपिक व लेखाकार को नियुक्त करने की मांग करते हुए डीडीओ गजेंद्र तिवारी को कड़ा पत्र लिखा था।

लेकिन बाबुओं के सिस्टम में मजबूती के चलते उन्हें ग्राम्य विकास अभिकरण से हटवाने में पीडी नाकाम रहे।बुधवार को कार्यालय में डांस करते हुए पीडी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।जिसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित करके जांच करने का आदेश दे दिया।

गुरुवार को जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह को पत्र लिखते हुए परियोजना निदेशक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि शासन के निर्देश के अनुसार किसी भी पटल पर तीन वर्ष से अधिक समय तक नौकरी करने वाले कर्मचारी को स्थानांतरित कर देना चाहिए लेकिन मेरे बार बार अनुरोध के बाद जिला विकास अधिकारी गजेंद्र तिवारी व मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह द्वारा ग्राम्य विकास विभाग में 05 वर्ष से अधिक समय से अटैच मनोज श्रीवास्तव व अमित श्रीवास्तव को नहीं हटाया गया।

एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा 02 माह पूर्व ही अपनी निधि का पटल मनोज श्रीवास्तव से हटाने का निर्देश दिया गया था लेकिन 02 माह बीत जाने के बाद भी मनोज श्रीवास्तव द्वारा व अमित श्रीवास्तव द्वारा चार्ज नहीं दिया गया।साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि इंदिरा आवास योजना 2014 में बंद हो चुकी है उसके बाद भी उस योजना के बैंक खाते में 72 लाख रूपये मौजूद है।जिसके लिए मेरे द्वारा इन बाबुओं को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए लेकिन इनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई।

इसके साथ ही स्थानीय यूट्यूबर पर आरोप लगाते हुए उन्होंने सशर्त अपने पदीय दायित्व से इस्तीफा दे दिया।

जिसकी सूचना परियोजना निदेशक के द्वारा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, मुख्य सचिव यूपी, आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग ,अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग, अध्यक्ष पीडीएस एसोसिएशन, मंडलायुक्त अयोध्या व सीडीओ सुल्तानपुर को प्रतिलिपि के माध्यम से भेजी है।

# बवाल के बीच निरस्त हुआ बार चुनाव

▸ मतगणना में बवाल के बीच एल्डर्स कमेटी ने लिया निर्णय

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**

जिले के बार एसोशिएशन चुनाव पर इस बार ग्रहण लग गया है।लगभग 02 माह पूर्व खत्म हुए बार के कार्यकाल में तीन बार पहले नामांकन के बाद उच्च न्यायालय के द्वारा रोक लगा दी गई।चौथी बार एल्डर्स कमेटी में देखरेख में बुधवार को हुए चुनाव के बाद गुरुवार को अधिवक्ताओं के बीच हुए बवाल के बाद एल्डर्स कमेटी ने पूरी चुनाव प्रक्रिया निरस्त कर दिया। बता दे कि बुधवार को हुए बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष, महासचिव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सह सचिव खुर्शीद क्लब,प्रशाशन व पुस्तकालय के साथ वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकारिणी के लिए मतदान प्रक्रिया पूर्ण हुई थी।जिसमे 2080 मतदाताओं में से 1853 अधिवक्ताओं ने मतदान किया था।ट्रेजरार पद पर शशि सिंह व वरिष्ठ कार्यकारिणी के लिए सरोज सिंह निर्विरोध चुने गए है।गुरुवार को एल्डर्स कमेटी द्वारा अधिवक्ता सभागार में मतगणना प्रक्रिया शुरू कराई।लेकिन कुछ देर बाद मतगणना के दौरान अलग अलग गुटों द्वारा एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप शुरू किया। वाद विवाद व बवाल के बाद एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप दुबे ने चुनाव प्रक्रिया निरस्त कर दी।जिसकी सूचना उन्होंने प्रतिलिपि के माध्यम से उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ, प्रशासनिक न्यायाधीश जनपद सुल्तानपुर, जिला जज सुल्तानपुर, जिलाधिकारी, एसपी समेत नगर कोतवाल को दी है।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

**लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के करनपुर मठिया गांव में हुई दुर्घटना**


फाइल फोटो मृतक गिरिजेश

**समृद्धि न्यूज, लम्भुआ, सुलतानपुर।** कोतवाली क्षेत्र के शिवगढ़ रोड पर करनपुर मठिया के पास तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने ई-रिक्शा में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों व पुलिस की मदद से उसे एंबुलेंस से सीएचसी लम्भुआ पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान गिरजेश (34) पुत्र रामजग, निवासी दहैव गोपाल पट्टी, थाना लम्भुआ के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी अर्चना, पांच वर्षीय बेटा और ढाई वर्षीय बेटी छोड़ गया है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन और चालक को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# व्यवस्थाओं के विरोध में सड़क पर उतरे आवासीय विद्यालय के छात्र



**समृद्धि न्यूज, बछरावां रायबरेली।**

विकास क्षेत्र के शेखपुर समोधा स्थित जयप्रकाश नारायण आवासीय आश्रम पद्धति विद्यालय की अव्यवस्थाओं के विरोध में बुधवार को सैकड़ों छात्र सड़क पर उतर आए। बिजली, पानी, भोजन की गुणवत्ता, किताबों और शिक्षकों की कमी समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर छात्रों ने करीब तीन किलोमीटर पदयात्रा कर बछरावां पहुंचकर रेलवे क्रासिंग के पास धरना दिया। प्रदर्शन देर रात करीब 2:30 बजे तक चलता रहा। छात्रों का कहना था कि विद्यालय में लगे सोलर पैनल की बैटरियां खराब हैं, जिसके कारण पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। अंधेरा होने के बाद पढ़ाई भी प्रभावित होती है। छात्रों ने अन्य समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग करते हुए प्रदर्शन जारी रखा। स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया।प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्रों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

विद्युत समस्या के तत्काल समाधान के लिए प्रशासन ने जनरेटर और ट्रांसफर्मर की व्यवस्था कर बिजली आपूर्ति बहाल कराई। इसके बाद छात्रों ने अपना प्रदर्शन समाप्त किया। प्रशासन की ओर से वाहनों की व्यवस्था कर छात्रों को वापस विद्यालय पहुंचाया गया। मौके पर मौजूद उपजिलाधिकारी महाराजगंज चंद्रप्रकाश गौतम ने बताया कि बिजली की समस्या का तत्काल समाधान कराया गया है।

# प्रशान्त बने अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला महासचिव

▸ संगठन के विस्तार और सशक्तिकरण को मिलेगी नई गति
▸ कार्यकर्ताओं में हर्ष

**समृद्धि न्यूज, बछरावां-रायबरेली।**

क्षेत्र के नीमटीकर गांव के रहने वाले अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की जिला इकाई ने संगठन के विस्तार एवं सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पंडित प्रशान्त कुमार चतुर्वेदी को जिला महासचिव पद पर मनोनीत किया है।

उनके मनोनयन से संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष का वातावरण है।

पंडित प्रशान्त कुमार चतुर्वेदी को यह जिम्मेदारी उनकी कर्मठता, कार्यनिष्ठा, संगठन के प्रति समर्पण तथा समाज के उत्थान के लिए सक्रिय योगदान को देखते हुए सौंपी गई है। युवा एवं ऊर्जावान कार्यकर्ता के रूप में उनकी पहचान संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार शुक्ला ने उनके मनोनयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन को विश्वास है कि श्री चतुर्वेदी अपनी कार्यकुशलता, नेतृत्व क्षमता एवं समर्पण के माध्यम से जिले में संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज को एकजुट करना, आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करना तथा सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य करना है।

# पलहीपुर में सरकारी जमीन की नाप-जोख प्रधान पति पर कब्जे के आरोप

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**


पलहीपुर गांव में नाप जोख करवाते तहसीलदार व एएसपी

कोतवाली नगर क्षेत्र के पलहीपुर गांव में सरकारी जमीन पर धार्मिक आयोजन की आड़ में कब्जे के आरोपों की जांच के लिए गुरुवार दोपहर प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। करीब 12:30 बजे राजस्व टीम ने जमीन की नाप-जोख की और स्थानीय लोगों के बयान दर्ज किए। मौके पर तहसीलदार सदर अभिनव सिंह और एएसपी बृजमोहन सिंह समेत अधिकारी मौजूद रहे।

ग्रामीण दिनेश कुमार यादव ने आरोप लगाया कि प्रधान पति कीमती सरकारी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। उनका कहना है कि लेखपाल और कानूनगो ने मौके पर पहुंचकर उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं मानी गई। ग्रामीण राजकुमार जायसवाल ने भी जमीन कब्जाने का प्रयास किए जाने का आरोप लगाया। वहीं तहसीलदार अभिनव सिंह ने बताया कि पूर्व में भी कब्जे की सूचना पर राजस्व टीम भेजी गई थी। बाद में चबूतरा बनाए जाने की जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि जमीन सरकारी है और नाप-जोख कराई गई है। नियम विरुद्ध कब्जे पर कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### केएनआई के सात विद्यार्थी राष्ट्रीय स्नातक भौतिकी परीक्षा में सफल

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान (केएनआईपीएसएस) के सात विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्नातक भौतिकी परीक्षा में सफलता हासिल की है। सफल विद्यार्थियों का प्रमाणपत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम संस्थान के प्राचार्य प्रो. सुनील प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। भौतिकी विभागाध्यक्ष एवं विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. ललित कुमार द्विवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय स्नातक भौतिकी परीक्षा भारतीय भौतिकी शिक्षक परिषद के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होती है। जिले में परीक्षा का एकमात्र केंद्र केएनआईपीएसएस है। इस वर्ष 25 जनवरी को आयोजित परीक्षा में संस्थान के 56 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था, जिनमें सात सफल घोषित हुए।उन्होंने बताया कि परीक्षा में सफलता के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रयोगशालाओं में छात्रवृत्ति के साथ प्रवेश के अवसर मिलते हैं। इस मौके पर भौतिकी विभाग के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। प्राचार्य ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ननिहाल आए आठ वर्षीय बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**लम्भुआ, सुलतानपुर।** लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र के रामगढ़ गांव में ननिहाल आए आठ वर्षीय बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रात में अचानक सीने में तेज दर्द उठने के बाद सुबह तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लम्भुआ लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव निवासी उमा देवी के नाती आदित्य मौर्य (8) पुत्र धर्मराज मौर्य निवासी भोजपुर, थाना पीपरपुर, अमेठी अपने ननिहाल आया था। वह कक्षा दो का छात्र था। नानी उमा देवी के अनुसार, रात में आदित्य के सीने में अचानक तेज दर्द उठा। परिजनों ने रात में उसकी देखभाल की। सुबह हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी लम्भुआ ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।सूचना पर बच्चे के माता-पिता लम्भुआ पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम केओये भेज दिया।प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने बताया कि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा। मामले की जांच की जा रही है।

### रानी सती दादी भादों मेला महोत्सव शुरू, निकली विशाल शोभायात्रा

**सुलतानपुर।** शहर में श्री रानी सती दादी भादों मेला महोत्सव-2026 का शुभारंभ गुरुवार को विशाल शोभायात्रा के साथ हुआ। श्री रानी सती सालासर श्याम मंदिर सेवा ट्रस्ट, सीताकुंड के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय महोत्सव 10 और 11 सितंबर को मनाया जा रहा है। महोत्सव के पहले दिन गुरुवार को दोपहर तीन बजे पंत स्टेडियम के निकट अजय मुरारका के आवास से शोभायात्रा निकाली गई। शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह आठ बजे मंगला आरती होगी। दोपहर 12 से तीन बजे तक सवामनी प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। शाम चार बजे महिला शक्ति द्वारा श्री दादी जी का संकीर्तन होगा। शाम छह बजे चटपटे व्यंजनों के स्टाल लगाए जाएंगे। रात आठ बजे आरती के बाद प्रसाद वितरण होगा। ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से सपरिवार महोत्सव में शामिल होने की अपील की है।

### ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**सुल्तानपुर।** नगर कोतवाली क्षेत्र में करौंदिया रेलवे क्रासिंग के पास बुधवार का अज्ञात युवक का शव मृत अवस्था में मिला।सूचना पर पहुंची निरालानगर चौकी पुलिस ने शव के शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए मर्चरी में रखवा दिया है।नगर कोतवाल सुरेश नारायण मिश्रा ने बताया कि शव के शिनाख्त हो जाने या 72 घंटे बीत जाने के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया अपनाकर अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

# 17 अक्टूबर तक आयोजित होगा सेवा संकल्प अभियान: डीएम

**सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने के लिये बैठक**

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**



जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान के सफल, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी आयोजन के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अभियान के उद्देश्यों, तैयारियों, विभागीय समन्वय तथा विभिन्न गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सेवा संकल्प अभियान को जनसरोकारों से जोड़ते हुए व्यापक स्तर पर प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। अभियान के अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की समयबद्ध रूपरेखा तैयार कर उनका गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने विभागों से संबंधित दायित्वों का समय से निर्धारण करते हुए आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। अभियान के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आमजन को अभियान की जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

सेवा संकल्प अभियान में 17 सितंबर की शाम को प्रमुख विकास स्थलों पर दीप प्रज्वलन, रक्तदान व स्वास्थ्य शिविरः' जरूरतमंदों के लिए रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य जांच शिविर। स्वच्छता अभियान सार्वजनिक स्थलों पर विशेष स्वतंत्रता कार्यक्रम। सेवा सेतु अभियानः' नगरीय क्षेत्र ब्लॉक स्तर पर शिविर लगाकर पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाना।

# विद्युत अधिनियम में दो भाइयों को कोर्ट उठने तक की सजा

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय ने विद्युत अधिनियम के मामले में दो अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर दो-दो हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। मामला थाना बाघराय क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार 19 फरवरी 2020 को इंद्र बहादुर और विजय बहादुर पुत्रगण स्वर्गीय अमरपाल, निवासी नगरहन का पुरवा, बेघन गोपालपुर के खिलाफ अपराध संख्या 67/2020 के तहत धारा 138-बी विद्युत अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के बाद तीन मार्च 2020 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया।

# दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल का कारावास, 35 हजार रुपये जुर्माना

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दुष्कर्म के मामले में दोषी अभियुक्त सुभाष सरोज पुत्र भगौतीदीन सरोज, निवासी तिवारीपुर थाना रानीगंज को 10 वर्ष के कारावास और कुल 35 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

पुलिस के अनुसार, 11 जुलाई 2012 को अभियुक्त के खिलाफ थाना रानीगंज में अपराध संख्या 243/2012 के तहत धारा 363, 366 और 376 भादवि में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के बाद 30 जुलाई 2012 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों और प्रभावी पैरवी के आधार पर न्यायालय ने 10 सितंबर 2026 को अभियुक्त को दोषी करार दिया। न्यायालय ने धारा 363 भादवि में पांच वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये जुर्माना, धारा 366 में सात वर्ष का कारावास व 10 हजार रुपये जुर्माना तथा धारा 376 में 10 वर्ष का कारावास व 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अर्थदंड न जमा करने पर अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा। पुलिस के मुताबिक, अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी अजय कुमार पाण्डेय, विवेचक निरीक्षक अशोक कुमार पांडेय तथा थाना रानीगंज के पैरोकार कांस्टेबल रामचरन की प्रभावी पैरवी से अभियुक्त को सजा दिलाने में सफलता मिली।

# भौरियार की जर्जर सड़क बनी परेशानी का सबब

**समृद्धि न्यूज, चांदा, सुलतानपुर।**



प्रतापपुर कमैचा विकासखंड के भौरियार गांव को जोड़ने वाली पक्की सड़क लंबे समय से जर्जर है। अमरूपुर पिच रोड से भौरियार ब्राह्मण बस्ती, एससी बस्ती होते हुए नहर की पटरी तक जाने वाले मार्ग पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं। इससे ग्रामीणों का आवागमन जोखिम भरा हो गया है। बरसात में गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। ग्रामीणों के अनुसार दोपहिया वाहन चालक आए दिन असंतुलित होकर गिरते हैं। सड़क के बीच बना बड़ा गड्ढा हादसे का कारण बन सकता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। मार्ग खराब होने के कारण गांव तक स्कूली बस का पहुंचना बंद हो गया है, जिससे विद्यार्थियों को अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मरम्मत के लिए कई बार अधिकारियों से शिकायत और ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई।

# भव्य कलश यात्रा से हुआ शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

▸ कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**समृद्धि न्यूज, ऊंचाहार-रायबरेली।**



श्री शिव महापुराण कथा के आयोजन से पूर्व गुरुवार को ऊंचाहार क्षेत्र में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कैबिनेट मंत्री डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय के संयोजन में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं और युवा शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में नजर आया।कथा का आयोजन 11 से 17 सितंबर तक ऊंचाहार क्षेत्र के चढ़रई चौराहा, टोल प्लाजा के पास किया जा रहा है। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा (सीहोर वाले) करेंगे। आयोजन को लेकर क्षेत्र में कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशाल पंडाल, पार्किंग, पेयजल, शौचालय और चिकित्सा व्यवस्था समेत अन्य इंतजाम किए गए हैं।कलश यात्रा में श्रद्धालु धार्मिक उत्साह के साथ शामिल हुए। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजकों ने बताया कि श्री शिव महापुराण कथा में भगवान शिव की महिमा, भक्ति, धर्म और मानव जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा।कैबिनेट मंत्री डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा में पहुंचकर शिव महापुराण का श्रवण करने की अपील की है।

# नाली की सफाई न होने के कारण सड़क पर हो रहा जल भराव

**समृद्धि न्यूज, रानीगंज - प्रतापगढ़।** रानीगंज तहसील के अंतर्गत लच्छीपुर बाजार में सड़क पर हो रहे जल भराव से आने जने राहगीर त्रस्ट हैं,नाली की सफाई न होने से थोड़ी सी भी बरसात होने पर रानीगंज पट्टी मार्ग ए एन एम सेंटर लच्छीपुर ,प्राथमिक विद्यालय लच्छीपुर तक लगभग 50 मी जलमग्न हो जाती है और पानी सूखने पर भी कई दिनों तक कीचड़ में सनीहोने के कारण आवागमन में आम लोगों को परेशानी होती है। जल निकासी के लिए बनी नालियां कुछ दिनों में ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई,जो बची भी हैं उनकी सफाई न होने के कारण जल निकासी सुचारू रूप से न होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है। गंदगी के कारण ग्रामीण मच्छर से परेशान हैं।

# सांप के काटने से 10 वर्षीय बच्ची की मौत

**समृद्धि न्यूज, कटरा मेदनीगंज-प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात क्षेत्र के कटरा इंद्र कुंवर गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया। निवासी बलिस्टर सिंह की 10 वर्षीय पुत्री अंतिमा सिंह को जहरीले सांप ने काट लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।



बताया जा रहा है कि बुधवार की शाम अंतिमा घर में उपली लेने के लिए गई थी। उपली में पहले से बैठे जहरीले सांप ने उसे काट लिया। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। जब लोगों ने उपली हटाई तो वहां सांप देखा, जिससे परिजन और घबरा गए। परिजन आनन-फानन में उसे जिला मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया । बताया जा रहा है कि रात करीब 8 बजे प्रयागराज पहुंचने से पहले ही रास्ते में बच्ची ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही कटरा मेदनीगंज चौकी इंचार्ज एवं लेखपाल सहित जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पोस्टमार्टम होने के बाद गुरुवार शाम लगभग 4 बजे गांव में ही बच्ची का अंतिम संस्कार किया गया। मासूम की मौत से पूरे गांव में मातम पसरा है।

# महाधरना में शामिल होने से पुलिस ने प्रतियोगी छात्रों को रोका

▸ पुलिस ने देर रात में ही धरना स्थल से छात्रों को हटाया

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**



यूपी में नई प्राथमिक शिक्षक भर्ती के खाली पड़े पदों को जल्द से जल्द भरने की मांग को लेकर प्रतियोगी छात्रों का आंदोलन अब एक बेहद संवेदनशील और निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है. प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित पत्थर गिरजाघर धरना स्थल पर पिछले कई दिनों से डटे अभ्यर्थियों पर बुधवार देर रात पुलिस प्रशासन ने बड़ा एक्शन लेते हुए उन्हें वहां से हटा दिया. इसके बावजूद युवाओं का हौसला कम होता नजर नहीं आ रहा है। गुरुवार को प्रस्तावित महाधरने में शामिल होने के लिए धरना स्थल की ओर बढ़ रहे सैकड़ों प्रतियोगी छात्रों को पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रास्ते में ही रोक दिया। धरना स्थल से करीब सौ मीटर पहले ही छात्रों का जमावड़ा लग गया है। अभ्यार्थी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोबारा धरना शुरू करने की मांग पर अड़े हुए हैं। बुधवार देर रात हुई प्रशासनिक कार्रवाई के बाद पूरे इलाके का माहौल गरमा गया है. पांच सितंबर से अनिश्चितकालीन धरने और आमरण अनशन पर बैठे टीजीटी-पीजीटी और डीएलएड अभ्यर्थियों को हटाने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल और आला अधिकारी मौके पर पहुंचे पुलिस ने धरना स्थल को पूरी तरह घेरकर वहां रखे तख्त, लाउडस्पीकर और अन्य सामानों को ट्रकों में लदवा दिया।

# रेलवे अधिकारी के परिवार को ब्लैकमेल करने वाली युवती गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।** आपत्तिजनक फोटो और वीडियो के जरिए एक रेलवे अधिकारी और उसके परिवार को कथित तौर पर ब्लैकमेल कर 15 लाख रुपये मांगने वाली युवती को झांसी पुलिस ने प्रयागराज जंक्शन से गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि आरोपी युवती के खिलाफ झांसी के नवाबाद थाने में रेलवे अधिकारी के परिवार को ब्लैकमेल करने का मुकदमा दर्ज था। आरोप है कि युवती आपत्तिजनक फोटो और वीडियो के आधार पर परिवार से 15 लाख रुपये की मांग कर रही थी।आरोप यह भी है कि रकम नहीं देने पर परिवार के सदस्य की हत्या करने और आपत्तिजनक फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी दी गई।

# एक घंटे की बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त एसपी ऑफिस समेत कई मोहल्ले जलमग्न



**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

जिले में गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे अचानक तेज बारिश शुरू हुई, जो एक घंटे से भी अधिक समय तक लगातार होती रही। महज एक घंटे की बारिश ने शहर में नगर पालिका की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। सड़कों और सरकारी दफ्तरों में पानी भर जाने से आम लोगों के साथ-साथ अधिकारियों और कर्मचारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश का सबसे ज्यादा असर शहर के एसपी ऑफिस परिसर में देखने को मिला, जहां देखते ही देखते पूरा परिसर लबालब पानी से भर गया।

# पंचायत सहायक की मौत पर भड़का आक्रोश

- डीएम कार्यालय के बाहर भीम आर्मी के साथ डटे परिजन
- बोले हत्या कर शव फंदे पर लटकाया



**समृद्धि न्यूज,कन्नौज।**

पंचायत सहायक की संदिग्ध मौत के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परिजनों का आक्रोश गुरुवार को सड़क पर उतर आया। भीम आर्मी के साथ परिजन डीएम कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। उन्होंने साफ कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, धरना खत्म नहीं होगा। परिजनों के अनुसार सात सितंबर को पंचायत सहायक का शव पंचायत घर में फंदे पर लटका मिला था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। परिजनों का आरोप है कि बेटे की हत्या करने के बाद शव को फंदे पर लटकाया गया, लेकिन पुलिस ने उनकी तहरीर के मुताबिक धाराओं में मुकदमा दर्ज नहीं किया। आरोपियों की गिरफ्तारी भी नहीं की गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि मुकदमे के बावजूद दबंग आरोपी लगातार उन्हें धमका रहे हैं। इससे परिवार में भय का माहौल है। कार्रवाई की मांग को लेकर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण डीएम कार्यालय पहुंचे और धरने पर बैठ गए। देर शाम तक परिजन और समर्थक धरने पर डटे रहे।

# श्रीकृष्ण की छठी पर हुआ भंडारा, उमड़ी भीड़

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



सभी के मंगल और कल्याण की कामना को लेकर नगर की श्रद्धालु महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण की छठी पर शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर में विधि-विधान से पूजन किया। महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण को काजल लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। साथ ही गृहस्थ जीवन में संतान सुख की प्राप्ति के लिए भी प्रार्थना की। छठी के अवसर पर मंदिर परिसर में भंडारे की तैयारियां शुरू की गईं। सायंकाल भगवान श्रीकृष्ण सहित देवी-देवताओं को भोग लगाकर कन्या भोज और बाल भोज कराया गया। इसके बाद छठी भंडारे का शुभारंभ हुआ। देर रात तक चले भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने कहा कि सनातन धर्म में प्रेम, भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने के लिए मंदिरों में धार्मिक आयोजन होते रहना जरूरी है।

आज समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे की कमी दिखाई देने लगी है। कार्यक्रम में महिला मंडल की सुधा अवस्थी, लता गुप्ता, रेनू शर्मा, मधु भदौरिया, नीलम गुप्ता, विमला पाठक, सुनीता शर्मा, राधा यादव और सरोजनी सिंह भदौरिया ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वहीं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, देवास यादव, आशीष वर्मा, आशीष गुप्ता, मोहित गुप्ता, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना सहित अन्य श्रद्धालुओं ने सहयोग किया।

## नाबालिग को भगाने पर आरोपी को तीन साल की सजा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र में नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो न्यायालय ने आरोपी को तीन वर्ष के कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। पुलिस के अनुसार, ग्राम कूकापुर (गोविंदपुर) थाना तालग्राम निवासी सुमित पुत्र प्रवीन कुमार के खिलाफ वर्ष 2023 में मुकदमा दर्ज किया गया था। वादी ने आरोप लगाया था कि आरोपी उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में विशुनगढ़ थाने में मुकदमा अपराध संख्या 61/23 के तहत धारा 363, 376 भादवि और 3/4 पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया। पुलिस की प्रभावी पैरवी और कोर्ट पैरोकार के प्रयासों के बाद 10 सितंबर को पॉक्सो न्यायालय कन्नौज ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

# खराब ट्रांसफॉर्मर से बिजली संकट, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**ग्रामीणों ने लगाया आरोप, शिकायतों के बावजूद विभागीय कर्मचारी नहीं दिखा रहे गंभीरता**



**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**

क्षेत्र के रम्पुरा खोजीपुर गांव में खराब ट्रांसफॉर्मर के कारण पिछले कई दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है। समस्या का समाधान न होने से नाराज ग्रामीणों ने गुरुवार को विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर जल्द आपूर्ति सुचारु कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का ट्रांसफॉर्मर करीब एक सप्ताह पहले खराब हो गया था। इसकी सूचना लाइनमैन सहित संबंधित विद्युत कर्मचारियों को कई बार दी गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। बिजली न आने से घरों के जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। वहीं बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद विभागीय कर्मचारी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जल्द ट्रांसफॉर्मर नहीं बदला गया तो दोबारा प्रदर्शन किया जाएगा। जेई विकास कुमार ने बताया कि 12 दिन पहले ट्रांसफॉर्मर लगवाया गया था, लेकिन अंदर से फाल्ट होने के कारण फिर खराब हो गया। गुरुवार शाम तक नया ट्रांसफॉर्मर आने की उम्मीद है।

प्रदर्शन में गौरी शंकर, अरविंद, बादाम सिंह, धर्मेंद्र, सुजान सिंह, राजू, समर सिंह, एकनाथ, आशीष, शरद, आयुष, निवेश कुमार, जवाहर, अनमोल, रमेश आदि मौजूद रहे।

## महिला को जान से मारने की धमकी पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप



**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र की कसावा चौकी के पश्चिमी मड़ैया गांव निवासी रीना देवी ने पड़ोसियों पर घर में घुसकर उसे और बच्चों को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी आए दिन उसे परेशान करते हैं। घटना के बाद से परिवार भयभीत है।

महिला ने बताया कि उसने दो सितंबर को पुलिस अधीक्षक को ऑनलाइन शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन इसके बावजूद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जबकि वह बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। गुरुवार को रीना देवी अपने बेटे कमल के साथ कसावा चौकी पहुंची और कार्रवाई की मांग की। चौकी प्रभारी संजय कुमार मौर्य ने महिला को बैठने के लिए कहा। प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि कसावा चौकी इंचार्ज से बात कर जानकारी ली जाएगी।

# जर्जर भवनों की जांच की मांग डीएम कार्यालय पहुंचे एबीवीपी कार्यकर्ता

**समृद्धि न्यूज,कन्नौज।**



दिल्ली के सत्य निकेतन में पीजी इमारत में हुए हादसे के बाद कन्नौज में भी छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर आवाज उठने लगी है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ता बुधवार को जर्जर भवनों और निजी पीजी की जांच की मांग को लेकर डीएम कार्यालय पहुंचे। जिलाधिकारी से मुलाकात और ज्ञापन देने की मांग को लेकर कार्यकर्ता कार्यालय के बाहर बैठ गए।

बाद में कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसमें जिले के जर्जर भवनों, छात्रावासों और निजी पीजी में रह रहे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर तत्काल सर्वेक्षण कराने की मांग की गई। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिना मानकों के संचालित पीजी की जांच कर कार्रवाई की जाए। अत्यधिक जोखिम वाले भवनों को खाली कराने की भी मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने छात्र-छात्राओं की शिकायतों के लिए हेल्पलाइन और आपात स्थिति में तत्काल मदद के लिए अलग व्यवस्था किए जाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसी हादसे के बाद कार्रवाई करने के बजाय पहले ही सुरक्षा मानकों की जांच कर संभावित खतरे को दूर करे।

# खबरें एक नजर में

## महिला को जान से मारने की दी धमकी, कार्रवाई न करने का आरोप



छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र की कसावा चौकी के पश्चिमी मड़ैया गांव निवासी रीना देवी ने पड़ोसियों पर घर में घुसकर उसे और बच्चों को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी आए दिन उसे परेशान करते हैं। घटना के बाद से परिवार भयभीत है। महिला ने बताया कि उसने दो सितंबर को पुलिस अधीक्षक को ऑनलाइन शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन इसके बावजूद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जबकि वह बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। गुरुवार को रीना देवी अपने बेटे कमल के साथ कसावा चौकी पहुंची और कार्रवाई की मांग की। चौकी प्रभारी संजय कुमार मौर्य ने महिला को बैठने के लिए कहा। प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि कसावा चौकी इंचार्ज से बात कर जानकारी ली जाएगी।

## तालाब में गंदगी व बीमारी के खतरे से जूझ रहे ग्रामीण

**मझपुरवा में जलनिकासी की बदहाली पर जिम्मेदारों को घेरा**

**तालग्राम/कन्नौज।** तालाब में गंदगी और जलनिकासी की बदहाल व्यवस्था ने मझपुरवा के मोहल्ला तिहाई में ग्रामीणों की मुश्किल बढ़ा दी है। मदीना मस्जिद के पास जलभराव से संक्रमण का खतरा बना हुआ है, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही पर ग्रामीणों में नाराजगी है। शिकायत मिलने पर बृहस्पतिवार को पंचायती राज विभाग के कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि गुंजन और भाकियू स्वराज के जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राठौर मौके पर पहुंचे। दोनों ने ग्रामीणों से समस्या की जानकारी लेने के साथ मौके पर व्यवस्थाओं की हकीकत देखी। मंत्री प्रतिनिधि ने दूरभाष पर ग्राम सचिव से बात कर तत्काल जलभराव दूर कराने और सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। वहीं भाकियू जिलाध्यक्ष ने जिम्मेदारों को दो टूक चेतावनी दी। कहा कि समय रहते जलनिकासी और सफाई की व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो ग्रामीणों के साथ विकासखंड कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस दौरान मोहम्मद अकबर खान, मोहम्मद शमी खान, आयुष राठौर, प्रवीण उर्फ रिंकू तिवारी, अनिरुद्ध राजपूत समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## चौकी प्रभारी व पुलिस कर्मियों के खिलाफ न्यायालय में याचिका दायर

**फर्रुखाबाद।** पीड़िता नीलम वर्मा ने पुलिस की अभद्रता का वीडियो बनाने को लेकर न्यायालय में याचिका दायर की है। नीलम वर्मा को प्रधानमंत्री आवास मिला था। प्रार्थनी अपने घर से निकल कर देखा कि उसका पति राहुल रिक्शा लेकर आया है और तभी घूमना चौकी इंचार्ज व सिपाही आये और बोले कि राहुल वर्मा कौन है, तब मेरे पति ने कहा कि राहुल वर्मा मैं हूं। पुलिस बाले बोले कि अवैध निर्माण कर रहा है तो मेरे पति ने कहा कि ऐसा नहीं है मुझे प्रधानमंत्री आवास मिला हैं मैं वह बनवा रहा हूं। इसी बात को लेकर पुलिस कर्मी मेरे घर के अंदर घुसने लगे। प्रार्थनी ने घुसने से मना किया और कहा कि आपके पास कोई बारांट है और प्रार्थनी कि बेटी मोबाइल से इस घटना का वीडियो भी बना रही थी, तभी एक पुलिस बाले ने मोबाइल छीन लिया और अपने साथ ले गये। पुलिस ने कहा कि एनडीपीएस जैसे मुकदमा लगाएंगे और इसको जेल भेजेंगे। यह कहकर पुलिस बाले थाने ले गये।

## ट्रैफिक जाम को लेकर भाकियू (भूमिपुत्र) ने दिया ज्ञापन



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कस्बा में लगने वाले भीषण जाम की समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भूमिपुत्र) ने कोतवाली प्रभारी ध्यानेंद्र प्रताप सिंह को प्रदेश अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने ज्ञापन सौंप कर समस्या के निस्तारण की मांग उठाई। ज्ञापन में बताया गया कि कस्बा में चौकी के पास कई महीनों से जाम की समस्या बढ़ गई है। सुबह-शाम पीक आवर में स्थिति सबसे खराब रहती है। ई-रिक्शा व टेंपो चालकों द्वारा बेतरतीब वाहन खड़े करने से जाम लगता है, स्कूली बच्चे और आम राहगीर परेशान होते हैं। इस मौके पर भाकियू (भूमिपुत्र) के प्रदेश अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने कहा कि सड़क पर अतिक्रमण और बेतरतीब खड़े वाहन जाम का मुख्य कारण हैं। कई बार एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती है। प्रशासन को तत्काल यातायात व्यवस्था सुधारनी चाहिए। कोतवाली प्रभारी ध्यानेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ज्ञापन प्राप्त हुआ है। जल्द ही मुख्य चौराहों पर पुलिस बल तैनात कर यातायात व्यवस्था सुधारी जाएगी और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि दिनेश चंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष अनिल कुमार, जिला महासचिव संजीव कुमार, मुकेश चंद्र शर्मा, रजत कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डीसीएम की टक्कर से ऑटो ठेले में घुसा, बाल-बाल बचे लोग

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** भिटरिया चौराहे पर गुरुवार शाम डीसीएम और ऑटो की टक्कर के बाद ऑटो सड़क किनारे लगे गोलगप्पे के ठेले में जा घुसा। हादसे में ऑटो और ठेला क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि घटना के समय ठेले के पास कोई व्यक्ति नहीं था और हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चौराहे पर डीसीएम की टक्कर से ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित गोलगप्पे के ठेले से जा टकराया। अचानक हुई टक्कर से मौके पर अफरातफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुर्घटना करने वाले डीसीएम को चालक समेत हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पोषण माह के तहत गर्भवती महिलाओ की हुई गोद भराई

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** औलियालालपुर गांव में पोषण माह के तहत एक कार्यक्रम हुआ।आंगनबाड़ी केंद्र पर गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरुवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देश पर सीडीपीओ अर्चना वर्मा के नेतृत्व में हुआ।सुपरवाइजर ज्योति सिंह और मधु सिंह की देखरेख में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने 6 माह पूरे कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराया। बच्चों को खीर खिलाकर ऊपरी आहार की शुरुआत की गई। माताओं को बताया गया कि अब बच्चों को मां के दूध के साथ पौष्टिक पूरक आहार भी देना जरूरी है। सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहाकि 6 माह तक शिशु को सिर्फ मां का दूध पिलाना चाहिए। 6 माह के बाद दाल का पानी, दलिया, खिचड़ी, फल और हरी सब्जियां जैसे पूरक आहार देने से बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास अच्छा होता है।

# तिर्वा के तीन सितारों ने नीट में गाड़ा सफलता का झंडा

- किसी ने नौकरी छोड़ी तो किसी ने आठ साल तक नहीं मानी हार
- तीनों पूर्व छात्रों का मेडिकल कॉलेजों में चयन

**समृद्धि न्यूज, तिर्वा/कन्नौज।**



हौसला बुलंद हो तो मुश्किलें भी मंजिल की राह नहीं रोक सकतीं। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा के तीन पूर्व छात्रों ने NEET-2026 में सफलता का परचम लहराकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पलक पटेल, अभय गौतम और ओम जी शुक्ला ने कठिन परिस्थितियों में भी लक्ष्य नहीं छोड़ा और चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश हासिल किया। पलक पटेल ने स्टेट रैंक 12897 हासिल कर लखनऊ के KGMU में प्रवेश पाया। उनका चयन लेखपाल पद पर भी हुआ था, लेकिन डॉक्टर बनने के जुनून में उन्होंने नौकरी छोड़कर NEET की तैयारी जारी रखी। अभय गौतम ने स्टेट रैंक 8627 हासिल कर हरदोई मेडिकल कॉलेज में MBBS में प्रवेश लिया। वर्ष 2018 में इंटर पास करने के बाद करीब आठ वर्षों तक उन्होंने संघर्ष और तैयारी जारी रखी। उनके पिता राजीव गौतम सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। ओम जी शुक्ला ने स्टेट रैंक 36713 हासिल कर चतरू में BAMS में प्रवेश पाया। किसान परिवार से आने वाले ओम जी ने सीमित संसाधनों में यह मुकाम हासिल किया। विद्यालय पहुंचने पर तीनों छात्रों का तिलक लगाकर और ट्रॉफी भेंटकर सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि छात्रों की सफलता वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणा है।

# निशुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर में बड़ी तादाद में पहुंचे मरीज

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



फातहे बिलग्राम मिशन की ओर से गुरुवार को मोहल्ला बिरतिया स्थित अय्यूब हाउस में निःशुल्क तिब्बे यूनानी (हकीमी) चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आयोजकों के अनुसार शिविर में बरेली शरीफ के प्रसिद्ध खानदानी हकीम अब्दुल हक साहब ने पहुंचकर मरीजों की जांच करके और उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक किया गया। आयोजकों ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाने की अपील की थी, जिसके चलते शिविर में विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित मरीज हकीम साहब से परामर्श लेने पहुंचे। फातहे बिलग्राम मिशन के पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को यूनानी चिकित्सा पद्धति के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श उपलब्ध कराना है।

# नाला सफाई के नाम पर अवैध खनन का आरोप, की शिकायत

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।**



ग्राम प्रधान पर नाला सफाई के नाम पर अवैध मिट्टी खनन कर निजी प्लॉट पर डालने का आरोप लगा है। ग्रामीण ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। ग्राम रसूलपुर निवासी पंचम सिंह पुत्र महेश सिंह ने उप जिलाधिकारी छिबरामऊ को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 9 सितंबर को ग्राम प्रधान रवि पाल ने अकबरन नाला की सफाई के नाम पर जेसीबी लगाकर उसके खेत से करीब 20 ट्रॉली मिट्टी खुदवा ली। आरोप है कि मिट्टी को प्रधान ने अपने निजी प्लॉट पर डलवा दिया। पीड़ित का कहना है कि इस कार्य के लिए न तो कोई सरकारी आदेश था और न ही उससे अनुमति ली गई। प्रधान ने पद का दुरुपयोग कर निजी लाभ लिया है, जो अवैध खनन की श्रेणी में आता है। पंचम सिंह ने एसडीएम से मौके पर लेखपाल व राजस्व टीम भेजकर जांच कराने और प्रधान के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## गांव की नालियां चोक, गन्दा पानी भरा सड़को पर

**मसौली, बाराबंकी।** ग्राम पंचायत ज्योरी के मजरे दहेजिया में नालियों की सफाई न होने से घरो से निकलने वाला गंदा पानी सड़क मार्ग और इंटरलॉकिंग पर बह रहा है।इससे ग्रामीणो राहगीरो तथा स्कूल जाने वाले छात्र छात्राओ को आवागमन में भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणो का कहना है कि नालियां चोक होने के कारण गंदा पानी सड़क पर जमा रहता है।जलभराव और गंदगी के चलते लोगों को मजबूरी में इसी रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। इससे जहां संक्रमण फैलने की आशंका बनी हुई है। वहीं स्कूली बच्चो को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।एक ओर सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवो मे साफ सफाई और स्वच्छता को लेकर अभियान चला रही है।वही दहेजिया गांव में सड़क पर बहता नाली का गंदा पानी जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।

# घड़ियाल ने नाव पर मारा झपट्टा, बाल-बाल बचे स्वास्थ्यकर्मी

- बाढ़ में दवा लेकर मारून गांव जा रही थी टीम
- चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट, बाराबंकी।**

घाघरा की बाढ़ में ग्रामीणों की मदद के लिए निकली स्वास्थ्य विभाग की टीम के सामने उस समय जान का संकट खड़ा हो गया, जब करीब 10 फीट लंबा घड़ियाल अचानक उनकी नाव के पास पहुंच गया। स्वास्थ्यकर्मी कुछ समझ पाते, इससे पहले ही घड़ियाल ने नाव पर झपट्टा मार दिया। अचानक हुए हमले से नाव में सवार स्वास्थ्यकर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, नाव चालक की सूझबूझ और हिम्मत से बड़ा हादसा टल गया और सभी सुरक्षित बच गए। नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी के अनुसार, घाघरा की बाढ़ से प्रभावित मारून गांव में ग्रामीणों तक दवाएं और जरूरी स्वास्थ्य सामग्री पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की चार सदस्यीय टीम नाव से रवाना हुई थी। गांव तक पहुंचने के रास्ते बाढ़ के पानी में डूबे होने के कारण टीम को नदी के रास्ते जाना पड़ रहा था।

टीम नाव से आगे बढ़ रही थी, तभी अचानक नदी से एक विशाल घड़ियाल निकलकर नाव के बेहद करीब आ गया। इससे पहले कि नाव में बैठे स्वास्थ्यकर्मी कुछ समझ पाते, घड़ियाल ने नाव की तरफ झपट्टा मार दिया। अचानक सामने आए खतरे से स्वास्थ्यकर्मी सहम गए और नाव में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। डंडी लेकर घड़ियाल से भिड़ गया नाव चालक स्थिति बिगड़ती देख नाव चालक ने हिम्मत नहीं खोई। उसने डंडी की मदद से घड़ियाल को नाव से दूर किया। इसके बाद सावधानी से नाव को आगे बढ़ाया गया। चालक की सूझबूझ से स्वास्थ्य टीम सुरक्षित निकल गई। घटना में किसी भी स्वास्थ्यकर्मी के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और स्वास्थ्य टीमों के सामने खड़ी नई चुनौती को उजागर कर दिया है। एक ओर तेज बहाव और जलभराव के बीच ग्रामीणों तक जरूरी दवाएं पहुंचाना मुश्किल हो रहा है, वहीं दूसरी ओर बाढ़ के पानी में जलीय जीवों की मौजूदगी से नाव से सफर करना भी जोखिम भरा हो गया है। मारून गांव की ओर जाने वाली स्वास्थ्य टीम के साथ हुई इस घटना के बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लोगों की चिंता और बढ़ गई है।

# रामलीला महोत्सव को भव्य बनाने की तैयारी, नई कार्यकारिणी का ऐलान



**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**

**राजू ठाकुर बने महामंत्री और जितेंद्र गुप्ता कोषाध्यक्ष**

मनशेश्वर नाथ मंदिर परिसर में रामलीला कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में आगामी रामलीला महोत्सव की तैयारियों और कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

कमेटी के अध्यक्ष अंकित तिवारी ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। नई कार्यकारिणी में राजू ठाकुर को महामंत्री और जितेंद्र गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं अनिल मिश्रा उर्फ पिंकू को कार्यवाहक अध्यक्ष तथा अनुराग मिश्रा को सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। अध्यक्ष अंकित तिवारी ने कहा कि इस बार रामलीला महोत्सव को बड़े धूमधाम और भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। भगवान शंकर और भगवान राम की बारात के साथ लंका दहन कार्यक्रम को विशेष आकर्षण का केंद्र बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही कमेटी के अन्य पदों पर भी पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। पूर्व सभासद प्रेम मुरारी दुबे की अध्यक्षता में हुई बैठक में वरिष्ठ सदस्यों ने भी सुझाव दिए। पूर्व अध्यक्ष विजय सिंह, पूर्व महामंत्री प्रतीक त्रिपाठी, कल्लू दीक्षित और पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता ने महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने पर जोर दिया। इस दौरान शैलेंद्र सिंह गौर, आशीष, दिलीप गुप्ता, अमर दीक्षित, मोहित पांडे, विनोद दुबे, सौरभ दीक्षित समेत कमेटी के सदस्य और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## रामलीला कमेटी की बैठक आज

छिबरामऊ। श्री रामलीला कमेटी की अति आवश्यक बैठक 11 सितंबर शुक्रवार को शाम चार बजे श्री मनसेश्वर नाथ मंदिर परिसर में आयोजित की जाएगी। बैठक में रामलीला आयोजन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। कमेटी की ओर से सभी पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारियों से बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल होने की अपील की गई है। पदाधिकारियों को बताया गया कि बैठक विशेष कार्य के संबंध में बुलाई गई है, इसलिए सभी की उपस्थिति महत्वपूर्ण है। कमेटी ने सभी सदस्यों से निर्धारित समय पर मंदिर परिसर पहुंचकर बैठक को सफल बनाने में सहयोग करने का अनुरोध किया है।



## जलभराव की समस्या पर भाकियू ने दी चेतावनी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विकास खंड तालग्राम के ग्राम मझपुरवा के मोहल्ला तिहाई मदीना मस्जिद के पास तालाब की गंदगी और जल निकासी की व्यवस्था न होने से जलभराव की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों को संक्रमित रोगों का खतरा सता रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर गुरुवार को कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि गुंजन और भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राठौर मौके पर पहुंचे। दोनों ने ग्रामीणों से मिलकर समस्याएं सुनीं और व्यवस्थाओं को परखा। मंत्री प्रतिनिधि ने दूरभाष पर ग्राम सचिव से बात कर तत्काल जलभराव की समस्या दूर करने और साफ-सफाई कराने को कहा, वहीं ग्रामीणों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। भाकियू स्वराज जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने चेतावनी दी कि यदि समय पर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो विकासखंड कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस मौके पर मोहम्मद अकबर खान, मोहम्मद शमी खान, आयुष राठौर, प्रवीण उर्फ रिंकू तिवारी, अनिरुद्ध राजपूत सहित भाकियू स्वराज कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# रामलीला मंचन को लेकर तैयारियां तेज, कमेटी में नई जिम्मेदारियों की घोषणा

**▸ संरक्षक की जिम्मेदारी नगर पंचायत अध्यक्ष राजवती यादव व पुखराज डागा को**

**समृद्धि न्यूज,कंपिल।**


पुखराज डागा को सम्मानित पदाधिकारी

महाभारत कालीन ऐतिहासिक पहचान और राजा द्रुपद की प्राचीन राजधानी के रूप में विख्यात तीर्थनगरी कंपिल की पावन धरा एक बार फिर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों से गुंजायमान होने जा रही है। अपनी समृद्ध पौराणिक और आध्यात्मिक विरासत के लिए पहचानी जाने वाली इस नगरी में रामलीला मंचन को लेकर भव्य तैयारियां शुरू हो गई हैं। नगर में मंचन व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता, प्रकाश और दर्शकों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है, ताकि इस पारंपरिक धार्मिक उत्सव को पूरी गरिमा और व्यवस्थित रूप में संपन्न कराया जा सके। इसी सिलसिले में बाईपास रोड स्थित व्यापारी नेता ऋषभ गुप्ता के आवास पर श्री रामलीला कमेटी की बैठक आयोजित की गई। संचालन आर्येंद्र सिंह यादव ने किया। बैठक से पूर्व विधिवत भगवान श्रीराम की आरती उतारी गई। इसके बाद नगर के संभ्रांत लोगों व कमेटी सदस्यों ने बेहतर व्यवस्थाओं को लेकर अपने विचार रखे। बैठक में नवमनोनीत संरक्षक पुखराज डागा ने कहा कि कंपिल जैसी पावन धरा पर रामलीला का मंचन केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को मर्यादा और संस्कारों से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि कमेटी का प्रयास रहेगा कि मंचन में भगवान श्रीराम के जीवन आदर्श और मर्यादाएं पूरी दिव्यता के साथ जीवंत हों। वहीं कमेटी अध्यक्ष नीरज पाण्डेय ने नगरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने की बात कही। बैठक में रामलीला कमेटी की नई जिम्मेदारियां तय की गईं। जिसमें राजवती यादव नगर पंचायत अध्यक्ष एवं समाजसेवी पुखराज डागा को संरक्षक, नीरज पाण्डेय को अध्यक्ष, उपेंद्र वर्मा उर्फरवि वर्मा को संयोजक, राघव चंद्र शुक्ला को कोषाध्यक्ष, आर्येंद्र सिंह यादव को महामंत्री, महेंद्र सिंह प्रजापति को संयुक्त महामंत्री और ऋषभ गुप्ता को मुख्य प्रबंधक बनाया गया। इसके साथ ही आदेश वर्मा, नितिन मिश्रा, महेश चंद्र राठौर, राजेंद्र प्रजापति, प्रणव शर्मा, सौरभ मिश्रा, राजेश सैनी, आशीष जैन, हिमांशु गुप्ता, राजेश कठेरिया, सुरेंद्र शाक्य और ब्रह्मानंद बाथम को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान रामेत वर्मा, राजू बाथम, गुड्डन सक्सेना, राकेश कठेरिया, सुमित श्रीवास्तव और पूर्व सभासद रामवीर सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# अधिवक्ता ने परिजनों पर लगाया जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**▸ डीएम से लाइफल का लाइसेंस निरस्त करने की मांग**

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

अधिवक्ता विनीत कुमार दीक्षित ने अपने ही परिजनों पर प्रताड़ना, जान से मारने की धमकी देने और निजता का हनन करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है। पीड़ित अधिवक्ता ने परिजनों के पास मौजूद राइफल का लाइसेंस निरस्त करने और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

गंगानगर कॉलोनी श्रीराम गली निवासी अधिवक्ता विनीत कुमार दीक्षित ने शिकायत में बताया कि उनके घर के सदस्य-अमित, शिवशरण, वंदना और नन्हीं उन्हें कई सालों से अकारण प्रताड़ित कर रहे हैं और अब उनकी जान लेने पर आमादा हैं। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ आपराधिक व सिविल वाद दायर कर रखे हैं, जिन्हें वापस लेने का दबाव बनाने के लिए रोजाना कोई न कोई अपराध कारित किया जा रहा है।

अधिवक्ता का कहना है कि उनके पास इन अपराधों के फोटो और वीडियो साक्ष्य के रूप में मौजूद हैं। पीड़ित ने विवेचना अधिकारी केके कश्यप पर बिना सबूतों की जांच किए न्यायालयों व अन्य जगहों पर असत्य रिपोर्ट भेजने का आरोप लगाया है। आरोपी अमित के पास विरासत में मिली राइफल का लाइसेंस है, जिसका उपयोग वह लगातार मार-काट की फिराक में रहने और हमले के प्रयासों के लिए करता है। हाल ही में स्नानघर, टॉयलेट और कमरे के ठीक सामने सीसीटीवी कैमरा लगाकर पीड़ित अधिवक्ता और उनकी पत्नी की निजता के अधिकार का घोर उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने राइफल का लाइसेंस तत्काल निरस्त कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और जान-माल की सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई है।

# राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न

**▸ मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड व प्रमाण पत्र से किया गया सम्मानित**

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**


प्रमाण पत्र व शील्ड दिखवाते विजेता

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज की आरबीएसके टीम ए द्वारा विद्यालय में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष जागरूकता शिविर एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य टीम के चिकित्साधिकारी डॉ. नीलम बघेल, स्टाफनर्स विनेश कुमार तथा नेत्र परीक्षण अधिकारी रतनदेव ने बच्चों को धूम्रपान व तंबाकू के सेवन से होने वाले गंभीर नुकसान के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं तंबाकू से दूर रहेंगे तथा अपने सगे-संबंधियों व परिजनों को भी तंबाकू मुक्त रखने के लिए जागरूक करेंगे। तंबाकू नियंत्रण विषय पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से संदेश दिया। प्रतियोगिता के विजेताओं को शील्ड और प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर कु0 महक, द्वितीय स्थान पर अमन कुमार, तृतीय स्थान पर कु0 गुनगुन पाल रही। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक विकाश बाबू शाक्य एवं प्रधानाचार्य राहुल कुमार शाक्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में अध्यापकगण प्रियंका द्विवेदी, सर्वेश गिरी, धरा सक्सेना तथा सुनील यादव मौजूद रहे।

# प्रशासनिक सुधार विभाग का नवाबगंज ब्लॉक कार्यालय पर छापा

**▸ निरीक्षण में उड़े कर्मचारियों के होश**

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**



निरीक्षण करते मुख्य निरीक्षक

उत्तर प्रदेश प्रशासनिक सुधार विभाग की टीम ने गुरुवार दोपहर नवाबगंज विकासखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। लखनऊ से आए मुख्य निरीक्षक विपिन कुमार गंगवार के नेतृत्व में चली लगभग दो से तीन घंटे की इस गहन पड़ताल से ब्लॉक परिसर में हड़कंप मच गया और अधिकारियों व कर्मचारियों के पसीने छूट गए। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक सुधार विभाग की टीम ने ब्लॉक कार्यालय की विभिन्न पटलों का बारीकी से जायजा लिया। मुख्य निरीक्षक ने मनरेगा, लेखाकार, एडीओ पंचायत सहित सभी महत्वपूर्ण पटलों पर जाकर कार्यों और फाइलों से जुड़ी जानकारी जुटाई। जांच के दौरान विकासखंड की कार्यप्रणाली में कई बड़ी खामियां और अव्यवस्थाएं उजागर हुईं, जिस पर मुख्य निरीक्षक ने नाराजगी जताते हुए व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार लाने के कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य निरीक्षक विपिन कुमार गंगवार ने बताया कि राज्य में जनसामान्य को समयबद्ध रूप से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 4 मार्च 2011 को उत्तर प्रदेश जनहित गारंटी अधिनियम 2011 लागू किया गया था तथा 23 दिसंबर 2011 को इसकी नियमावली प्रख्यापित की गई थी। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार अधिकारी और कर्मचारी धरातल पर उतरकर जनता को इन नियमों और सुविधाओं की जानकारी दें। सरकार की मंशा है कि समस्त विकास खंडों में जाकर सरकारी योजनाओं की गहन समीक्षा की जाए, ताकि विकास कार्यों को सुचारू और पारदर्शी तरीके से संचालित किया जा सके। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य निरीक्षक विपिन कुमार गंगवार व उनकी लखनऊ की टीम के साथ खंड विकास अधिकारी राधेश्याम, लेखाकार वीरेंद्र सिंह, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, कनिष्ठ लिपिक राज भारती तथा एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### प्रभारी मंत्री आयेंगे आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग व प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह एक दिवसीय दौरे पर आ रहे है। जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार के मंत्री 11 सितम्बर को आयेंगे। भारतीय जनता पार्टी व उनके सहयोगी दलों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। इसके अलावा कोर कमेटी की बैठक में भाग लेंगे और दौलतपुर चकई के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अमृतपुर में बाढ़ राहत सामग्री व किट का वितरण करेंगे।

### 12 लीटर कच्ची शराब और 160 किग्रा लहन बरामद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी जी0पी0 गुप्ता के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीमें लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाइयां कर रही हैं। गुरुवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह ने अपने स्टाफ के साथ संदिग्ध क्षेत्र ग्राम नेकपुर चौरासी में दबिश दी। 12 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई और लगभग 160 किलोग्राम लहन खोज निकालकर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। सुसंगत धाराओं के तहत 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है। टीम ने क्षेत्र की विभिन्न आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था, मशीन से बिक्री, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता और देशी शराब दुकानों से संबद्ध कैंटीनों की सघन जांच की गई। दुकानों में मौजूद मदिरा के स्टॉक का मिलान अभिलेखों से किया गया।

### इंटरलाकिंग सड़क को समतल कराकर बनाये जाने की मांग, क्षेत्रवासियों को हो रहे परेशानी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहल्ला सातनपुर स्थित पुरानी इंटरलॉकिंग सड़क का स्तर नई बनी सड़क से नीचा हो जाने के कारण क्षेत्रवासियों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के शीघ्र समाधान के लिए वंदे मातरम किसान मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर दुबे ने नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सड़क मरम्मत की मांग की है। नंदकिशोर दुबे ने बताया कि नगर पालिका द्वारा हाल ही में नंदकिशोर दुबे के मकान से रामकृपाल के मकान तक नई इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराया गया है। हालांकि, नई सड़क के अधिक ऊंचा हो जाने से शिवम द्विवेदी के मकान तक जाने वाली पुरानी जुड़ने वाली सड़क काफी नीची रह गई है। सड़क नीची होने से बारिश और नालियों का पानी पुरानी सड़क पर जमा होगा, जिससे पानी घरों के सामने भरेगा और पुरानी सड़क के धंसने का खतरा बना हुआ है। पुरानी सड़क की री-कारपेटिंग या मरम्मत कराकर उसे नई सड़क के समतल कराए, ताकि क्षेत्रीय नागरिकों व स्कूली बच्चों को राहत मिल सके।

# चोरों ने दो मकानों के ताले तोड़कर जेवरात व सामान किया पार

**▸ एक घर में नकब लगाकर चोरी का प्रयास**

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**


चोरों द्वारा फैलाया गया सामान

थाना क्षेत्र के गांव कक्योली में बीती रात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाकर पुलिस की रात्रि गश्त की पोल खोल दी। चोरों ने एक बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये के जेवरात चोरी कर लिए।

वहीं एक अन्य खाली मकान का ताला तोड़ डाला, जबकि तीसरे घर में पीछे की ओर से नकब लगाकर चोरी का प्रयास किया। लगातार हुई तीन घटनाओं से गांव में दहशत का माहौल है। जानकारी सुबह होने पर पीड़ित परिवारों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही नवाबगंज थाना पुलिस, स्थानीय चौकी पुलिस और डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और मामले की जांच शुरू कर दी। पीड़िता स्नेह कुमारी पत्नी उपनेश कुमार शाक्य ने बताया कि उनका मकान बंद था। इसी दौरान चोरों ने ताला तोड़कर घर में रखी एक जोड़ी बृजवाला, एक चैन, एक जोड़ी पायल, चार जोड़ी तोड़िया, तीन नथ, दो अंगूठियां तथा एक चांदी का सिक्का चोरी कर लिया। चोरी गए जेवरों की कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा चोरों ने बिजेंद्र पुत्र नेकराम शर्मा के खाली पड़े मकान का भी ताला तोड़ दिया, लेकिन मकान में कोई कीमती सामान न होने के कारण उन्हें वहां से कुछ हाथ नहीं लगा। वहीं अर्चना पत्नी सुरुचि प्रकाश शाक्य के मकान के पीछे की दीवार में नकब लगाकर चोरों ने अंदर घुसने का प्रयास किया, लेकिन किसी कारणवश वे वारदात को अंजाम देने में सफल नहीं हो सके और मौके से फरार हो गए।

एक ही रात में तीन घरों को निशाना बनाए जाने से ग्रामीणों में भय और आक्रोश है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने तथा चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# श्रीकृष्ण छठी पर नगर में निकाली गई शोभायात्रा

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

भगवान श्रीकृष्ण की छठी महोत्सव पर ऐतिहासिक मोहल्ला कूंचा गंगा दरवाजा से विशाल शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा की शुरुआत राधा कृष्ण मंदिर से हुई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए गुजरी। पूरी यात्रा के दौरान ढोल-नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालु झूमते-नाचते चल रहे थे। पूरा वातावरण हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की और जय श्री कृष्ण के जयकारों से भक्तिमय हो गया। यात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण दुर्गा वाहिनी की बहनें रहीं। उन्होंने रास्ते में अपने हैरतअंगेज करतब और आत्मरक्षा के प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। लोगों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। शोभायात्रा जैसे ही गलियों से निकली, स्थानीय लोगों ने घरों की छतों से फूल बरसाकर स्वागत किया। सड़क के दोनों किनारों पर हजारों की भीड़ इस भव्य नजारे को देखने के लिए खड़ी थी। बच्चों में अलग ही उत्साह देखा गया। इस अवसर पर विधायक अमर सिंह खटिक, डॉ0 विकास शर्मा, शिल्पा गंगवार मौजूद रहे। शोभायात्रा में संजीव गुप्ता, उमेश गुप्ता, अमर गुप्ता, अंकित गुप्ता, पंकज कुमार ने भाग लिया।

**दुर्गा वाहिनी की बहनों के करतब देख दंग रह गए लोग**

### पास्को एक्ट के आरोपी 5 वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी को 5 वर्ष के कठोर कारावास और 10,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के लुधइया निवासी अभियुक्त रमेश पुत्र मुंशीलाल के खिलाफ वर्ष 2017 में धारा 354 भादवि और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने मामले की विवेचना पूरी कर न्यायालय में आरोप पत्र चार्जशीट दाखिल किया था। न्यायालय स्पेशल जज व पॉक्सो कोर्ट ने अभियुक्त रमेश को दोषी करार देते हुए 5 वर्ष के कठोर कारावास तथा 10,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

**लगा 10 हजार रुपये का जुर्माना**

# आगामी गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर एडीएम व एएसपी ने ली बैठक

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**



बैठक लेते एडीएम व एएसपी

आगामी गणेश चतुर्थी पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस लाइन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से की गई। बैठक के दौरान आगामी त्योहार के दृष्टिगत सुरक्षा-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने गणेश चतुर्थी के दौरान निकलने वाले जुलूसों एवं शोभायात्राओं के मार्गों, प्रतिमा विसर्जन स्थलों और जनपद के संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता व कड़े पुलिस प्रबंधों की गहन समीक्षा की।

संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए और पुलिस गश्त बढ़ाई जाने के निर्देश दिये। त्योहार के दौरान आमजन को असुविधा न हो, इसके लिए यातायात के विशेष इंतजाम और रूट डायवर्जन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जुलूस और विसर्जन मार्गों का पहले से भौतिक निरीक्षण कर साफ-सफाई, बिजली के लटकते तारों की मरम्मत और सड़कों की स्थिति दुरुस्त की जाए। अफवाह फैलाने वालों और अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए तथा शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। संबंधित अधिकारियों व थाना प्रभारियों को दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और स्थानीय लोगों तथा आयोजकों के साथ सतत संवाद बनाए रखने की हिदायत दी गई।

# सीएचसी पर ई-विन और ई-कवच पोर्टल का दिया प्रशिक्षण

**▸ टीकाकरण व डायरिया रोकथाम की समीक्षा**


प्रशिक्षण में मौजूद एएनएम

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल और बेहतर बनाने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीएचसी के प्रभारी डॉ. लोकेश शर्मा और डॉ. धर्मेंद्र सिंह द्वारा विकासखंड क्षेत्र की समस्त एएनएम को सरकार की नई योजनाओं और डिजिटल पोर्टल का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूर्व में चलाए जा रहे पुराने सरकारी पोर्टलों को अब बंद किया जा रहा है। उनके स्थान पर सरकार द्वारा शुरू किए गए नए डिजिटल पोर्टल ई-विन और ई-कवच को पूरी तरह लागू किया जाएगा। एएनएम को इन नए पोर्टलों को संचालित करने, डेटा एंट्री करने और फील्ड स्तर पर इनके उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में चल रहे नियमित टीकाकरण अभियान की गहनता से समीक्षा की गई। इसके साथ ही बच्चों में होने वाली डायरिया जैसी गंभीर बीमारियों के लक्षण, रोकथाम और समय पर उपचार को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि ग्रामीण इलाकों में बच्चों के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल की जा सके। इस अवसर पर सीएचसी प्रभारी डॉ. लोकेश शर्मा, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. पीयूष, पवन दीक्षित, एआरओ सुंदरम राठौर, आईओ दिनेश चंद्र, एएनएम दीपमाला मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर महादेवी वर्मा को किया गया नमन्


महादेवी वर्मा


भूपेन्द्र प्रताप सिंह, समन्वयक


आलोक बिहारी शुक्ल, प्राध्यापक


संजय गर्ग, व्यापारी नेता


आदेश अवस्थी, स0 अध्यापक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उमड़ी कल थी, मिट आज चली मैं नीर भरी दुख की बदली, विस्तृत नभ का कोई कोना मेरा न कभी अपना होना, परिचय इतना इतिहास यही, उमड़ी कल थी मिट आज चली...............**

छायावाद की दीपशिखा से आलोकित करने वाली महादेवी वर्मा फर्रुखाबाद में जन्मीं तो पांचाल धरा धन्य हो गयी, लेकिन आज भी विडंबना है कि उनकी प्रतिमा के आसपास फल विक्रेता उन्हें घेरे रहते हैं। उनकी पुण्यतिथि पर हिन्दी प्रेमियों व महादेवी के अनुयाइयों ने उन्हें याद किया और अपने श्रद्धासुमन छायावाद की देवी को अर्पित किये। एलआईसी प्राचार्य व समाजसेवी/अभिव्यंजना संस्था के समन्वयक भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया के महादेवी वर्मा चार प्रमुख स्तम्भों में एक प्रमुख मानी जाती हैं। 26 मार्च 1907 को उनका जन्म फर्रुखाबाद में हुआ। उनकी 38वीं पुण्यतिथि पर आधुनिक युग की मीरा को हम श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

भारतीय महाविद्यालय के अस्टिंट प्रोफेसर डा0 आलोक बिहारी लाल शुक्ल ने बताया कि हिन्दी साहित्य में साहित्य प्रेमियों के बीच आधुनिक युग की मीरा के नाम से सुविख्यात महादेवी वर्मा को हिन्दी के विशाल मंदिर में सरस्वती का जन्म फर्रुखाबाद में हुआ। उन्होंने इलाहाबाद में साहित्य संसद की स्थापना करके हिन्दी साहित्य को अत्यंत समृद्ध किया। नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत, सप्तपर्णा जैसी उत्कृष्ट काव्यकृतियों को लेखनी दी।

समाजसेवी व व्यावारी नेता, हिन्दी प्रेमी व अभिव्यंजना संस्था के कार्यक्रम संयोजक संजय गर्ग ने बताया कि फर्रुखाबाद का नाम पूरे भारत में आज भी महादेवी वर्मा के नाम से जाना जाता है। छायावाद की कवियत्री महादेवी वर्मा ने देश में अपनी ख्याति बनायी। आज उनकी यह छाप सबके दिलों में सीज है। ऐसी महान छायावाद देवी को हम सत्-सत् नमन करते हैं और उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

संविलियन विद्यालय अरियारा के सहायक अध्यापक आदेश अवस्थी ने बताया कि छायावाद के नाम से जानी जाने वाली कवियत्री महादेवी वर्मा की रचनायें आज भी प्रमुख हैं।

नीर भरी दुख की बदली व उनकी चार अन्य कृतियां जो मशहूर हुईं। आज भी उनको सब याद करते हैं। हिन्दी संस्थान का पहला भारत भारती सम्मान महादेवी वर्मा को मिला।

खड़ी बोली को उन्होंने हिन्दी की मधुरता और कोमलता से सुसज्जित किया।

# श्रीकृष्ण छठी पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित



प्रतियोगिता में मौजूद विद्यार्थी

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

नगर के पट्टिया लेन शकुंतला टीचर्स कॉलोनी के पास कंपिल रोड स्थित किरन पब्लिक स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण की छठी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में सदन-वार रोमांचक मटकी फोड़ प्रतियोगिता के साथ-साथ विविध रचनात्मक प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और कला का शानदार प्रदर्शन किया। शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रबंधक डॉ0 वीरेंद्र गंगवार, मैनेजर कल्पना गंगवार, एकेडमिक मैनेजर डॉ0 उदित पटेल, खुशी पटेल एवं प्रधानाचार्या राधिका नायर ने माँ सरस्वती एवं भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। सबसे रोमांचक आकर्षण सदन-वार आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता रहा। हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की और गोविंदा आला रे के गगनभेदी जयकारों के बीच बाल-गोपालों की टोलियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देते हुए अद्भुत संतुलन और अदम्य साहस के साथ मानव पिरामिड बनाए और हवा में लटकती मटकी को फोड़ा। विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के लिए मटकी सजाओ, बांसुरी सजाओ एवं झूला बनाओ प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्रबंधक डॉ0 वीरेंद्र गंगवार ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण केवल एक आराध्य ही नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन-प्रबंधन के सर्वोत्तम आदर्श हैं। मैनेजर कल्पना गंगवार ने सभी को बधाई दी। संयोजन शैक्षिक गतिविधि प्रभारी विक्रान्त सिंह एवं अंजना जयन के संयुक्त नेतृत्व में हुआ। वहीं कलात्मक छटा बिखेरने में कला एवं रचनात्मक प्रभारी शिवानी राठौर, आकांक्षा सैनी व आरजू गंगवार, डिजिटल पटल पर प्रस्तुतीकरण में सोशल मीडिया प्रभारी हिरा अंसारी तथा खेल भावना बढ़ाने एवं पिरामिड बनाने आदि में क्रीड़ा प्रभारी अल्पना यादव की भूमिका रही। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर जयन राजन, शिक्षिका अंजू बाथम, प्रगति सक्सेना, मंजू यादव, पूजा पाल, आशिका, पूनम, खुशी, पूजा तथा शिक्षक नीरज अग्निहोत्री, निखिल शाक्य, शाहरुख खान, अजमत अली, अतुल प्रताप सिंह व हरिद्वार द्विवेदी, फराह खान, उमाकांत वर्मा, रवि कुमार मौजूद रहे।

# एनडीआरएफ ने छात्रों को सिखाए आपदा प्रबंधन और जीवन रक्षक कौशल

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**


छात्रों को जागरुक करती एनडीआरएफ टीम

आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित बचाव के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से स्वामी रामानंद बालक इंटर कॉलेज में विशेष स्कूल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम गाजियाबाद स्थित आठवीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल द्वारा जिला प्रशासन के समन्वय एवं डिप्टी कमांडेंट नरेश नामदेव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सहायक उप निरीक्षक रमाकांत यादव के नेतृत्व में एनडीआरएफ की टीम ने बाढ़, भूकंप, अग्निकांड और आकाशीय बिजली जैसी प्राकृतिक व मानव-जनित आपदाओं से बचाव के कारगर तरीके बताए। प्रशिक्षण के दौरान टीम द्वारा संजीव प्रदर्शन व अभ्यास कराया गया। सुरक्षित प्रतिक्रिया के लिए प्रसिद्ध ड्रॉप, कवर एवं होल्ड तकनीक का लाइव प्रदर्शन। आपातकालीन स्थिति में सीपीआर बेसिक लाइफ सपोर्ट, फर्स्ट ऐड तथा गले में भोजन या सांस अटकने पर जीवन बचाने के तरीके। घायलों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने, स्ट्रैचर के सही उपयोग और टीमवर्क के साथ राहत कार्य संचालित करने की पद्धतियां सिखायी गई। प्रबंधक विनीत अग्निहोत्री ने कहा कि ऐसे व्यावहारिक प्रशिक्षण से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और समाज सेवा की भावना का विकास होता है। टीम कमांडर रमाकांत यादव ने अपील की कि आपदा के समय घबराने के बजाय धैर्य और सूझबूझ से काम लें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ0 धर्मेंद्र कुमार सिंह रघुवंशी तथा शिक्षक अमित कुमार, राखी त्रिवेदी, राहुल देव, मनोज कुमार शुक्ला, दिनेश चन्द, राजीव कुमार दीक्षित, सीमा, पुनीत कुमार द्विवेदी एवं नेहा मसीह उपस्थित रहे।

# नाले में गिरे बेजुबान बछड़े की गौसेवकों ने बचाई जान


बछड़े को देखते गौसेवक

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

खानपुर स्थित पंचायत घर के पास नाले में गिरे एक गाय के बछड़े को तत्परता दिखाते हुए सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद मौके पर पहुंचे गौसेवकों ने पशु चिकित्सक को बुलाकर बछड़े का तत्काल इलाज कराया। भाजपा के नगर मीडिया प्रभारी राहुल राठौर ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि खानपुर में एक बछड़ा अचानक नाले में गिर गया था। स्थानीय नागरिक कृष्णदीप शर्मा ने जब बछड़े को नाले में तड़पते देखा, तो उन्होंने तुरंत हिम्मत दिखाकर उसे नाले से बाहर निकाला। इसके बाद बछड़े के इलाज के लिए गौसेवक अनुज राठौर, नैतिक कश्यप और निखिल कश्यप को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सभी गौसेवक मौके पर पहुंचे और पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टर को बुलाकर बछड़े का उपचार शुरू कराया। घटना के दौरान गौ रक्षकों ने पशु चिकित्सा विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए। राहुल राठौर ने जिला प्रशासन से फतेहगढ़ क्षेत्र में जल्द से जल्द एक गौशाला स्थापित करने की मांग की है।

# जीजीआईसी फतेहगढ़ में जनपद स्तरीय कला उत्सव आयोजित


कार्यक्रम में सम्मानित होती छात्रायें

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

पीएम श्री महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में जनपद स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने किया। कला उत्सव में जनपद के लगभग 20 विद्यालयों के करीब 200 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कला उत्सव के अंतर्गत विभिन्न कला विधाओं में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल गायन, समूह गायन, द्वि-आयामी दृश्य कला, त्रि-आयामी मूर्ति कला, स्थानीय शिल्प, कहानी वाचन, एकल वादन एवं समूह वादन सहित कुल 12 विधाओं में प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. सुरक्षा पांडे, डॉ. अंजू पांडे, डॉ. गरिमा एवं सुधीर कुमार पाल शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति, रचनात्मकता, कला-कौशल एवं प्रतिभा का मूल्यांकन किया। कला उत्सव नोडल शिक्षिका गुलशन जहाँ ने कार्यक्रम का संचालन करने के साथ-साथ आयोजन की समस्त व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संपन्न कराया। सरिता त्रिवेदी ने भी आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय सहभागिता की। इसके अतिरिक्त ऋचा तिवारी, आरती यादव, मोनी सिंह, दीप्ति सिंह, निर्मला सिंह, अर्चना गुप्ता, एवं शैलजा मौर्य सहित अन्य शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी कला एवं रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रत्येक विधा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी मंडल स्तर पर आयोजित कला उत्सव में जनपद का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिभाग करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में कला, सृजनात्मकता, आत्मविश्वास तथा भारतीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत के प्रति रुचि को बढ़ावा देना रहा। छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## पीडीए कुनबा बढ़ाने के लिए राजेन्द्र श्रीवास्तव सपा में शामिल


राजेन्द्र को सम्मानित करते सपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के द्वारा पीडीए का नारा दिए जाने के बाद समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं नेता पीडीए वर्ग के जागरुक एवं राजनीतिक गोटियाँ बिछाने में माहिर लोगों को अपने कुनबे में जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। सपा जिला महासचिव इलियास मंसूरी व जिला प्रवक्ता राधेश्याम सविता के माध्यम से सविता समाज के बड़े चेहरे के रूप में जनपद में पहचान रखने वाले रिटायर्ड रजिस्टार/कानूगो राजेंद्र श्रीवास्तव से मिलने तिकोना स्थित आवास पर पहुंचे। राजेंद्र श्रीवास्तव लंबे समय तक सविता महासभा के जिलाध्यक्ष एवं युवा सविता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं, उनके अपने समाज में जनपद में उनका अच्छा प्रभाव माना जाता है। सपा जिलाध्यक्ष ने भी राजेन्द्र श्रीवास्तव को सम्मानित किया। इस दौरान राधेश्याम सविता, शिवम पटेल, राजीव श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, निखिल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### 6 सितंबर से बेटे को तलाश रहा पिता



**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के सथरियाव गांव से चार दिन पूर्व घर से साइकिल बनवाने के लिए निकले किशोर का अभी तक पता न चलने पर परिजनों ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। प्रार्थना पत्र में गुमशुदा किशोर योगेश कुमार के पिता महेंद्र ने बताया कि उसका लड़का सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज रघुवंशपुरम में कक्षा 11 में अध्यनरत था और 6 सितंबर 2026 की सुबह घर से साइकिल बनवाने के लिए निकला था देर शाम तक जब वह वापस न लौटा तो परिजन चिंतित हुए और उसकी खोज में लग गए लगातार रिश्तेदारों व अन्य जगहो पर तलाश के बाद भी योगेश का कोई अता-पता ना चला तो वह थाने जाकर उसके गुम होने की सूचना दी जिस पर पुलिस ने तलाश शुरू कर दी और साथरियांव मार्ग पर साहू चक्की के पास से बाल मंदिर इंटर कॉलेज वाले मार्ग पर लगे सीसी कैमरा में योगेश को साइकिल से जाते देखा गया लेकिन बांदा टांडा मार्ग पर योगेश किस तरफगया इसका कोई पता ना लग सका। आखिरी आंसू सूत्रों की मानें तो पुलिस ने जयरामनगर चौराहे के तमाम सीसी कैमरो को देखने का प्रयास किया लेकिन ज्यादातर कैमरे खराब निकले जिससे पुलिस को भी बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

### मेधावियों को 15 सितम्बर को करेगी सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** काकुत्स्थ विकास महासभा द्वारा पंचमुखी हनुमान मंदिर निसाई पर 15 सितम्बर को काकुत्स्थ प्रतिभा सम्मान समारोह को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जिलाध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद सक्सेना ने बताया कि काकुत्स्थ समाज 15 सितम्बर को काकुत्स्थ विजय दिवस पर समाज की प्रतिभाओं को सम्मान करेगा। जिसके लिए समिति का गठन किया गया है। समाज के हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, परास्नातक में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। वह विद्यार्थी अपना नाम 14 सितम्बर तक उपलब्ध करा दें। कार्यक्रम आयोजक व संयोजक नागा संत रामानंद गिरि को बनाया गया है।

### कानपुर में फेक करेंसी के खेल का बड़ा खुलासा!



**कानपुर, समृद्धि न्यूज।** एसओसजी/क्राइम ब्रांच और रेलबाजार पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में फेक करेंसी चलाने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार, कब्जे से करीब 2 लाख रुपये की नकली करेंसी बरामद। आरोपियों के पास से 500 समेत अन्य नकली नोट मिले, पिछले 3-4 महीने से कानपुर और आसपास के इलाकों में छोटी-छोटी रकम के जरिए नकली नोट खपाने का आरोप। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार तीनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, करीब 15 मुकदमे पहले से दर्ज बताए जा रहे हैं। पूछताछ में गिरोह से जुड़े कुछ अन्य सहयोगियों के नाम भी सामने आए, अब पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

## किदवई नगर में छठी महोत्सव के साथ समापन



**समृद्धि न्यूज,कानपुर।** साइट नंबर-1 किदवई नगर स्थित सार्वजनिक श्री संकट मोचन विजय हनुमान एवं श्री दुर्गा मंदिर में आयोजित 15वें छह दिवसीय श्री कृष्ण जन्मोत्सव महोत्सव का षष्ठम दिवस श्री कृष्ण छठी एवं भव्य समापन समारोह के रूप में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। बाल गोपाल श्रीकृष्ण का पंचामृत एवं पवित्र जल से षष्ठी अभिषेक, विधि-विधान से पूजन, भव्य श्रृंगार तथा पालने में झूला झुलाने का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें नीलम वीरेंद्र चौहान, रेनू मधु शुक्ला, बीना गुप्ता, मधु मिश्रा, संतोष गुप्ता, अंजू द्विवेदी, सुधा शुक्ला, आशा गुप्ता, राखी गुप्ता, वीरेंद्र नीलम चौहान, अमित मिश्रा एवं आचार्य मुकेश द्विवेदी ने सहभागिता की। भक्तिमय सोहर गीत एवं श्रीकृष्ण संकीर्तन का आयोजन हुआ। बाल गोपाल को काजल लगाकर पारंपरिक छठी संस्कार कराया गया। सोहर गीतों में नीलम वीरेंद्र चौहान, शालिनी अवस्थी, डॉली द्विवेदी, मधु गुप्ता, विजय लक्ष्मी, सुषमा भारद्वाज, नीलम दुबे, बीना त्रिपाठी, शालिनी गुप्ता, पारुल तिवारी एवं मधु मिश्रा ने प्रस्तुति दी। अमन वर्मा ने ढोलक वादन से कार्यक्रम में विशेष रंग भरा। इसके बाद भोग एवं आरती में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बच्चों द्वारा राधा रानी की मनमोहक झांकी, महिलाओं द्वारा गरबा एवं डांडिया नृत्य तथा फूलों की होली का भव्य आयोजन हुआ। मीरा गुप्ता, पूनम शुक्ला, आराधना गुप्ता, सुहानी पाल, सुधा शुक्ला, सर्वेश पाठक, शशि गांधी, आशा देवी राठौर, सुमन शुक्ला, संयोगिता तिवारी, ज्योति दुबे, रंजन स्वास्थ्य, कंचन सक्सेना, बबीता पांडे, अर्चना सक्सेना, डॉ मीना वर्मा, श्रेया वर्मा, संध्या अवस्थी, उर्मिला श्रीवास्तव, इंदू सिंह, सुबोध मिश्रा, लक्ष्मी द्विवेदी एवं करुणा त्रिवेदी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। पूरा मंदिर परिसर राधे-राधे एवं जय श्री कृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। समापन पर विशेष छठी भंडारे में कढ़ी-चावल प्रसाद का वितरण किया गया।

# पूर्व विधायक ने की बाढ़ प्रभावित लोगों को मुआवजे की मांग

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**



- 23 हजार बीघा फसल डूबकर बर्बाद
- जलप्रलय संकट से जूझ रही 27 हजार आबादी

पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र (नाले के पानी से) 12 गाँव में जलप्रलय संकट के सम्बन्ध में और बरसात में घर गिरने से हुए लोगो के नुकसान में मुआवजा सहयोग धनराशि दिलाये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी को पत्र दिया। पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी को अवगत कराया की बाढ़ प्रभावित क्षेत्र (नाले के पानी से) लगभग 12 गाँव एकारी, अतरहा, मदरियापुर, मोहनपुर, बिलंदा, चकमुगल, चकबरारी, केशवपुर, शहजादपुर, मदारीपुर कला, रमवा, टीसी, और बेरइहार शहर इत्यादि जलप्रलय संकट से घिरे है। देखने में आया है कि लगभग 23 हजार बीघा फसल डूबकर बर्बाद हो गयी है और लगभग 27 हजार आबादी जलप्रलय संकट से जूझ रही है। विक्रम सिंह पूर्व विधायक ने जिलाधिकारी को पत्र में इसका मुख्य कारण बताते हुए कहा की शहर फतेहपुर समेत पीछे के सैकड़ो गाँवो की जल निकासी का नाला जाम होने से समस्या भयावह हो गयी है। सिचाई विभाग द्वारा एकारी और टीसी के मध्य नाले में पानी रोकने के लिए बंधा बना दिया है। नाले की सफाई न होने के कारण वह जल कुम्भी से पूरी तरह जाम है। इसके कारण गन्दा नाला का पानी आगे नही बढ़ पा रहा है। आस पास के गाँवों व् खेतों में तबाही है। एकारी से टीसी होकर मिचकी गाँव को जाने वाली नहर पूरी जलकुम्भी से ढकी है जिससे पानी का बहाव नही हो पा रहा है। विक्रम सिंह पूर्व विधायक ने जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम से बताया की बरसात के मौसम में भ्रमण के दौरान यह संज्ञान में आया की कई गाँव में बरसात में घर गिर गये है और लोग तिरपाल डालकर व् अस्थाई व्यवस्था बनाकर रहने को मजबूर है। जिसके कारण उनके पास रहने की समुचित व्यवस्था नही है। जिससे ग्रामीणों में दु:ख का माहौल बना है इन परिवारों की आर्थिक स्थिति भी कमजोर है। विक्रम सिंह ने कहा की शहर का पानी जो नाले से जाता है और ससुर खदेरी नदी में गिरता है तो नाला व नदी की गहराई व सफाई कराया जाना और किसानों व ग्रामीणों की फसलों का मुआवजा एवं सहयोग धनराशि उपलब्ध कराई जाये। जिनके आवास गिर गए है उनकी फोटूग्राफ के सभी ग्राम पंचायत अधिकारीयों (सेक्रेटरी) के माध्यम से एक रिपोर्ट आख्या तैयार करवाई जाये, उनकी संख्या सुनिश्चित की जा सके और उनको मुआवजा एवं सहयोग धनराशि उपलब्ध कराये जाने के लिए शासन स्तर में कहा है।

# डीएम के निरीक्षण में पांच कार्मिक मिले अनुपस्थित



- एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज, कानपुर नगर।**

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने प्रादेशिक सेवायोजन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उपस्थिति पंजिका की जांच में पांच वरिष्ठ सहायक राकेश कुमार सिंह, संजीव कुमार श्रीवास्तव, रजनी वर्मा, सतीश पाण्डेय एवं क्षेम अग्निहोत्री अनुपस्थित पाए गए। डीएम ने पांचों कार्मिकों का एक दिन का वेतन काटने तथा उनसे एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही यह स्पष्ट करने को कहा कि संबंधित कार्मिकों को कार्यालय से अनुपस्थित रहने की अनुमति किस अधिकारी द्वारा दी गई थी।

भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति पाए जाने पर संबंधित कार्मिक के साथ पर्यवेक्षणीय अधिकारी का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने तत्काल निःशुल्क पंजीकरण काउंटर/हेल्प डेस्क स्थापित करने और इसकी सूचना प्रमुख द्वार सहित प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्राइवेट वेंडरों को किस अधिकारी और किस व्यवस्था के तहत वहां बैठने की अनुमति दी गई, इसकी रिपोर्ट तीन कार्य दिवस में मांगी। उन्होंने कहा कि केवल चयनित अभ्यर्थियों की संख्या को उपलब्धि के रूप में प्रदर्शित न किया जाए, बल्कि यह भी सत्यापित किया जाए कि चयनित अभ्यर्थियों में कितनों ने वास्तव में संबंधित नियोजक के यहां कार्यभार ग्रहण किया और कितने वर्तमान में कार्यरत हैं। इसकी विस्तृत रिपोर्ट सात कार्य दिवस में मांगी गई है।

# डॉ. पंकज सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



- निक्षय पोषण योजना का लाभ लेने के लिये अब फेस वेरीफिकेशन करवाना अनिवार्य

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**

आईटीआई रोड में स्थित निजी क्लीनिक एमबी मेमोरियल में क्लीनिक संचालक डॉ. पंकज सिंह द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. अशोक कुमार की अध्यक्षता में 11 टीबी मरीजों को पोषण आहार वितरण किया गया और डॉ. पंकज सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया, और डॉ. पंकज सिंह द्वारा उपस्थित ओ.पी.डी. में आये सभी मरीजों को टीबी रोग के प्रति जागरूक किया, उन्होंने बताया कि टीबी के लक्षण जैसे दो हफ्ते से लगातार खांसी आना, बुखार का आना, रात में पसीना आना, बलगम या बलगम के साथ खून का आना, सीने में दर्द होना, वजन का कम होना, भूख न लगना, गर्दन में गिल्टी/गाँठ आदि लक्षण होने पर अपने पास के किसी भी सरकारी हास्पिटल में जाकर बलगम की जाँच करायें। यदि जाँच में टीबी की पुष्टि होती है तो सरकारी हास्पिटल से निशुल्क दवा शुरू करें। जिला क्षयरोग अधिकारी, डॉ.अशोक कुमार द्वारा बताया गया कि भारत सरकार द्वारा प्रत्येक टीबी मरीज को इलाज के दौरान (सरकारी, प्राइवेट) रू0 1000/- पोषण आहार के लिये प्रतिमाह दिया जाता है। अजीत सिंह एस.टी.एस. एवं राकेश कुमार पी.पी.एम.ने बताया कि निक्षय पोषण योजना का लाभ लेने के लिये अब फेस वेरीफिक्रेशन करवाना अनिवार्य है उसके बाद धनराशि आपके खाते में डी.बी.टी. के माध्यम से भेजी जायेगी। आप सभी के सहयोग से टीबी हारेगा, देश जीतेगा के नारे को साकार किया जा सकता है।

**सूचना**

मेरे पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम **Prathvi Singh** अंकित हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक नाम **Prathvi Rathore** है। **Prathvi Rathore,** S/o No-**10406331H,** सेवानिवृत्त हवलदार, पंकज कुमार, 114 टीए जाट, निवासी ग्राम सिठौली, पोस्ट-राजेन्द्र नगर, जिला-फर्रुखाबाद, राज्य-उत्तर प्रदेश-205302, द्वारा शपथ पत्र नंबर-IN-UP739889 20753333Y, दिनांक-10/09/2026 फतेहगढ़ कोर्ट।

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड व पेन कार्ड में मेरा नाम राधा दुबे व बैंक पासबुक में मेरा नाम राधा अंकित दर्ज है। दोनों ही नाम मेरे है, मुझे दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाता है। इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है। **राधा दुबे पत्नी कृष्ण अवतार निवासी मकान नं0-2/16 साहबगंज नरायनदास शहर व जिला फर्रुखाबाद।**

# पंचायत सहायकों ने एडीओ पंचायत को सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज, कोथावां, हरदोई।**



पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर बुधवार को पंचायत सहायकों ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीओ पंचायत सुधाकर बाजपेई को सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र यादव के नेतृत्व में पंचायत सहायकों ने मानदेय वृद्धि समेत सेवा संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई।

ज्ञापन में पंचायत सहायकों का मानदेय बढ़ाकर न्यूनतम 30 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने, योग्यता व अनुभव के आधार पर स्थायी सेवा का लाभ देने, महिला पंचायत सहायकों को मातृत्व अवकाश सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने व आगामी ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती में 50 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिए जाने की मांग की गई। ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र यादव ने कहा कि पंचायत सहायक ग्राम पंचायत स्तर पर शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने और ऑनलाइन कार्यों के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद पंचायत सहायकों को उनकी जिम्मेदारियों के अनुरूप मानदेय और सेवा संबंधी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत सहायकों की मांगों पर सरकार को गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होती है तो पंचायत सहायक लोकतांत्रिक तरीके से अपना आंदोलन जारी रखेंगे। पंचायत सहायकों ने बताया कि सुधीर वर्मा के नेतृत्व में ब्लॉक के पंचायत सहायक लखनऊ के इको गार्डन में आयोजित अनिश्चितकालीन धरने में शामिल होने के लिए रवाना हुए हैं। उनकी प्रमुख मांग है कि पंचायत सहायकों के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री से मुलाकात कराकर समस्याओं का समाधान कराया जाए। इस दौरान प्रखर पांडे, शालू, प्रिया, शिवांगी, अनिरुद्ध, राहुल कनौजिया मौर्य सहित बड़ी संख्या में पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# बेकनगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई
## 15 गुम हुए मोबाइल बरामद



**समृद्धि न्यूज,कानपुर।**

बेकनगंज थाना पुलिस की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से गुम हुए 15 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली धारकों को वापस सौंप दिए। बरामद मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत करीब 3 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के मुताबिक, अलग-अलग प्रांतों से इन मोबाइल फोनों की तलाश कर उन्हें सकुशल बरामद किया गया। 10 सितंबर 2026 को सहायक पुलिस आयुक्त अनवरगंज, कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा मोबाइल धारकों को उनके फोन वितरित किए गए। मोबाइल वापस मिलने पर धारकों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी और उन्होंने कानपुर पुलिस का धन्यवाद किया। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक मो. मतीन खान, उपनिरीक्षक मंज़र अब्बास, उपनिरीक्षक दीपक यादव, उपनिरीक्षक रोहित बघेल सहित पुलिस टीम की भूमिका रही।

### कार्यकारिणी का गठन 12 को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार दीक्षित ने जनपद की शाखा मिनिस्ट्रियल फेडरेशन एसोसिएशन एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ के कार्यकारिणी का गठन हेतु 12 सितम्बर शनिवार को कैम्प कार्यालय मण्डी रोड स्थित कटियार कोल्ड स्टोरेज के सामने कृष्णा कालोनी में होगा। जानकारी देते हुए बताया कि समस्त पदाधिकारी समय से पहुंचकर कार्यकारिणी के गठन में शामिल हो।

**Girija Devi Degree College, Sakwai Farrukhabad**

**आवश्यकता है**

**डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0) पाठ्यक्रम हेतु विभागाध्यक्ष एवं प्रवक्ताओं की**

1-**विभागाध्यक्ष**- 01 योग्यता-55 प्रतिशत अंको के साथ स्नातकोत्तर उपाधि और 50 प्रतिशत अंको के साथ एम0एड/एम0ए0 (शिक्षाशास्त्र) तथा अध्यापक शिक्षा संस्था में पाँच वर्ष शिक्षण अनुभव। **02-प्रवक्ता**-शिक्षा में परिप्रेक्ष्य/शिक्षा के आधार-3 विज्ञान-2, मानविकी और समाज विज्ञान-2, गणित-2 एवं भाषा-3 **योग्यता**-50 प्रतिशत अंको के साथ सम्बन्धित विषय में एम0ए0/एम0एस0सी और 50 प्रतिशत अंको के साथ एम0एड0 की डिग्री अथवा एम0ए0 (शिक्षा शास्त्र)। **3- प्रवक्ता**- शारीरिक शिक्षा-01 **योग्यता** 50 प्रतिशत अंको के साथ व्यायाम शिक्षा में मास्टर डिग्री (एम0पी0एड)। **4- प्रवक्ता**-दृश्य और अभिनय निष्पादन कलाएं-02- **योग्यता**- ललित कला/संगीत/नृत्य/थियेटर में 50 प्रतिशत अंको के साथ मास्टर डिग्री।

**आरक्षण**-केन्द्र सरकार/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित SC/ST/OBC अन्य नियमानुसार होगा।

**नोट**-दिनाँक 01-10-2026 तक सभी पदों हेतु आवेदन पत्र पंजीकृत डाक द्वारा कॉलेज के पते पर प्राप्त किये जायेंगें।
2-साक्षात्कार हेतु दिनाँक 05-10-2026 को अपने मूल अभिलेखो के साथ एवं अभिलेखों की दो-दो छायाप्रति एवं दो फोटो के साथ प्रात 10 बजे कॉलेज प्रांगण मे उपस्थित हो।

**सचिव**
**मो0- 9415354516**

## खबरें एक नजर में

### कंटेनर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**भांवरकोल/गाजीपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर मनिया मोड़ के पास गुरुवार को कंटेनर की चपेट में आने से बाइक सवार बरेसर थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासी रमेश यादव (36) की मौत हो गई। रमेश बाइक से भरौली की ओर से मुहम्मदाबाद जा रहे थे। बताया गया कि मनिया चट्टी के पास उनकी बाइक का हैंडल सड़क पर जा रहे तिपहिया वाहन से टकरा गया। इससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ी। इसी दौरान पीछे से जा रहे कंटेनर का पहिया रमेश के सिर पर चढ़ गया। हादसे में सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। रमेश हेलमेट पहने थे, लेकिन पहिए के नीचे आने से हेलमेट भी टूट गया। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद चालक कंटेनर लेकर भागने में सफल रहा। सूचना पर उपनिरीक्षक दयाशंकर सिंह और प्रमोद कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल और चेतना शून्य रमेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदाबाद ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि शव को विधिक कार्रवाई के बाद मर्चरी हाउस भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### लापता युवती का शव लोन नदी से हुआ बरामद

**रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बीते 10 दिनों से लापता युवती का शव लोन नदी से बरामद हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार बहरामपुर गांव निवासी कल्लू की 25 वर्षीय पुत्री दिव्या बीते 31 अगस्त को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी खोजबीन किया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद परिजनों ने लालगंज कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी और पुलिस लगातार युवती की तलाश में जुटी हुई थी। बृहस्पतिवार को लोन नदी का जलस्तर कम होने पर ग्रामीणों ने झाड़ियों और बेर के पेड़ में फंसा एक शव देखा। सूचना मिलने पर पुलिस ने पानी से शव को बाहर निकलवाया। जिसकी शिनाख्त लापता दिव्या के रूप में हुई हुई। ग्रामीणों के मुताबिक, दिव्या का विवाह इसी साल नवंबर माह में होना तय हुआ था। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। अचानक हुई इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। वहीं, गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं कि युवती की मौत नदी में डूबने से हुई है या फिर उसकी हत्या कर शव को यहां फेंका गया है। प्रभारी निरीक्षक लालगंज प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह साफ हो सकेगी।

### वरिष्ठ अधिवक्ता शंकर लाल गुप्ता के पर शोक

**रायबरेली।** जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं ईस्टर्न कमेटी के वरिष्ठ सदस्य शंकर लाल गुप्ता का हृदय गति रूक जाने से निधन हो ने पर शोक की लहर दौड गयी। स्व: गुप्ता को श्रद्धाँजलि अर्पित करते हुए सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के संरक्षक डीपी सिंह, पूर्व अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ल, राकेश सिंह राना, ओपी सिंह, ओपी यादव, सुरेन्द्र सिंह भादौरिया राकेश तिवारी, कमलेश चन्द्र पाण्डेय वर्तमान अध्यक्ष सुरेश चन्द्र यादव व महामंत्री संजय प्रताप सिंह ने कहा कि अधिवक्ता जगत से शंकर लाल गुप्ता रूपी सितारा अस्त हो गया। छः दशकों तक उन्होंने पूरी निष्ठा से विधि व्यवसाय का कार्य किया एवं सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के चुनाव में ईस्टर्न कमेटी के सदस्य के रूप में अहम भूमिका निभाई। उनके निधन से अधिवक्ता समाज में जो रिक्तिता आयी है, उसकी भरपाई निकट भविष्य में सम्भव नहीं है। अधिवक्ताओं ने कहा कि सन् 1978 से उनका सानिध्य मिला, उनसे जीवनकाल मे अधिवक्ताओं ने बहुत कुछ सीखने को मिला। स्वः गुप्ता वकालत के व्यवसाय के साथ-साथ सामाजिक सेवा, खेल-कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अच्छी रूचि रखते थे एवं समय-समय पर कार्यक्रम के आयोजन भी करते रहे। बार एवं बेंच के बीच कैसे समन्वय स्थापित किया जाता है, ये बातें उनसे सीखने को मिली। उनके निधन पर बैठी संख्या में अधिवक्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

### सड़क दुर्घटनाओं को लेकर जागी एनएचएआई, पेड़ों की कटान शुरू

**बछरावां-रायबरेली।** लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर चुरुआ चौराहे पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर ग्रामीणों द्वारा पेड़ों की कटान के लिए मांग की गई थी। जिसको लेकर लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर मेंटेनेंस विभाग द्वारा पेड़ों की कटान कराई गई है। बताते चलें कि महीने में दो-तीन सड़क दुर्घटनाएं केवल मुख्य चौराहा होने के चलते लखनऊ की तरफ से आने वाले वाहन एवं रायबरेली से लखनऊ की तरफ जा रहे तेज रफ्तार वाहन दिखाई नहीं देते थे। जिसके कारण दो पहिया वाहन एवं पैदल चलने वाले राहगीरों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता था। प्रत्येक वर्ष दर्जनों की संख्या में सड़क क्रॉस करने के चलते राहगीरों की जान चली जाती थी। कई बार ग्रामीणों द्वारा पेड़ों की कटान की गई थी लेकिन विभाग द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर पेड़ों की कटान की जा रही है। ग्रामीणों द्वारा दुर्घटना के समय पुलिस प्रशासन एवं उप जिलाधिकारी महाराजगंज को अवगत कराया गया था। समाचार पत्रों के माध्यम से सड़क दुर्घटना की प्रमुख समस्या को अवगत कराया गया था इसके बाद पेड़ों की कटान की जा रही है।

# अनियमितताओं पर जिलाधिकारी का कड़ा एक्शन, तीन अधिशासी अधिकारी नपे

**तीन कर्मचारी हुए निलंबित**

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

नगर पालिका परिषद सिसवा बाजार के मीरा बाई नगर वार्ड संख्या-25 में लगभग 4 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन अमृत सरोवर परियोजना में कथित भ्रष्टाचार, घटिया निर्माण एवं वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित शिकायत को जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल द्वारा गंभीरता से लेते हुए जांच कराई गई। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर जिलाधिकारी महोदय ने जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दिनांक 18 जुलाई 2026 को प्राप्त शिकायत के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा त्रि-सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी। समिति में उप जिलाधिकारी निचलौल, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग, महराजगंज तथा उपायुक्त श्रम रोजगार, महराजगंज को शामिल किया गया। समिति को परियोजना में लगाए गए भ्रष्टाचार, निर्माण की गुणवत्ता तथा वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की स्थलीय एवं अभिलेखीय जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जांच के दौरान उक्त तालाब पर तीन बच्चों की डूबने से हुई मृत्यु की घटना को भी गंभीरता से संज्ञान में लिया गया। डीएम द्वारा समिति को इस घटना के संबंध में भी जांच कर यह निर्धारित करने के निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य एवं पर्यवेक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन किया गया था अथवा नहीं। जांच समिति द्वारा प्रस्तुत आख्या के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा वर्तमान अधिशासी अधिकारी विन्ध्याचल को स्पष्टीकरण जारी किया जा चुका है। इसके साथ ही अमृत 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत तालाब सौंदर्यीकरण के वास्तविक निर्माण कार्य के दौरान तैनात रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका तथा उनके पर्यवेक्षणीय दायित्वों की भी जांच की गई।

# जल जमाव से आमजन को हो रही दिक्कतें



**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

विकासखंड घुघुली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हरपुर महंत कुर्मी टोला में पक्की सड़क पर गंदे पानी का जल जमाव बना रह रहा है।वही नालियां दयनीय स्थिति में है। जिससे स्कूली छात्रों एवं स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।जनप्रतिनिधियों द्वारा समस्या का निराकरण न कराए जाने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय विधायक आदि जनप्रतिनिधी द्वारा ध्यान न दिए जाने के कारण सड़क पर हमेशा जल जमाव की स्थिति रह रही है।जिससे लोगों में आक्रोश है। जय हिंद चौधरी का कहना रहा की जन प्रतिनिधि सिर्फ वोट मांगने आते हैं जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### 175 में 46 आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण अभी भी अपूर्ण

**समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज** जनपद में वित्तीय वर्ष 2025 -26 के दौरान स्वीकृत 175 आंगनबाड़ी केंद्रों में अभी 46 आंगनबाड़ी केंद्र अपूर्ण हैं। वहीं 32 अन्नपूर्णा भवन निर्माण के सापेक्ष अब तक 29 अन्नपूर्णा भवन निर्माण पूर्ण होने की खबर है। आंगनबाड़ी तथा अन्नपूर्णा भवनो के निर्माण से सुविधाओं का विस्तार होगा और शासन द्वारा लाभार्थियों के लिए चलाई जा रही योजना हर व्यक्ति तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त होगा। उपायुक्त श्रम रोजगार गौरवेंद्र सिंह के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों तथा अन्नपूर्णा भवन के निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा सभी निर्माण के जिम्मेदारों को निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है।

# बाइक चालक ने ली अधेड़ की जान, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



थाना श्यामदेउरवां क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाने के कारण हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने वांछित चालक को गिरफ्तार कर लिया है। विवेचना के दौरान चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने की बात सामने आने के बाद पुलिस ने मामले में गंभीर धाराओं की बढ़ोतरी की है।पुलिस के अनुसार, मोटरसाइकिल का चालक सचिन (26) तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था। इसी दौरान उसने वादी सत्येन्द्र शर्मा के पिता नाथूलाल (52) को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नाथूलाल गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मृत्यु हो गई।घटना के संबंध में थाना श्यामदेउरवां में मु0अ0सं0 234/2026 के तहत धारा 281/106(1) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि दुर्घटना के समय बाइक चला रहे सचिन के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था।विवेचना में उपलब्ध तथ्यों के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त को सदोष मानव वध का दोषी पाए जाने पर मुकदमे में धारा 106(1) बीएनएस का विलोपन करते हुए धारा 105 बीएनएस की बढ़ोतरी की। इसके बाद पुलिस ने गुरुवार, 10 सितंबर 2026 को वांछित अभियुक्त सचिन को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्त सचिन पुत्र विजय प्रताप प्रसाद, उम्र करीब 26 वर्ष, निवासी इमलिया, थाना भिटौली, जनपद महराजगंज का रहने वाला है।पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण में हुई इस कार्रवाई को थाना श्यामदेउरवां पुलिस टीम ने अंजाम दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अंजनी कुमार एवं कांस्टेबल धीरज गिरि शामिल रहे। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 25 हजार का इनामी गैंगस्टर गब्बर तमंचे के साथ गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, भांवरकोल/गाजीपुर।**



स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार की रात वीरपुर मोड़ के पास 25 हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर व पशु तस्कर नाजिर हुसैन उर्फ गब्बर नट को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से .315 बोर का अवैध तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपित मनियां गांव का निवासी है।

थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि उपनिरीक्षक प्रमोद यादव हमराहियों के साथ वांछितों और संदिग्धों की तलाश में क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि थाने का एक वांछित वीरपुर मोड़ पर कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में तमंचा और कारतूस बरामद हुआ।

थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ स्थानीय थाने सहित जिले के अन्य थानों में गैंगस्टर एक्ट, गोवध तथा शस्त्र अधिनियम के कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक प्रमोद यादव, कांस्टेबल सुमित कुमार, आशीष कुमार और आदित्य मिश्रा शामिल रहे।

# जनपद स्तरीय कमेटी का चयन




**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना व मोपेड विथ आइस बॉक्स योजना अंतर्गत लाभार्थियों का जनपद स्तरीय कमेटी द्वारा चयन किया गया। लाभार्थी चयन हेतु गठित जनपद स्तरीय कमेटी की बैठक विकास भवन सभागार में सीडीओ की अध्यक्षता में हुई। सर्वप्रथम सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार द्वारा संचालित योजना के संबंध में समिति को अवगत कराया गया।उक्त बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत मत्स्य बीज कार्य हेतु रियरिंग यूनिट व मध्याकार आर. ए. एस.परियोजना के लिए कुल 12 लाभार्थियों के चयन के हेतु समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। साथ ही मत्स्य विपणन कार्य के लिए संचालित मोपेड विथ आइस बॉक्स परियोजना में कुल 5 लाभार्थियों का चयन समित द्वारा सर्वसम्मति अनुमोदन किया गया।बैठक में समिति के सदस्य के रूप में उपायुक्त मनरेगा, जिला कृषि अधिकारी, अधिशासी अभियंता सिचाई, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, वरिष्ठ कोषाधिकारी व मत्स्य निरीक्षक राम दवन एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सर्पदंश से महिला की मौत, दो मासूम बच्चों के सिर से उठा मां का साया

**समृद्धि न्यूज़, हलिया।** मिर्जापुर बरौंधा चौकी क्षेत्र के दिघुली गांव में गुरुवार को खेत की मेड़ पर घास काट रही महिला को विषैले सर्प ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे झाड़ फूंक कराने के साथ दवा पिलाने के लिए ले गए। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं दो मासूम बच्चों के सिर से मां का साया उठ जाने से गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। दिघुली गांव निवासी दुर्गावती पत्नी सुरेश गुप्ता गुरुवार सुबह करीब 10 बजे धान के खेत की मेड़ पर घास काट रही थीं। इसी दौरान घास के बीच छिपे विषैले सर्प ने उन्हें डस लिया। सर्पदंश के बाद उनकी हालत तेजी से बिगड़ने लगी। परिजन उन्हें झाड़ फूंक कराने के साथ दवा पिलाने के लिए ले गए लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर निकली जागरूकता रैली

- **कल आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत**
- **लोगों को त्वरित व सुलहपूर्ण न्याय का दिया संदेश**

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन एवं आमजन को इसके लाभों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को महाराजगंज में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में अधिवक्ताओं, न्यायिक कर्मचारियों, विधि के छात्रों एवं यातायात पुलिस ने सक्रिय सहभागिता की। रैली के माध्यम से नागरिकों को आगामी 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि लोक अदालत के माध्यम से सुलह योग्य एवं लंबित मामलों का त्वरित, सरल, सुलभ और आपसी सहमति के आधार पर निस्तारण कराया जा सकता है। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने आमजन को अपने लंबित एवं सुलह योग्य विवादों को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित कराने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान लोक अदालत के महत्व एवं इससे होने वाले लाभों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। यातायात पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन की देखरेख में रैली का संचालन सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से कराया गया।

# पीएम श्री विद्यालयों में नियमित रूप से आयोजित होंगी अभिभावक-अध्यापक बैठकें

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं समग्र शिक्षा के उद्देश्यों के अनुरूप प्रदेश के पीएम श्री विद्यालयों में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, समग्र विकास एवं गुणवत्तापूर्ण अधिगम सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों की सहभागिता को और प्रभावी बनाया जाएगा। इसी क्रम में प्रदेश के सभी पीएम श्री विद्यालयों में नियमित एवं प्रभावी अभिभावक-अध्यापक बैठक आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच नियमित संवाद स्थापित करते हुए विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति, अधिगम स्तर, मूल्यांकन परिणाम एवं कक्षा में सहभागिता आदि पर चर्चा की जाएगी। प्रत्येक विद्यार्थी की होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड में दर्ज अद्यतन प्रगति के आधार पर अभिभावकों को उनके बच्चे की शैक्षणिक स्थिति से अवगत कराया जाएगा।

बैठक से पूर्व विद्यालय स्तर पर व्यापक तैयारियां की जाएंगी। अभिभावकों को आमंत्रित करने के लिए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से आकर्षक निमंत्रण कार्ड एवं पोस्टर तैयार किए जाएंगे तथा लिखित संदेश, व्हाट्सएप संदेश एवं दूरभाष के माध्यम से भी अभिभावकों से संपर्क किया जाएगा। विशेष रूप से लगातार अनुपस्थित अथवा अधिक अनुपस्थिति वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों की बैठक में सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा।

विद्यालयों में पूर्व स्वच्छता, सजावट एवं बैठक व्यवस्था की समुचित तैयारी की जाएगी। शिक्षकों को कक्षावार अभिभावकों से संवाद एवं समन्वय की जिम्मेदारी दी जाएगी। अभिभावकों को विद्यालय में उपलब्ध पुस्तकालय, स्मार्ट कक्षाएं, टीएलएम, अकादमिक कैलेंडर, मीना मंच तथा अन्य शैक्षिक संसाधनों की उपयोगिता से भी परिचित कराया जाएगा।

# 15 से 29 वर्ष के युवाओं को नेतृत्व का अवसर देगा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027

**युवाओं को अपनी नेतृत्व क्षमता प्रस्तुत करने का मिलेगा अवसर**

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा युवाओं को विकसित भारत 2047 के निर्माण में सक्रिय भागीदार बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव के इस महत्वपूर्ण स्वरूप के माध्यम से 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को अपनी प्रतिभा, विचारों, नेतृत्व क्षमता एवं नवाचार को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर में अब तक 10 लाख से अधिक युवा ऑनलाइन क्विज में प्रतिभाग कर चुके हैं। जनपद गाजीपुर में भी 1500 से अधिक युवाओं ने क्विज में प्रतिभाग किया है। युवाओं में कार्यक्रम के प्रति उत्साह एवं सहभागिता लगातार बढ़ रही है। कार्यक्रम में अधिक से अधिक पात्र युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मेरा युवा भारत, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा विभिन्न शिक्षण संस्थानों द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। पात्र युवाओं को मेरा युवा भारत पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण एवं क्विज में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मेरा युवा भारत इस कार्यक्रम की कार्यान्वयन एजेंसी है तथा पंजीकरण प्रश्नोत्तरी एवं निबंध सहित विभिन्न ऑनलाइन चरण पोर्टल के माध्यम से संचालित किए जा रहे हैं। ऑनलाइन क्विज से राष्ट्रीय संवाद तक पांच चरण विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 के विकसित भारत चैलेंज ट्रैक में चयन की प्रक्रिया पांच चरणों में होगी। प्रथम चरण में ऑनलाइन क्विज, द्वितीय चरण में चयनित प्रतिभागियों के लिए 500 शब्दों का निबंध, तृतीय चरण में जिला स्तरीय चौंपियनशिप, चतुर्थ चरण में राज्य स्तरीय संवाद तथा अंतिम चरण में भारत मंडपम, नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागिता होगी। चयनित युवाओं को माननीय प्रधानमंत्री जी के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर भी मिल सकता है। ऑनलाइन क्विज चरण 17 अगस्त से 30 सितम्बर 2026 तक, निबंध चरण 5 से 19 अक्टूबर 2026, जिला चौंपियनशिप 10 से 16 नवम्बर 2026 तथा राज्य स्तरीय संवाद 17 नवम्बर से 7 दिसम्बर 2026 के बीच आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। राष्ट्रीय संवाद 10 से 12 जनवरी 2027 तक नई दिल्ली में आयोजित होगा। छह प्रमुख ट्रैक में युवाओं को मिलेगा राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी का अवसर विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027ए के अंतर्गत छह प्रमुख ट्रैक हैं। इनमें विकसित भारत चैलेंज ट्रैक प्रमुख है, जिसके अंतर्गत ऑनलाइन क्विज, निबंध, जिला स्तरीय चौंपियनशिप आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं का चयन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पांच अन्य ट्रैक सांस्कृतिक ट्रैक, डिजाइन फॉर भारत, हैक फॉर सोशल कॉज, युवा उद्यमी चुनौती तथा युवा संसद ट्रैक भी हैं। इन ट्रैक के माध्यम से युवा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। इन ट्रैक से संबंधित विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन आगामी समय में किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र के साभानिक एवं आर्थिक विकास में सक्रिय भागीदार बनाना, राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता को मजबूत करना तथा युवा नेतृत्व वाले समाधानों के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में उनकी भूमिका को सशक्त करना है। इच्छुक युवा 30 सितम्बर 2026 तक मेरा युवा भारत (डब्ल् टीडंज) पोर्टल के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 क्विज में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस का जागरूकता अभियान

**एंटी रोमियो टीम ने की चेकिंग**

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**



उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद में मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत पुलिस द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ आमजन को भी जागरूक किया गया। मिशन शक्ति अभियान को प्रभावी बनाने के क्रम में जनपद गाजीपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थित प्रमुख बाजारों, संवेदनशील स्थानों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त की गई। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने आमजन से संवाद स्थापित कर महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया तथा महिलाओं और बालिकाओं को निर्भीक होकर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन की एंटी रोमियो टीमों द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा शोहदों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की गई। पुलिस के इस अभियान का उद्देश्य महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाना, असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा का विश्वास मजबूत करना है। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत पुलिस द्वारा ऐसे अभियान लगातार जारी रखने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

### एनएसपीएस के शिक्षकों को दिए गए तनाव से निपटने के टिप्स

**समृद्धि न्यूज़, रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में गुरुवार को सीबीएसई के तत्वावधान में शिक्षकों के लिए 'तनाव प्रबंधन' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 60 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में धर्मेंद्र कुमार तथा अनामिका द्विवेदी रिसोर्स पर्सन ने शिक्षकों को तनाव के प्रमुख कारणों, उसके प्रभाव तथा तनावपूर्ण परिस्थितियों में धैर्य और सकारात्मक सोच बनाए रखने के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने बताया कि शिक्षकों के लिए तनाव प्रबंधन बेहद महत्वपूर्ण है।

# विंध्याचल ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की घोर लापरवाही

- **अटल चौक पर महीनों से पसरा अंधेरा**
- **कभी भी घट सकती है बड़ी दुर्घटना**

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।**



विंध्याचल विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल विंध्याचल के प्रमुख केंद्र अटल चौक पर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रखण्ड मीरजापुर की घोर लापरवाही के चलते इन दिनों अंधकार का साम्राज्य पसरा हुआ है। देश के कोने. कोने से प्रतिदिन हजारों.लाखों भक्त मां विंध्यवासिनी के दर्शन.पूजन के लिए यहां पहुंचते हैं लेकिन विंध्य धाम के मुख्य चौराहे पर महीनों से छाई बदहाली विभागीय उदासीनता की पोल खोल रही है। जानकारी के अनुसार ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा अटल चौक पर हाई मास्ट लाइट और मार्ग पर स्ट्रीट लाइटें लगवाई गई थीं। कुछ समय पूर्व आई तेज आंधी में हाई मास्ट लाइट जमींदोज हो गई थीए जिसे आज तक विभाग दोबारा नहीं लगा सका। हद तो यह है कि चौराहे के आसपास लगी स्ट्रीट लाइटें भी महीनों से बंद पड़ी हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसारए विभाग ने इन लाइटों की देखरेख और नियमित संचालन के लिए एक कर्मचारी की तैनाती कर रखी है। विभागीय निगरानी शून्य होने के कारण उक्त कर्मचारी पूरी तरह लापरवाह बना हुआ है। सरकारी तंत्र की इस अनदेखी का खामियाजा आम जनता और राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।

**हादसों और वारदातों का बना डार्क जोन**

शाम ढलते ही हाईवे स्थित अटल चौक घुप अंधेरे में तब्दील हो जाता है। प्रकाश व्यवस्था शून्य होने के चलते बीच सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है।

जिससे तेज रफ्तार वाहनों के टकराने और भीषण सड़क हादसों की आशंका बनी रहती है।